www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-27, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 06.07.2020 से 12.07.2020

मंत्रिमंडल का विस्तार

राज्यपाल ने नवनियुक्त मंत्रियों को दिलाई शपथ

शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल तथा मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मंत्रिमंडल के सदस्य।

भोपाल, राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने मध्यप्रदेश के नवनियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

मंत्रिमंडल विस्तार शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया था। समारोह में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम में 20 केबिनेट एवं 8 राज्यमंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। केबिनेट मंत्री के रूप में श्री गोपाल भार्गव, श्री जगदीश देवड़ा, श्री विजय शाह, श्री बिसाहूलाल सिंह, श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, श्री भूपेन्द्र सिंह, श्री एदल सिंह कंषाना, श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, श्री विश्वास सारंग, श्रीमती इमरती देवी, डॉक्टर प्रभुराम चौधरी, श्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया, श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, श्री प्रेम सिंह पटेल, श्री ओमप्रकाश सकलेचा, सुश्री उषा ठाकुर, श्री अरविंद भदौरिया, डॉ. मोहन यादव, श्री हरदीप सिंह डंग और श्री राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दत्तीगांव ने शपथ ली।

राज्यमंत्री के रूप में श्री भारत सिंह कुशवाहा, श्री इंदर सिंह परमार, श्री रामखेलावन पटेल, श्री राम किशोर कांवरे, श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, श्री गिरिराज डंडौतिया, श्री सुरेश धाकड़ और श्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास और पंचायत श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता श्री थावरचंद गहलोत, केंद्रीय राज्यमंत्री संस्कृति और पर्यटन श्री प्रहलाद पटेल, सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद सुश्री प्रज्ञा ठाकुर सहित राज्य मंत्रिमंडल के मंत्रीगण उपस्थित थे। शपथ विधि का संचालन मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने किया।

मध्यप्रदेश की जनता के लिए पूरे परिश्रम से जुटकर करेंगे कार्य

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नवगठित मंत्रिपरिषद की बैठक भोपाल स्थित मंत्रालय में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर समस्त मंत्रियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनसे राज्य की जनता के हित में पूरे परिश्रम से जुटकर कार्य करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि मंत्रीगण विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के सुझावों के अनुरूप समन्वय से कार्य करते हुए प्रदेश की जनता का कल्याण सुनिश्चित करें। कोरोना से लड़खड़ाई अर्थव्यवस्था भी धीरे-धीरे ठीक होगी और मध्यप्रदेश को बदलने में समय नहीं लगेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की साढ़े सात करोड़ जनता के लिए हमें कार्य करना है। हम अपने लिए नहीं बल्कि आमजन के लिए इस जिम्मेदारी को वहन करने के लिए पूरी योग्यता, परिश्रम और तनमयता से कार्य करें। मुझे आशा है कि समस्त मंत्रीगण सौंपे गए उत्तरदायित्व को कर्मठता से पूरा करेंगे। श्री चौहान ने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि मेहनत की पराकाष्ठा हो, पारदर्शिता हो और प्रमाणिकता भी स्थापित हो। उन्होंने कहा कि हमें टीम के रूप में कार्य करना है। मौजूदा कोरोना संकट ने अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है। इसके बावजूद हम पूरी क्षमताओं से, आनंद और प्रसन्नता के साथ कार्य करें। स्नेह, सौजन्य, मित्रता, सहयोग की भावना के साथ खुद के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए प्रदेश की जनता को स्वस्थ रखने और उन्हें विकास का लाभ पहुंचाने के पूरे प्रयत्न करें।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने मंत्रीगण से अनुरोध किया कि सोमवार और मंगलवार को राजधानी भोपाल में रहकर कार्य निष्पादन करें।

मध्यप्रदेश में जन सहयोग से कोविड-19 के नियंत्रण में मिली है सफलता

बैठक में श्री चौहान ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश में कोविड-19 के नियंत्रण के प्रयास सफल हुए हैं। कोरोना पॉजीटिव रोगियों का निःशुल्क उपचार शासकीय अस्पतालों और शासन द्वारा अनुबंधित निजी अस्पतालों में किया जा रहा है। प्रदेश में आईआईटीटी रणनीति के तहत कार्य हुआ है। सर्वप्रथम रोग की पहचान अर्थात् आईडेंटिफिकेशन फिर रोगियों के लिए आईसोलेशन की व्यवस्था के प्रयास किए गए। टेस्टिंग क्षमता बढ़ाते हुए ट्रीटमेंट की समुचित कार्यवाही की गई।

किल-कोरोना अभियान 1 जुलाई से प्रारंभ हुआ है इसके अंतर्गत घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मंत्रियों से आग्रह किया कि इस अभियान में शामिल होकर लोगों को जागरूक करने का कार्य करें। आयुर्वेदिक काढ़े की उपयोगिता सिद्ध हुई है। इसके प्रयोग के लिए भी आमजन को प्रेरित करें। श्री चौहान ने बताया कि वर्तमान में मुरैना क्षेत्र में पॉजीटिव प्रकरण मिलने के पश्चात् नियंत्रण के सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में कोरोना की ग्रोथ रेट अन्य राज्यों से कम है। भारत की औसत 3.63 ग्रोथ रेट के मुकाबले मध्यप्रदेश में यह ग्रोथ रेट आधे से भी कम सिर्फ 1.48 है। रिकवरी रेट में मध्यप्रदेश लगभग 75 प्रतिशत रोगियों को ठीक करते हुए देश में दूसरे नंबर पर है। नीमच, बुरहानपुर, ग्वालियर, सागर से अभी भी पॉजीटिव प्रकरण आने की सूचनाएं आती हैं। इसके अनुसार आवश्यक कदम भी तत्काल उठाए जा रहे हैं। श्री चौहान ने बताया कि देश में संक्रमण की दृष्टि से मध्यप्रदेश साढ़े तीन माह पूर्व चौथे क्रम पर था। वर्तमान में मध्यप्रदेश 13वें क्रम पर है। सोशल डिस्टेंसिंग के पालन, मास्क के उपयोग और कहीं भी न थूकने जैसी सावधानियों के पालन के साथ प्रदेशवासियों ने राज्य सरकार के प्रयासों में सहयोग दिया है।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम

मंत्रिपरिषद् के सदस्यों के लिए प्रेजेंटेशन में जानकारी दी गई कि प्रदेश में प्रतिदिन 9 हजार 800 कोरोना टेस्ट की क्षमता विकसित हो चुकी है। कुल 78 जांच लैब कार्य कर रही हैं। प्रदेश की औसत मृत्यु दर कभी 11 प्रतिशत से अधिक थी जो वर्तमान में 2 प्रतिशत से भी कम हो गई है। प्रदेश में रोगियों के लिए उपलब्ध करवाए गए सामान्य बेड, ऑक्सीजन बेड और आईसीयू बेड में से 17 प्रतिशत का ही इस्तेमाल हो रहा है।

वर्तमान में प्रदेश में 24 हजार 235 सामान्य बेड, 8 हजार 924 ऑक्सीजन बेड और 317 आईसीयू बेड उपलब्ध हैं। सार्थक एप के माध्यम से रोगियों के लक्षण की जानकारी मिलने और उपचार में सहायता मिल रही है। प्रदेश में 852 फीवर क्लीनिक कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री से मुलाकात

उम्मीद और मध्यप्रदेश विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रयास पुस्तिकाओं की प्रतियां भेंट कीं

नई दिल्ली, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से उनके निवास स्थान, 7 लोक कल्याण मार्ग में मुलाकात की। मार्च, 2020 में मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनकी प्रधानमंत्री से पहली मुलाकात थी।

मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को कोविड-19 के दौरान प्रदेश में वैश्विक महामारी से निपटने के लिए किये गये प्रयासों और उससे जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही इस वैश्विक महामारी से जुड़ी अन्य समस्याएं जैसे प्रवासी मजदूरों के लिए रोज़गार, लॉकडाउन के दौरान अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना आदि के बारे में भी विस्तार से बताया।

लगभग आधे घंटे चली मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को दो पुस्तिकाएं - 'उम्मीद' और 'मध्यप्रदेश विकास के लिए प्रतिबद्ध प्रयास' भेंट कीं। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित 'उम्मीद' पुस्तिका में प्रवासी श्रमिकों के लिए मध्यप्रदेश सरकार की सुनियोजित और संवेदनशील पहल का विस्तार से उल्लेख किया गया है। दूसरी पुस्तिका 'मध्यप्रदेश विकास के प्रतिबद्ध प्रयास में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सौ दिन के कार्यों का लेखा-जोखा दिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल के सफल 100 दिवस पूर्ण हुये

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री के रूप में सौ दिवस पूर्ण होने पर केंद्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित अन्य सांसदों, राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों और विधायक गणों ने हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में 100 दिन की इस अल्प अवधि में प्रदेश ने प्रगति के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। एक ओर जहां विश्वव्यापी कोरोना संक्रमण को प्रदेश में करारी शिकस्त दी गई, उसकी संक्रमण दर को न्यूनतम 1.44 प्रतिशत पर लाकर खड़ा कर दिया, वहीं दूसरी ओर प्रवासी मजदूरों को सफलतापूर्वक प्रदेश में लाकर उन्हें उनके कौशल के अनुरूप रोज़गार उपलब्ध कराया गया। प्रदेश के सभी पंजीकृत किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर खरीदने में प्रदेश ने ऑल टाइम रिकॉर्ड बनाया तथा पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडी कानूनों में ऐतिहासिक परिवर्तन कर किसानों को उनकी फसल का अधिकतम मूल्य दिलाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया। वहीं श्रम कानूनों में बदलाव कर एवं उद्योगों को सहूलियतें उपलब्ध करा कर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने एवं बड़ी संख्या में रोज़गार सृजित करने का कार्य किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

27 जून

कलर ब्लाइंड को भी जारी किए जाएंगे ड्राइविंग लाइसेंस

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब हल्के और मध्यम कलर ब्लाइंड लोग भी ड्राइविंग लाइसेंस हासिल कर सकेंगे। मंत्रालय ने कहा कि वह दिव्यांग नागरिकों को परिवहन आधारित सेवाएं विशेष रूप से ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराने के लिए कदम उठा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, दिव्यांग नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए परामर्श जारी किया जा चुका है, अब हल्के और मध्यम कलर ब्लाइंड लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए परामर्श जारी किया जा रहा है। हालाकि पूरी तरह कलर ब्लाइंड नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे।

● भारत में अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें 15 जुलाई तक स्थगित रहेंगी। यह आदेश नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने जारी किया है। डीजीसीए ने कहा कि भारत आने वाली और भारत से बाहर जाने वाली सामान्य यात्री अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर रोक जारी रहेगी। यह आदेश कार्गो विमानों और विमानन नियामक से मंजूर विशेष विमानों पर लागू नहीं होगा। भारत सरकार ने इस संबंध में सभी विमानन कंपनियों को सर्कुलर जारी किया है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण भारत में 23 मार्च से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगाई गई थी।

● कोरोना महामारी के बढ़ते संक्रमण के खतरे को देखते हुए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे नए शैक्षणिक सत्र में सिर्फ ऑनलाइन पढ़ाई ही कराएगा। इसके लिए आईआईटी बॉम्बे के अलग-अलग विभागों की कमेटियां प्रस्ताव तैयार कर रही हैं। ऑनलाइन पढ़ाई के लिये गरीब छात्रों को लैपटॉप देने की योजना भी बनाई जा रही है।

28 जून

विश्व बैंक ने भारत को शिक्षा में सुधार के लिए 3700 करोड़ रुपये का कर्ज स्वीकृत किया

● विश्व बैंक भारत में शिक्षा में सुधार से जुड़े कार्यों के लिए लगभग 3 हजार 700

THE WORLD BANK

करोड़ रुपये का कर्ज प्रदान करेगा। विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने भारत के छह राज्यों में शिक्षा में सुधार के लिए 50 करोड़ डॉलर (लगभग 3 हजार 700 करोड़ रुपये) के कर्ज को स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि का उपयोग स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ाने और स्कूलों के संचालन में सुधार लाने में किया जाएगा। इस राशि से 15 लाख स्कूलों के छह से 17 वर्ष की आयु के लगभग 25 करोड़ विद्यार्थियों और एक करोड़ से अधिक शिक्षकों को फायदा पहुंचेगा। भारत में विश्व बैंक के निदेशक जुनैद अहमद ने बताया कि टीचिंग लर्निंग एंड रिजल्ट्स फोर स्टेट्स कार्यक्रम के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के साथ भागीदारी में मूल्यांकन प्रणालियों को अच्छा करने जैसे कई कार्यों में मदद मिलेगी।

● कोरोना महामारी के कारण देशभर में लगाये गए लॉकडाउन से रेल यातायात प्रभावित हुआ है वहीं रेलवे ने लॉकडाउन के दौरान ट्रेनों के कम चलने का फायदा उठाते हुए लगभग 200 अति महत्वपूर्ण परियोजनाओं का काम पूरा कर लिया है। इनमें से कई परियोजनाएं सुरक्षा और ट्रेनों की गति बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती हैं। रेलवे के अनुसार लॉकडाउन के दौरान 82 पुराने रेल पुलों की मरम्मत की गई, वहीं कम ऊंचाई वाले 48 रोड अंडरब्रिज और 16 फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा किया गया। 14 पुराने फुट ओवरब्रिज हटाए गए, 7 रोड ओवरब्रिज तथा पांच रेलवे यार्ड को नया स्वरूप दिया गया। इसके अलावा 1-1 परियोजनाएं रेलवे लाइन दोहरीकरण तथा विद्युतीकरण से जुड़ी हैं। इनके अलावा 26 अन्य परियोजनाओं को भी पूरा किया गया है।

● वैज्ञानिकों ने कोरोना महामारी के मरीजों की न्यूरो संबंधी (न्यूरोलॉजिकल) समस्याओं का विस्तृत अध्ययन किया है। इस अध्ययन से कोरोना वायरस के लक्षणों की प्रणाली को समझने तथा इसके इलाज में मदद मिलेगी। यह अध्ययन ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल के शोधकर्ताओं ने किया है। यह अध्ययन अस्पतालों में वेहद गंभीर हाल में भर्ती 153 कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों पर किया गया है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने कोरोना महामारी से संबद्ध स्नायु तंत्र संबंधी विकारों और मनोवैज्ञानिक जटिलताओं का विस्तार से जिक्र किया गया है।

29 जून

नई आयकर स्कीम में कन्वेंस अलाउंस पर मिलेगी कर छूट

● केंद्र सरकार ने नई कर व्यवस्था के तहत् कर्मचारियों को नियोक्ताओं से प्राप्त कन्वेंस

INCOME TAX DEPARTMENT

अलाउंस पर आयकर पर छूट का दावा करने की सुविधा प्रदान की है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इसके लिए आयकर नियमों में वदलाव किया है। सीबीडीटी ने कहा कि नई आयकर स्कीम में टूर, तवादले और अन्य स्थितियों में मिलने वाला अलाउंस शामिल होगा, वशर्ते कि नियोक्ता की ओर से कन्वेंस सुविधा न दी गई हो। इसके अतिरिक्त दृष्टिहीन और मूक-वधिर निःशक्त कर्मचारी भी हर माह 3200 रुपये ट्रांसपोर्ट अलाउंस पर कर छूट ले सकेंगे। सीबीडीटी ने कहा कि सुविधाओं के मूल्यांकन में पेड वाउचर के माध्यम से नियोक्ता द्वारा खाद्य और गैर अल्कोहल वेवरेज देने पर कर छूट का लाभ नहीं मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कुछ कर छूटों का लाभ लिए विना कम दरों वाली वैकल्पिक आयकर स्कीम की घोषणा की थी।

● वीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने सभी स्वास्थ्य तथा जनरल वीमा कंपनियों को 10 जुलाई से कोरोना पर केंद्रित छोटी अवधि की स्वास्थ्य वीमा पॉलिसी जारी करने को कहा है। इरडा ने स्टैंडर्ड इंडेक्निटी वेस्ड (प्रतिपूर्ति आधारित) पॉलिसी 'कोरोना कवच' और स्टैंडर्ड वेनिफिट वेस्ड (लाभ आधारित) पॉलिसी 'कोरोना रक्षक' का ऐलान किया है। कोरोना कवच पॉलिसी में इलाज का पूरा खर्च दिया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा वीमित राशि के वरावर होती है। वहीं कोरोना रक्षक पॉलिसी में जांच के वाद वीमित राशि के वरावर राशि एकमुश्त दी जाएगी। इरडा ने कहा कि कोरोना पर केंद्रित होने के वावजूद कोरोना कवच पॉलिसी में वीमा अवधि के दौरान अन्य सभी वीमारियों का इलाज भी कवर होगा। इस पॉलिसी की अवधि 3 से 9 माह की होगी। इरडा ने सभी वीमा कंपनियों को अनिवार्य रूप से कोरोना कवच पॉलिसी जारी करने को कहा है, वहीं कोरोना रक्षक पॉलिसी को वैकल्पिक रखा है।

● कोरोना महामारी के कारण अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें वंद होने से विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए केंद्र सरकार ने वंदे भारत अभियान चलाया है। इस अभियान का चौथा चरण शुरू होने जा रहा है। चौथे चरण में एयर इंडिया 170 उड़ानें भरेगी। चौथे चरण में 17 देशों में भारतीय नागरिकों को वापस लाया जाएगा। इनमें श्रीलंका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, केन्या, फिलीपींस, किर्गिस्तान, सऊदी अरब, बांग्लादेश, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, म्यांमार, जापान, यूक्रेन और वियतनाम शामिल हैं।

30 जून

भारत में कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन को मिली मानव परीक्षण की मंजूरी

● भारत की पहली कोरोना वैक्सीन कोवाक्सिन को मानव परीक्षण के पहले

BHARAT BIOTECH

और दूसरे चरण की अनुमति मिल गई है। भारत की अग्रणी फार्मा कंपनी भारत वायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्था (एनआईवी) के साथ मिलकर यह वैक्सीन तैयार की है। भारत ने दवा नियामक सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इस वैक्सीन के ट्रायल को मंजूरी दी है। वैक्सीन का मानव परीक्षण जुलाई माह से शुरू होगा। भारत वायोटेक कंपनी द्वारा जारी वयान के अनुसार वैक्सीन को हैदराबाद के जीनोम वैली के वीएसएल-3 हाई कंटेनमेंट फैसिलिटी में विकसित किया गया है। कंपनी के अनुसार वैक्सीन के प्री क्लीनिकल ट्रायल के वेहतर नतीजे मिले हैं। यह वैक्सीन सुरक्षित है और इम्यून रेस्पॉन्स सिस्टम को तेज करती है।

● नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) में खाता खोलना अव और आसान हो गया है। महज एक ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) के जरिए एनपीएस खाता खोला जा सकता है। पेंशन कोष नियामक और विकास प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं को ओटीपी के जरिए एनपीएस खाता खोलने की अनुमति प्रदान की है। प्राधिकरण ने कहा कि यह कदम एनपीएस खाता खोलने की प्रक्रिया को आसान करने, डिजिटाइजेशन को बढ़ावा देने और योगदान के जरिए किए गए निवेश के रिटर्न अनुकूल वनाने के लिए उठाया गया है। वैंक के जो ग्राहक इंटरनेट वैंकिंग के माध्यम से एनपीएस खाता खोलना चाहते हैं, वे रजिस्टर्ड मोवाइल नंवर पर प्राप्त ओटीपी के जरिए खाता खोल सकते हैं।

● पश्चिम वंगाल के मिदनापुर जिले में मंदार्मानी गांव से लगे समुद्र तट पर 36 फीट लंवी व्हेल मछली मृत पाई गई। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में पहली वार व्हेल मछली दिखाई दी है। हालाकि यह साफ नहीं हो पाया है कि इस मछली की मौत कैसे हुई। इस वात की जांच की जा रही है कि मछली को किसी ने मारा है या फिर यह किसी दुर्घटना का शिकार हुई है।

1 जुलाई

क्लैट के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ी

● कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) 2020 परीक्षा इस वर्ष 22 अगस्त को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए अभ्यर्थी 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। यह निर्णय कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की वैठक में लिया गया। कंसोर्टियम द्वारा जारी एक वयान के अनुसार, क्लैट 2020 के लिए आवेदन 1 जुलाई से शुरू हो गया है और आवेदन 10 जुलाई तक होंगे। उल्लेखनीय है कि क्लैट के जरिए अभ्यर्थी लॉ यूनिवर्सिटीज में एलएलवी और एलएलएम कोर्स में दाखिला लेते हैं। यह परीक्षा ऑब्जेक्टिव टाइप होती है। इस परीक्षा में दसवीं और वारहवीं कक्षा के सिलेवस के आधार पर प्रश्न पूछे जाते हैं। यह परीक्षा इस वर्ष 10 मई को आयोजित होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसे आगे वढ़ाया गया है।

● भारत और चीन के वढ़ते तनाव के वीच तिव्वत के लोगों ने भारत का समर्थन किया है। कनाडा के टोरंटो शहर में क्षेत्रीय तिव्वती युवा कांग्रेस ने चीनी वाणिज्य दूतावास के वाहर चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और तिव्वत स्टैंड विथ इंडिया के नारे लगाए। इससे पहले तिव्वती युवा कांग्रेस ने न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी में भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था।

● यूरोपीय संघ की वायु सुरक्षा एजेंसी ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन (पीआईए) के उड़ान संचालन पर छह महीने की रोक लगाई है। यह रोक पाकिस्तान के पायलटों के प्रशिक्षण और लाइसेंस आवंटन में धोखाधड़ी का खुलासा होने के वाद लगाई गई है। वायु सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि जिन यात्रियों के पास पीआईए की वुकिंग है वो रिफंड प्राप्त कर सकते हैं या तारीख आगे वढ़ा सकते हैं।

2 जुलाई

यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा का केंद्र बदल सकेंगे अभ्यर्थी

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारतीय सिविल सेवा और भारतीय वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को वड़ी राहत देते हुए परीक्षा केंद्र वदलने की अनुमति प्रदान की है। यूपीएससी ने कहा कि इन दोनों परीक्षाओं के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों ने अपने परीक्षा केंद्रों को वदलने के लिए अनुरोध किया था। इस वर्ष अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा के लिए अपनी पसंद के परीक्षा केंद्र चुन सकेंगे। यूपीएससी ने कहा कि यह सुविधा कोरोना महामारी के हालातों को देखते हुए दी जा रही है। इस संवंध में आयोग की आधिकारिक वेवसाइट पर नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि यूपीएससी की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 04 अक्टूवर को आयोजित होगी।

● भारतीय रेलवे ने 230 स्पेशल ट्रेनों के लिए तत्काल कोटे में टिकटों की वुकिंग शुरू कर दी है। एसी कोच के लिए तत्काल कोटे से टिकट की वुकिंग सुवह 10 वजे से होगी, वहीं स्लीपर कोच के लिए टिकट की वुकिंग सुवह 11 वजे से होगी। ये टिकट आईआरसीटीसी की वेवसाइट या मोवाइल एप के जरिए वुक किए जा सकते हैं। रेलवे ने कहा है कि तत्काल वुकिंग एवं आवंटन जैसी अन्य शर्तें वैसे ही रहेंगी जैसे कि नियमित चलने वाली ट्रेनों में होती हैं।

● जर्मनी की वायोटेक कंपनी वायोएनटेक और अमेरिका की दवा कंपनी फाइजर द्वारा मिलकर तैयार की गई एक वैक्सीन का मानवों पर शुरुआती परीक्षण में अच्छे नतीजे देखने को मिले हैं। इन दोनों कंपनियों ने दावा किया कि वीएनटी 162 वी1 दवा के दो डोज का 24 स्वस्थ वॉलिंटियर्स पर परीक्षण किया गया था। 28 दिन वाद इन लोगों में कोविड-19 की एंटीवॉडी का स्तर ज्यादा देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि विश्व में लगभग 17 दवाओं का मानवों पर परीक्षण चल रहा है।

3 जुलाई

एनसीईआरटी ने प्राथमिक कक्षाओं के लिये जारी किया शैक्षणिक कैलेंडर

● राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) ने प्राथमिक

एन सी ई आर टी NCERT

NCERT

कक्षाओं के लिये वैकल्पिक शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया है। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने यह शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया। यह कैलेंडर पहली से पांचवीं कक्षा के वच्चों के लिये है। इस वैकल्पिक कैलेंडर की मदद से शिक्षकों को प्राथमिक स्तर के वच्चों को घर में पढ़ाने में मदद मिलेगी। श्री निशंक ने वताया कि सरकार विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों को लगातार जारी रखने के लिये प्रतिवद्ध है। इस कैलेंडर के द्वारा सभी विद्यार्थी, जिनके पास इंटरनेट सुविधा है या जिनके पास इंटरनेट सुविधा नहीं है, वो सभी शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। श्री निशंक ने वताया कि जव तक स्कूल नहीं खुल रहे हैं, तव तक इसका अनुसरण कर छात्र अपने घरों में स्कूल की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

● कोरोना महामारी के कारण राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन से यात्री रेलवे सुविधाएं प्रभावित हुईं, लेकिन मालभाड़ा सेवा यानी मालगाड़ियों ने रफ्तार पकड़ी है। भारतीय रेलवे ने 2.8 किलोमीटर लंवी मालगाड़ी चलाकर इतिहास रचा है। इस मालगाड़ी को शेषनाग नाम दिया गया है। यह अव तक की सवसे लंवी मालगाड़ी है। 251 वैगन वाली यह ट्रेन नागपुर से कोरवा के वीच संचालित हो रही है। इस मालगाड़ी में 6-6 हजार हॉर्स पावर (कुल 24 हजार हॉर्स पावर) के 4 इलेक्ट्रिक इंजन लगाये गये हैं। रेलवे ने कहा कि 3 से 4 रेलगाड़ियों को आपस में जोड़कर चलाने का अनोखा प्रयोग किया गया है, इससे मालगाड़ियों को भविष्य में रफ्तार दी जा सकेगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 27, 06.07.2020 से 12.07.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - परेश शाह (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

किल कोरोना अभियान का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 1 जुलाई से आगामी 15 दिन तक संचालित होने वाले किल कोरोना अभियान का भोपाल में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से जंग हम सबको मिलकर लड़ना है। हमारी जीत निश्चित है। हम सभी संकल्प लें कि मध्यप्रदेश को कोरोना मुक्त और रोग मुक्त बनायेंगे। उन्होंने कोरोना के खात्मे के लिये किल कोरोना अभियान में आम जन से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सार्थक लाइट एप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने डॉक्टर्स डे पर इस अभियान का शुभारंभ करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश में चिकित्सकों और अन्य पैरामेडिकल स्टाफ के समर्पित प्रयासों से कोरोना के नियंत्रण की वर्तमान स्थिति बनी है। डॉक्टर को भगवान माना जाता है, मध्यप्रदेश में भी इस मान्यता को चरितार्थ करते हुये चिकित्सकों ने इतिहास रचा है। उन्होंने दिन-रात लगातार संक्रमण से प्रभावित लोगों की सेवा की। बहुत से चिकित्सक रात्रि में अपने चार पहिया वाहन में ही सोये। कई चिकित्सकों ने अपने नवजात बच्चों का चेहरा भी नहीं देखा और अस्पताल में ड्यूटी पर बने रहने के कारण परिवार के सदस्यों से दूरी बनाये रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे चिकित्सक अभिनंदन के पात्र हैं। डॉक्टरों के साथ ही नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वाय, अन्य स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा बहनों ने भी सेवा का इतिहास रचा है। यह भावना न होती तो बीमारी विनाश की ओर ले जा सकती थी। श्री चौहान ने स्वैच्छिक संगठनों का भी आभार माना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के चमत्कारिक नेतृत्व से जहां पूरे देश में कोरोना नियंत्रण में सफलता मिली, वहीं मध्यप्रदेश में स्थिति अच्छी है। आईआईटीटी अर्थात् आइडेंटिफिकेशन संदिग्धों और मरीजों की जल्द पहचान, आइसोलेशन संदिग्ध मरीजों के पृथक वास और पुष्ट मरीजों को अस्पतालों के पृथक वार्ड में भेजना, टेस्टिंग, ज्यादा से ज्यादा नमूनों की जांच और इलाज की सुविधाएं बढ़ाने की रणनीति से रोग को नियंत्रित करने में सफलता मिलेगी। श्री चौहान ने कहा कि 3 माह पूर्व एक जांच लैब थी और सिर्फ 60 टेस्ट प्रतिदिन होते थे। अब हम प्रदेश में कोरोना की जांच के लिये 30 लैब विकसित करते हुये प्रतिदिन 9 हजार टेस्ट तक पहुंच गये हैं। प्रदेश का रिकवरी रेट लगभग 77 प्रतिशत है। यह अन्य प्रदेशों से अच्छा है। संक्रमण कम हो गया है। हमारी व्यवस्थाएं मजबूत हैं। हम निजी अस्पतालों का भी सहयोग ले रहे हैं। जिलों में आईसीयू बेड पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इंदौर और भोपाल में कोरोना को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। घर-घर में सर्वे से अब कोरोना पूरी तरह नियंत्रित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग 1 हजार फीवर क्लिनिक कार्य कर रहे हैं। 1 जुलाई से प्रारंभ अभियान में कोविड मित्र बनाये जा रहे हैं। आम जन से आह्वान है कि कोविड मित्र बनकर अभियान में सहयोग करें। व्यापक सर्वे के माध्यम से प्रदेश का प्रत्येक परिवार कवर करते हुये रोग मुक्त मध्यप्रदेश का लक्ष्य पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर रोग की पहचान और उपचार से यह घातक नहीं हो पाता और व्यक्ति स्वस्थ हो जाता है। प्रत्येक व्यक्ति किल कोरोना अभियान के अंतर्गत कोरोना के अलावा मलेरिया, डेंगू, डायरिया और सामान्य सर्दी-खांसी की जांच करवा कर इस जंग में विजयी होने में सहयोग प्रदान करें। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कोरोना से निपटने के लिये यह अभियान निश्चित ही सफल होगा और आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश पूर्णतः कोरोना से मुक्त होगा, ऐसी उम्मीद है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- महाद्वीपों और परतों के एक-दूसरे के पर्यायवाची होने की कल्पना के कारण, महाद्वीपीय बहाव और प्लेट विवर्तनिकी के मध्य उत्पन्न हुये भ्रम का शमन करने का एक स्रोत है। महाद्वीप और प्लेटें एक-दूसरे की पर्यायवाची नहीं हैं। महाद्वीप, परतों के केवल एक भाग का निर्माण करते हैं। प्लेट के चारों तरफ लगा हुआ सागर शेष परतों का निर्माण करता है। केवल महाद्वीप अकेले, घूमते या बहते नहीं हैं। यह पूरी परत, जिस पर महाद्वीप और महासागर स्थित हैं, घूमती है। इसलिये अब हम महाद्वीपों के बहाव के स्थान पर प्लेटों की गति की बात करते हैं।

सीमान्त प्लेट की रचनात्मक, ध्वंसात्मक या संरक्षात्मक बनावट के प्रकार के आधार पर अंदर की प्लेट की गति के संबंध में भी व्याख्या की जाती है।

रचनात्मक प्लेट गति को अटलांटिक महासागर में उदाहरण सहित समझाया गया है। किसी सागर के बीच पर्वत श्रेणी का निर्माण, नये सागर की उत्पत्ति के लिये लगातार जमीन तैयार करता है। यूरोप और अफ्रीका से अलग होकर अमेरिका का दूसरी तरफ घूमना इसी का परिणाम है। ध्वंसात्मक प्लेटों की गति सम्पूर्ण प्रशान्त महासागर के चारों तरफ पायी जाती है, जिसके कारण स्थलमंडल के चारों तरफ कई प्लेटें नीचे की तरफ खिसक रही हैं। संरक्षात्मक प्लेट गति, विध्वंसक भूकम्प का कारण बनती हैं। यह वहीं होता है, जहां निकटवर्ती प्लेटें स्थानान्तरण की गलती से एक-दूसरे से सटने लगती हैं। प्लेटों पर एकाएक दबाव के कारण भूकम्प आते हैं। इसके कारण पृथ्वी की पपड़ी का सीमान्त परत भाग ऊपर उठ जाता है और दूसरा झुक जाता है। भूकम्प क्षेत्र और वर्तमान में पर्वत निर्माण क्षेत्र दोनों घटनाएं साथ-साथ होती हैं।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस | 01 जुलाई

कोरोना संक्रमण की सबसे बड़ी ढाल हैं हमारे डॉक्टर्स

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

समूचे विश्व में जिन पेशों को प्रतिष्ठापूर्ण और सम्मान्य माना जाता है, उनमें डॉक्टर्स का पेशा अग्रगण्य है। विश्व में कोरोना संक्रमण के समय तो डॉक्टर्स कोरोना योद्धा के रूप में अपनी सबसे अहम पहचान बना चुके हैं। डॉक्टर्स ने अपने काम से ये दर्जा हासिल किया है। चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टर्स ने गहन शोध से कई बीमारियों की रोकथाम और उनके उपचार के स्तुत्य प्रयास किये हैं। डॉक्टर्स के समर्पण, कार्य के प्रति निष्ठा, ईमानदारी, लगन और उनके सेवाभाव को सम्मान देने के लिए और उनके अवदान की सराहना और उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के लिये प्रतिवर्ष 01 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने तो पिछले दिनों एक वेबीनार में कहा कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की तो हम बिना चिकित्सकों के अवदान के कल्पना भी नहीं कर सकते हैं, सच तो यह है कि चिकित्सक तो हमारे देश में सदैव प्रणम्य रहे हैं मगर कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में उनकी अभूतपूर्व भूमिका ने उन्हें पूज्य बना दिया है। अपनी जान को जोखिम में डालकर कोरोना पीड़ितों को बचाने में सन्नद्ध डॉक्टर्स सही मायनों में कोरोना योद्धा हैं।

भारत रत्न डॉ. बिधानचन्द्र रॉय की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिये मनाते हैं – डॉक्टर्स डे

भारत में डॉक्टर्स डे की शुरुआत वर्ष 1991 में भारत सरकार द्वारा की गई थी। तब से हर साल जुलाई की पहली तारीख राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के रूप में पहचानी जाती है। इस दिन को पूरे भारत में महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचन्द्र रॉय का सम्मान करने एवं उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए सुनिश्चित किया गया। डॉ. बिधानचन्द्र रॉय का जन्म 01 जुलाई 1882 को बिहार के पटना शहर में हुआ था और इसी दिन 80 साल बाद इनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कलकत्ता से अपना मेडिकल स्नातक का कोर्स पूरा करने के पश्चात वर्ष 1911 में लंदन में एम.आर.सी.पी. और एफ.आर.सी.एस. की डिग्री हासिल की और भारत वापस आकर उसी वर्ष उन्होंने भारत में एक चिकित्सक के रूप में अपना मेडिकल कॅरियर शुरू किया। वे देश के एक प्रसिद्ध चिकित्सक और प्रसिद्ध शिक्षाविद् के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानी भी थे। उन्होंने महात्मा गाँधी के द्वारा किये गये आंदोलनों में हिस्सा लिया था। बाद में वे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने। उन्हें वर्ष 1961 में भारत रत्न पुरस्कार से नवाजा गया था। इसके अलवा इनकी मृत्यु के बाद वर्ष 1976 में इन्हें याद करने के लिए डॉ. बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की स्थापना भी की गई। यह पुरस्कार उन्हें सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए था। अतः ऐसे महान व्यक्तित्व को सम्मान देने और याद करने के लिए ही डॉक्टर्स डे की शुरुआत की गई।

डॉक्टर्स की भूमिका पर होता है गंभीर विमर्श

एक नागरिक और एक स्वस्थ व्यक्ति के रूप में अपने परिवार, अपने समाज, अपने देश और मानवमात्र के लिये अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिये हर व्यक्ति को स्वस्थ रहना होता है और उसके स्वस्थ रहने की इस जरूरत को पूरा करने में उस व्यक्ति के जीवन में एक डॉक्टर अहम भूमिका निभाता है। जहां एक ओर लोगों के लिए डॉक्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं दूसरी ओर डॉक्टर्स भी अपने मरीजों के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समूची गंभीरता के साथ पूरा करते हैं। ऐसे में उनका सम्मान हमारे लिए गर्व की बात होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से भारत सरकार ने डॉक्टर्स के सम्मान के लिये एक दिन मुकर्रर किया जो डॉक्टर्स की भूमिका के प्रति एक जागरूकता अभियान के रूप में शुरू किया गया। यह एक वार्षिक उत्सव है जो आम लोगों को डॉक्टर्स की भूमिका, महत्व एवं उनके द्वारा की गई अनमोल देखभाल के बारे में जागरूक होने में मदद करता है। डॉक्टर्स के अवदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का यह वार्षिक उत्सव सभी डॉक्टर्स के लिए प्रोत्साहन का दिन होता है। यह जागरूकता अभियान सभी डॉक्टर्स को उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति जिम्मेदारी के निर्वहन के प्रति सचेत भी करता है और जीवन रक्षा के ध्येय के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। यह दिन उनके प्यार, स्नेह और रोगियों की अनमोल देखभाल के प्रति उनके समर्पण भाव के लिए धन्यवाद देने का दिन होता है। इसलिए इस दिन को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

कोरोना पर केन्द्रित है इस वर्ष की थीम

वर्ष 2020 में डॉक्टर्स डे की थीम - "COVID-19 की मृत्यु दर कम करना" है। कोरोना वायरस से आपको बचाते समय उच्च जोखिम में होते हैं डॉक्टर्स फिर भी वो कोरोना संक्रमण की मृत्यु दर को कम करने में जुटे हैं। वस्तुतः कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के दौरान कैसे डॉक्टर अपनी जान पर खेलकर मरीजों की देखभाल कर रहे हैं, उन्हें ठीक कर रहे हैं यह गौरव की बात है अतः हम सबको उनका अभिनन्दन करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ देना चाहिए। कोरोना काल में जिस तरह डॉक्टर्स मरीजों के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं उसके परिप्रेक्ष्य में यह दिन खास है और स्वयं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्विटर पर एक वीडियो के जरिए डॉक्टर्स को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ को सलाम करता है जो कोरोना से जंग में सबसे आगे हैं।

बहुआयामी आयोजन के साथ मनाया जाता है डॉक्टर्स डे

डॉक्टर्स के अमूल्य योगदान से परिचित होने और उनके अवदान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये विभिन्न व्यक्ति और संगठन इस दिन कई आयोजन करते हैं मुख्य रूप से सरकारी और निजी स्वास्थ्य संगठनों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस दिन चिकित्सा पेशे से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे स्वास्थ्य जांच, इलाज, रोकथाम, रोग का उचित उपचार आदि मुद्दों पर व्यापक चर्चा और गहन विमर्श करने से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस दिन स्वास्थ्य की देखभाल करने वाले संगठनों द्वारा कई स्वास्थ्य केन्द्रों और सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता के लिए कुछ चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किये जाते हैं, जो बिलकुल मुफ्त होते हैं। इसके अलावा इस दिन गरीबों एवं वरिष्ठ नागरिकों के बीच स्वास्थ्य की स्थिति, स्वास्थ्य को लेकर जरूरी विमर्श, स्वास्थ्य के लिये पोषण से जुड़ी सलाह, पुरानी बीमारियों के प्रति जागरूकता का आकलन करने के लिए जनरल स्क्रीनिंग टेस्ट शिविर भी आयोजित किये जाते हैं। हर किसी के जीवन में डॉक्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में जागरूक करने के लिए मुफ्त में ब्लड टेस्ट, रैंडम शुगर टेस्ट, ईसीजी, ईईजी, ब्लड प्रेशर चेकअप आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। युवा छात्रों को डेडीकेटेड मेडिकल प्रोफेशन की तरफ प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के स्तर पर कुछ गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं, मेडिकल टॉपिक्स पर चर्चा, क्विज प्रतियोगिता, खेल गतिविधियाँ, मेडिकल प्रोफेशन को मजबूत और अधिक जिम्मेदार बनाने के लिए नई और प्रभावी शैक्षिक रणनीतियाँ लागू करना एवं क्रिएटिव ज्ञान के लिए छात्रों को वैज्ञानिक उपकरण का लाभ पहुँचाने की बात भी की जाती है। हर साल जुलाई की 01 तारीख को अधिकतर मरीज अपने डॉक्टर्स को धन्यवाद करते हुए उन्हें ग्रीटिंग कार्ड, प्रशंसा कार्ड, ई कार्ड, फूलों के गुलदस्ते और मेल के माध्यम से ग्रीटिंग मैसेज आदि भेजते हैं। स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों, नर्सिंग होम या डॉक्टर्स द्वारा घरों पर विशेष मीटिंग, पार्टी एवं डिनर का आयोजन किया जाता है, ताकि मेडिकल प्रोफेशन के लिए डॉक्टर्स के दिन और उनके योगदान के महत्व को याद किया जा सके। इस तरह से इस विशेष दिन को अलग-अलग तरह के आयोजन कर मनाया जाता है।

इस वर्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और वेबीनार आयोजित किए गए

कोरोना वायरस महामारी के कारण इस बार देश के अलग-अलग हिस्सों में सेमिनार, सभा, समारोह आदि का आयोजन नहीं किया गया। डॉक्टरों द्वारा हर स्तर पर की जा रही कोशिशों के लिए उनका सम्मान करना जरूरी है अतः डॉक्टरों की हौसला अफजाई के लिए इस साल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा राज्य-स्तरीय वेबीनार और वर्चुअल बैठकें आयोजित की गईं। इस बीच जनप्रतिनिधि और विशेष शख्सियतों ने अस्पतालों में जाकर डॉक्टर्स का अभिनन्दन किया। कुछ वेबीनार कोरोना के उपचार के लिये बनने वाली दवाओं और निर्माणाधीन वैक्सीन पर भी हुए। इस दिन कोरोना संक्रमण के नियंत्रण में लगे डॉक्टर्स की प्रेरक कथाएँ भी मीडिया में जारी की गईं। इस दिन कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण में डॉक्टर्स की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना भी की गई।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 06 वर्ष 2020-21 भोपाल, दिनांक 24.06.2020

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु, निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 (डी-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) कार्यालय एवं अंतिम दिनांक व समय
2020_PWDRB_95467_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	कार्यालय मुख्य अभियंता राजधानी परिक्षेत्र लो.नि.वि. निर्माण भवन, अरेरा हिल्स भोपाल
2. चार इमली सेक्शन क्रमांक 1 (ई-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95469_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
3. चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 (बी-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95470_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
4. चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 (सी-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95471_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
5. चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 के आवासीय भवनों (डी-टाईप) में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95472_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
6. चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 के आवासीय भवनों (ई-टाईप) में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95474_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
7. चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 (बी-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95476_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
8. चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 (डी-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95478_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
9. चार इमली सेक्शन क्रमांक 3 के आवासीय भवनों (ईएन-टाईप) में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95479_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
10. चार इमली सेक्शन क्रमांक 4 (एफ-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95483_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
11. चार इमली सेक्शन क्रमांक 5 (ई-टाईप) के आवासीय भवनों में विभिन्न अनुरक्षण, साधारण एवं विशेष मरम्मत का कार्य।					
2020_PWDRB_95486_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	60.00	..... तदैव .....
12. पश्चिम उपसंभाग के सेक्शन क्रमांक-1 के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95488_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
13. पश्चिम उपसंभाग के सेक्शन क्रमांक-3 के अंतर्गत शासकीय आवासीय भवनों में रंगाई, पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95490_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
14. पश्चिम उपसंभाग के सेक्शन क्रमांक-3 के अंतर्गत शासकीय गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95492_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
15. पश्चिम उपसंभाग के सेक्शन क्रमांक-4 के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95495_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
16. पश्चिम उपसंभाग के सेक्शन क्रमांक-5 के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95496_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
17. पश्चिम उपसंभाग के सेक्शन क्रमांक-8 के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95498_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
18. जेल उपसंभाग अनुभाग क्रमांक-1 के सेक्शन क्रमांक-6 के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95501_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
19. जेल उपसंभाग अनुभाग क्रमांक-1 के सेक्शन क्रमांक-7 के अंतर्गत रंगाई पुताई का कार्य।					
2020_PWDRB_95502_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
20. दामखेड़ी भटखेड़ी मार्ग के कि.मी. 2/8, 7/4, बरखेड़ी देव से देवलपुरा मार्ग के कि.मी. 10/8, नजीराबाद मजीदगढ़ी मार्ग कि.मी. 15/4, सुहाया धतुरिया तिनस्याही मार्ग कि.मी. 3/4, बरखेड़ा याकूब से अर्जुनखेड़ा पुराखाना कि.मी. 2/8 में पुलिया विशेष मरम्मत कार्य।					
2020_PWDRB_95505_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	25.00	..... तदैव .....
21. पश्चिम उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक 2 ईदगाह हिल्स के अंतर्गत आवासीय भवनों में रंगाई-पुताई एवं पेंटिंग कार्य।					
2020_PWDRB_95507_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	40.00	..... तदैव .....
22. पश्चिम उपसंभाग के अनुभाग क्रमांक 2 ईदगाह हिल्स के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों में रंगाई-पुताई एवं पेंटिंग कार्य।					
2020_PWDRB_95509_1	भोपाल	सिविल कार्य	प्रथम	40.00	..... तदैव .....

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 17.07.2020** सायं 17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 22.07.2020 सायं 17.30 तक उपरोक्त कार्यालय में स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल विलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-12417/44084/2020 लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 08/सी.आर.एफ./वर्ष 2020-21/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र) भोपाल, दिनांक 22.06.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. लागत राशि (रु. लाख में)	भौतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
कार्य का नाम :- सी.आर.एफ. योजना अंतर्गत बालाघाट जिले के रजेगांव किरनापुर लांजी आमगांव के कि.मी. 27/6-8 में देव नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य।						
1.	2020_PWD_RB_94725_1	बालाघाट	पुल कार्य	प्रथम	1948.60	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स, भोपाल।
कार्य का नाम :- सी.आर.एफ. योजना अंतर्गत कार्य बालाघाट जिले के रजेगांव किरनापुर लांजी आमगांव के कि.मी. 38/6 में सोन नदी पर पुल, कि.मी. 50/8 सिंगोला नाला पर पुल एवं कि.मी. 52/10 में करजा नाला, पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।						
2.	2020_PWD_RB_94726_1	बालाघाट	पुल कार्य	प्रथम	2460.81	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स, भोपाल।
				कुल योग	**44.09.41**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.08.2020, (17:30)** बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 07.08.2020, (17:30) बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता
जी-12299/44076/2020 लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग भोपाल-(मिसरोद) - 462047

ई-मेल - eepwdnhbhopal@gmail.com, फोन नंबर - 0755-2488956

निविदा सूचना क्रमांक 03/ब.ले.लि./टेण्डर/2020-21 भोपाल, दिनांक 27.06.2020

निविदा सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	पोर्टल आई.डी. नम्बर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि रुपये	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	2020_PWDRB_95781_1	डिस्मेंटलिंग ऑफ रोटरी एण्ड कन्स्ट्रक्शन ऑफ वी.टी. रोड इन कि.मी. 4/10 आन एन.एच. 86 (एक्सटेंशन) एट प्रभात चौराहा भोपाल सिटी पोर्शन अण्डर विदिशा सब डिविजन (प्रथम आमंत्रण)	8.28 लाख	16560/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल)	2 माह वर्षाकाल सहित
2.	2020_PWDRB_95804_1	पेच रिपेयर वर्क इन भोपाल सिटी पोर्शन अण्डर विदिशा सब डिविजन (जोनल) (प्रथम आमंत्रण)	19.76 लाख	39520/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल)	2 माह वर्षाकाल सहित
3.	2020_PWDRB_95762_1	पेच रिपेयर वर्क एट कि.मी. 8.40 टू 14.00 आन एन.एच. 69 अण्डर विदिशा सब डिविजन (प्रथम आमंत्रण)	19.64 लाख	39280/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल)	2 माह वर्षाकाल सहित
4.	2020_PWDRB_95778_1	पेच रिपेयर वर्क एट कि.मी. 15.00 टू 21.70 आन एन.एच. 69 अण्डर विदिशा सब डिविजन (प्रथम आमंत्रण)	19.66 लाख	39320/-	केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल)	2 माह वर्षाकाल सहित
		कुल योग रु.	**67.34 लाख**			

इच्छुक निविदाकार आमंत्रित निविदा की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देख सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की दिनांक 27.06.2020 सायं **11.07.2020** सायं 5.30 बजे तक है। एवं भौतिक दस्तावेज लिफाफा (केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से) दिनांक 13.7.2020 सायं 5.30 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी। डाक में विलम्ब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर ही अपलोड किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-12370/44082/2020 लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग, संभाग भोपाल

SECTION - 1
Notice Inviting Tender
Directorate of Health Services
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
National Health Mission Division 2nd Floor Satpura Bhawan Bhopal

NIT. No. 06/2020-21/e-tendering/809 **Date: 27.06.2020**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria : (Two Cover and Three Cover:)

S. No.	Tenders No_ 2020_ DHS	Name of work	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit EMD (Rs.)	Tender Cost	Period of Com-pletion
1.	2020_ DHS_ 95079	Construction Work of Boundary Wall With Gate Cattle Trap Approach Road Water Proofing at PHC Napanera District Rajgarh.	12.40	24,800/-	2,000/-	04 Months Including Rainy Season
2.	2020_ DHS_ 95080	Strengthening Work of 07 SHC Building To Convert HWC At Block Jeerapur and Khilchipur District Rajgarh (List Enclosed)	54.70	54,700/-	10,000/-	10 Months Including Rainy Season
3.	2020_ DHS_ 95081	Strengthening Work of 13 SHC Building To Convert HWC At Block District Chhindwara (List Enclosed)	78.48	78,480/-	10,000/-	10 Months Including Rainy Season
4.	2020_ DHS_ 95082	Strengthening Work of 14 SHC Building To Convert HWC At Block Khairlanji District Balaghat (List Enclosed)	87.33	87,330/-	10,000/-	10 Months Including Rainy Season
5.	2020_ DHS_ 95083	Strengthening Work of 19 SHC Building To Convert HWC At Block Kurai and Barghat District Seoni (List Enclosed)	101.30	1,01,300/-	12,500/-	12 Months Including Rainy Season
6.	2020_ DHS_ 95084	Strengthening Work of 19 SHC Building To Convert HWC At Block Bhimpur, Chicholi and Ghodadongri District Betul. (List Enclosed)	122.24	1,22,240/-	12,500/-	12 Months Including Rainy Season

1. Interested bidders can view the detailed NIT on the website **https://mptenders.gov.in**
2. The Bid Document can be purchased only online from **01.07.2020, 10.30 AM to 15.07.2020, 17.30 PM.**
3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

Executive Engineer
National Health Mission,
2nd Floor Satpura Bhawan Bhopal

G-12433/44088/2020

SECTION - 1
Notice Inviting Tender
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
(GWALIOR DIVISION) NATIONAL HEALTH MISSION
8 Arera Hills, Bhopal

NIT. No. 02/2020-21/e-tendering/ **Date: 27.06.2020**

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria : (Two Cover and Three Cover System)

Tender No_ 2020_ DHS	Name of work	Probable Amount of Contract (Rs. in lakh)	Earnest Money Deposit EMD (Rs.)	Tender Cost (Rs.)	Period of Com-pletion
2020_ DHS_ 95782	Upgradation of 20 SHC Building to HWC Block Aron, Bamhori and bhaduara district Guna.	124.82	1,24,820/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95783	Upgradation of 17 SHC Building to HWC Block Raghavgarh and Beenaganj District Guna.	106.04	1,06,040/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95785	Upgradation of 23 SHC Building to HWC Block Eshagarh, Shadora and Chanderi District Ashok Nagar.	157.22	1,57,220/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95787	Upgradation of 26 SHC Building to HWC Block Badoda and Karhal District Sheopur.	162.50	1,62,500/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95788	Upgradation of 19 SHC Building to HWC Block Badarwas and Kolarash District Shivpuri.	118.75	1,18,750/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95789	Upgradation of 24 SHC Building to HWC Block Karera and Narwar District Shivpuri.	150.00	1,50,000/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95790	Upgradation of 20 SHC Building to HWC Block Pichhor District Shivpuri.	125.00	1,25,000/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95792	Upgradation of 19 SHC Building to HWC Block Satanwada District Shivpuri.	118.75	1,18,750/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95793	Upgradation of 20 SHC Building to HWC Block Khaniya Dhana District Shivpuri.	125.00	1,25,000/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95794	Upgradation of 23 SHC Building to HWC Block Bhander and Sewada District Datia.	143.38	1,43,380/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95796	Upgradation of 20 SHC Building to HWC Block Unaw District Datia.	125.00	1,25,000/-	12,500/-	12 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95798	Upgradation of 15 SHC Building to HWC Block Vijaypur District Sheopur.	93.75	93,750/-	10,000/-	09 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95800	Upgradation of 13 SHC Building to HWC Block Bhitawar District Gwalior.	81.22	81,220/-	10,000/-	09 Months I/R Season
2020_ DHS_ 95801	Upgradation of 15 SHC Building to HWC Block Pohari District Shivpuri.	93.75	93,750/-	10,000/-	09 Months I/R Season
भोपाल, वन स्टॉप सेंटर में पहुंचने वाली हिंसा प्रभावित महिला को चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के मद्देनजर अब पैरा-मेडिकल स्टाफ जिसमें प्रशिक्षित नर्स, एएनएम, एमबीबीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, यूनानी डॉक्टर्स को शिफ्ट के आधार पर चौबीस घंटे सेवाएं देनी होंगी। भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाइन अनुसार वन स्टॉप सेंटर पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन को जारी किये गये हैं।

वन स्टॉप सेंटर पर पैरा-मेडिकल स्टाफ की रोस्टर के आधार पर ड्यूटी लगाई जाएगी। हिंसा प्रभावित महिला/बालिका के सेंटर पहुंचने पर जीवन-रक्षक दवाइयां एवं प्राथमिकता चिकित्सा देकर अपने साथ अस्पताल में पहुंचाने की जिम्मेदारी पैरा-मेडिकल स्टाफ की होगी। उनके द्वारा लैंगिक उत्पीड़न संबंधी प्रकरणों में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल अनुसार मेडिकल-लीगल एवं फॉरेंसिक जांच तथा अन्य टेस्ट करवाना सुनिश्चित किया जायेगा।

जिला स्तर पर एमओएचएफ डब्ल्यू द्वारा जारी प्रोटोकॉल को स्थानीय भाषा में अनुवादित कर पैरा-मेडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों, वन स्टॉप सेंटर एवं प्रशासकीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रोटोकॉल निर्देशों को कैलेण्डर के रूप में विकसित कर वन स्टॉप सेंटर और सर्वे संबंधितों को प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त राज्य में संचालित शासकीय एवं अशासकीय अस्पताल, डॉक्टर्स के पूर्ण पते, निजी क्लीनिक एवं शासकीय एम्बुलेंस, शासकीय एवं निजी ब्लड बैंक की डायरेक्ट्री भी विकसित कर वन स्टॉप सेन्टर और संबंधितों को उपलब्ध कराया जायेगा।

किसानों को बोनी के पूर्व बीज और उर्वरक उपलब्ध कराएं - कृषि मंत्री

भोपाल, किसान सरकार की पहली प्राथमिकता में हैं, किसानों को बोनी से पहले समय पर आवश्यकतानुसार उर्वरक और बीज उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित कराया जाए। ये बातें किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय विभागीय समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अन्नदाता किसानों को किसी भी प्रकार से खाद-बीज संबंधी कोई भी दिक्कत न हो इसका भली-भांति ध्यान रखा जाए।

श्री पटेल ने निर्देश दिए कि जहां से भी खाद-बीज का परिवहन हो रहा है या जहां पर उन्नत किस्म के बीज तैयार किए जा रहे हैं, उन स्थानों से सैंपल लेकर सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज ही उपलब्ध हों। खाद-बीज की सैंपलिंग रिपोर्ट किसान के उपयोग के पूर्व आनी चाहिए।

श्री पटेल ने बीज वितरण करने वाली कंपनियों की मॉनीटरिंग के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद-बीज अमानक पाए जाने पर भण्डार को लॉक किया जाए। श्री पटेल ने कीटनाशक की एक ही लैब से जानकारी मिलने पर निर्देश दिए कि अतिरिक्त लैब की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

श्री पटेल ने चना उपार्जन कार्य की जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का चना समर्थन मूल्य पर अभी तक उपार्जित नहीं हुआ है उन सभी को एसएमएस के द्वारा सूचना दी जाए।

कृषि मंत्री श्री कमल पटेल भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये।

आवश्यकतानुसार गांव में डोंडी पिटवाई जाए और सभी जिलों में प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा लोगों को अवगत कराया जाए कि सरकार के द्वारा प्रत्येक किसान का चना उपार्जित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी किसान का चना उपार्जित होने से छूटना नहीं चाहिए। श्री पटेल ने शिवपुरी-हरदा सोसायटी की जांच रिपोर्ट 24 घंटे में प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित जिलों के कृषि उप संचालकों को दिए हैं।

कृषि मंत्री ने रैसलपुर उप-मंडी का किया ई-लोकार्पण

भोपाल, मध्यप्रदेश किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य कृषि बोर्ड तकनीकी संभाग के भवन एवं रैसलपुर उप-मंडी का ऑनलाइन ई-लोकार्पण किया।

श्री पटेल ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश के अन्नदाता किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सरकार समुचित निर्णय ले रही है।

कृषि मंत्री श्री कमल पटेल ने कहा कि अब किसान खेती के साथ-साथ अपनी जमीन पर उद्योग भी शुरू कर सकते हैं। वे वेअरहाउस व कोल्ड स्टोरेज भी बना सकते हैं। किसान व्यापार के लिए लाइसेंस ले सकते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार गरीबों के लिए बड़ी राहत – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के विस्तार से कोरोना के संकटकाल में गरीबों की मुश्किलें दुर होंगी तथा उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। यह योजना 30 जून तक लागू की गई थी, जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को निःशुल्क राशन प्रदाय किया जा रहा है। अब यह योजना नवम्बर माह तक के लिए बढ़ा दी गई है। योजना के अंतर्गत देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को लाभ मिलेगा। इस योजना के विस्तार पर 90 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च होंगे। योजना के अंतर्गत गरीबों को हर माह पांच किलो गेहूं या चावल निःशुल्क मिलेगा, साथ ही एक किलो चना भी दिया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग द्वारा 38 हजार 701 करोड़ रुपये के कार्य किये गये आरंभ

भोपाल, मध्यप्रदेश में लॉकडाउन खुलने के साथ ही मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिये सतत् रूप से प्रयत्नशील हैं। इसके लिये उन्होंने खासतौर पर मजदूरों को निरंतर मजदूरी उपलब्ध होना सुनिश्चित किया है। लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत कोरोना काल के संदर्भ में बड़े पैमाने पर कार्य आरंभ किये हैं। कुल मिलाकर 38 हजार 701 करोड़ 51 लाख रुपये के 4 हजार 247 कार्य आरंभ किये गये हैं। इन कार्यों में 20 हजार 745 श्रमिक कार्यरत हैं।

मुख्यमंत्री की मंशानुसार लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई द्वारा विभाग के कार्यों की सतत् मॉनीटरिंग की जा रही है। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई तथा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा कर अधिक से अधिक संख्या में मजदूरों को कार्य पर लगाये जाने पर बल दिया जा रहा है।

प्रमुख अभियंता लोक निर्माण के अन्तर्गत 28 हजार 211 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत के 3 हजार 394 कार्य आरंभ किये गये हैं जिनमें 1 हजार 427 श्रमिक कार्यरत हैं। इसी प्रकार प्रमुख अभियंता सड़क विकास निगम के तहत् 5 हजार 99 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत के 85 कार्य आरंभ किये गये हैं जिसमें 2 हजार 12 श्रमिक कार्यरत हैं। परियोजना संचालक परियोजना क्रियान्वयन इकाई के अन्तर्गत 5 हजार 390 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत के 768 कार्य आरंभ किये गये हैं जिनमें 17 हजार 306 श्रमिक कार्यरत हैं।

मध्यप्रदेश में 14 लाख 98 हजार प्रवासी श्रमिक परिवारों को लाया गया वापस

कैबिनेट की बैठक में राज्य शासन के निर्णयों पर दिया गया प्रेजेन्टेशन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ प्रदेश की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने राज्य शासन के 3 माह के निर्णयों से अवगत कराया।

प्रवासी श्रमिक आवागमन प्रबंधन

मंत्रिपरिषद् को बताया गया कि 14 लाख 98 हजार प्रवासी श्रमिक परिवार वापस आये। इनमें से 6 लाख 8 हजार श्रमिक ट्रेन/बस से वापस लाये गये। सरकार द्वारा अन्य साधनों से गृह स्थानों तक 8 लाख श्रमिकों को पहुंचाया गया। अन्य राज्यों के पांच लाख 5 हजार मजदूरों को बसें लगाकर सीमावर्ती राज्यों की सीमा तक छोड़ा गया। प्रदेश से होकर 150 श्रमिक स्पेशल ट्रेन चलाई गई। श्रमिकों के आवागमन के लिए 30 हजार से अधिक बसों के फेरे हुये। श्रमिकों के परिवहन एवं अन्य व्यवस्थाओं पर लगभग 150 करोड़ रुपये व्यय किये गये।

प्रवासी श्रमिक कल्याण

मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना 2020 शुरू कर 1 लाख 52 हजार श्रमिकों के खातों में 15 करोड़ 22 लाख रुपये की राशि जमा की गई। प्रवासी श्रमिक आयोग का गठन किया गया। श्रम सिद्धी अभियान में 25 लाख 30 हजार से अधिक श्रमिकों का नियोजन किया गया। लगभग 3 लाख 47 हजार प्रवासी श्रमिकों को नये जॉब कार्ड प्रदान किये गये। इनमें से 1 लाख 76 हजार श्रमिकों को मनरेगा में रोज़गार प्राप्त हुआ।

रोज़गार सेतु

रोज़गार सेतु पोर्टल प्रवासी मजदूरों एवं स्थानीय नियोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक लेबर मार्केट प्लेस के रूप में विकसित किया गया। पोर्टल पर 7 लाख 30 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिकों तथा 5 लाख 80 हजार से अधिक परिवार के सदस्यों (कुल 13 लाख 10 हजार से अधिक) का पंजीयन किया गया। अब तक 23 हजार 500 से अधिक नियोक्ता पंजीकृत हो गये हैं। साथ ही 11 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिकों को स्थानीय नियोक्ताओं द्वारा रोज़गार उपलब्ध करवाया गया।

गेहूं उपार्जन

गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर रहा। पचास दिनों में लगभग 16 लाख किसानों से 1 करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया है। देश के सभी राज्यों द्वारा कुल उपार्जित गेहूं का एक तिहाई मध्यप्रदेश में उपार्जन किया गया। 15 लाख 93 हजार किसानों के खातों में 24 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई । पूरी उपार्जन प्रक्रिया में एक भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हुआ।

किसान कल्याण

चना, सरसों और मसूर का उपार्जन पूर्ण किया गया। चने में दो प्रतिशत तक तिवड़ा होने पर उसकी समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई। प्रदेश के किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण दिये जाने का निर्णय भी लिया गया। 16 लाख किसानों को फसल बीमा का 3100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 72 लाख से अधिक किसानों को कुल 1700 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

मंडी कानून में सुधार

निजी क्षेत्रों में मंडियों की स्थापना के लिए प्रावधान किया गया। गोदामों, साइलों, और कोल्ड स्टोरेज को भी प्रायवेट मंडी घोषित किया जा सकेगा। कृषकों से मंडी के बाहर ग्राम स्तर से फूड प्रोसेसर, निर्यातकों, होलसेल विक्रेता और अंतिम उपयोगकर्ताओं को सीधे खरीदने का प्रावधान किया गया। मंडी समितियों का निजी मंडियों के कार्य में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। पूरे प्रदेश में एक ही लायसेंस से व्यापार करने का प्रावधान और ई-ट्रेडिंग के लिए प्रावधान किया गया।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना

इस योजना का क्रियान्वयन पुनः प्रारंभ किया गया। योजना के अंतर्गत श्रमिकों को दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख, अपंगता पर एक से दो लाख की अनुग्रह राशि नियत की गई। ऐसे 5 हजार बच्चे जो कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक लाएंगे उन्हें 30-30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया गया। प्रसूति सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, व्यवसाय के लिए सहायता का प्रावधान योजना में किया गया। प्रवासी श्रमिकों को संबल योजना से जोड़ा गया।

पंच–परमेश्वर योजना

मंत्रिपरिषद् को बताया गया कि पंच-परमेश्वर योजना को पुनः प्रारंभ किया गया। 14वें वित्त आयोग की 1555 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई । 75 प्रतिशत राशि नवीन अद्योसंरचना, 10 प्रतिशत पेयजल व्यवस्था, 7.5 प्रतिशत संधारण कार्यों में और 7.5 प्रतिशत राशि कार्यालयीन कार्य पर खर्च की जा सकेगी।

राशन व्यवस्था

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत 25 श्रेणी के पात्र परिवारों को 1 रुपये प्रति किलो की दर से मार्च से मई 2020 तक के राशन का अग्रिम प्रदाय मार्च में ही करवाने के तहत 1 करोड़ 16 लाख परिवारों को 7 लाख 71 हजार मीट्रिक टन खाद्यान्न प्रदाय किया गया। अन्यत्र फंसे, बेघर, बेसहारा तथा 32 लाख व्यक्तियों को (जिनके पास राशन कार्ड नहीं था) एसडीआरएफ मद से 3 लाख 64 हजार मीट्रिक टन खाद्यान उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत हितग्राहियों को अतिरिक्त रूप से अप्रैल से जून 2020 के लिए 5 किलो प्रति हितग्राही के मान से निःशुल्क चावल एवं 1 किलो दाल प्रति परिवार दी गई। इस योजना को अब नवम्बर 2020 तक बढाया गया है। प्रवासी मजदूर जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की पात्रता श्रेणी में शामिल नहीं हैं, ऐसे लगभग 2 लाख हितग्राहियों को भोजन की आवश्यकता की पूर्ति के लिए मई और जून 2020 का 10 किलो प्रति सदस्य गेहूं निःशुल्क प्रदाय किया गया है।

जीवन–अमृत योजना

मंत्रिपरिषद् की बैठक में बताया गया कि अब तक 3 करोड़ 35 लाख से अधिक व्यक्तियों को आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं यूनानी दवाओं के पैकेट्स/शीशियां तथा आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित किया गया। आयुर्वेदिक औषधि 'आरोग्य कशायम' के माध्यम से अब तक लगभग 2 हजार कोविड पॉजीटिव मरीज और 6970 क्वारेंटाईन मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। योजना पर अब तक 35 करोड़ 41 लाख रुपये का व्यय हुआ है।

जीवन शक्ति योजना

मंत्रिपरिषद् को बताया गया कि जीवन शक्ति योजना में 10 हजार से ज्यादा शहरी महिला उद्यमियों का पंजीयन किया गया। जिन्हें 20 लाख मास्क बनाने के कार्यादेश जारी किये गये। लगभग 10 लाख 12 हजार से अधिक मास्क तैयार होकर प्राप्त हुए। लगभग 4 लाख मास्क विक चुके हैं। इससे मास्क आपूर्ति और आजीविका दोनों का लाभ मिला है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोज़गार अभियान

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोज़गार अभियान के तहत मध्यप्रदेश के 24 जिलों का चयन किया गया। जहां से 25 हजार से अधिक श्रमिक रोज़गार की तलाश में अन्य प्रदेशों में जाते हैं। अभियान के अन्तर्गत 25 कार्यक्षेत्र चुने गये हैं और श्रमिकों को वर्ष में 125 दिन का रोज़गार दिया जाएगा।

शहरी पथ विक्रेता कल्याण योजना

योजना में सभी पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को 10 हजार रुपये तक व्यवसाय ऋण उपलब्ध कराने में सहायता का प्रावधान किया गया। ऋण पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान भारत सरकार द्वारा और शेष राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। अब तक 8 लाख से अधिक पथ विक्रेता पंजीकृत किये गये। इस योजना को ग्रामीण क्षेत्रों में भी राज्य योजना के रूप में विस्तारित करने का निर्णय लिया गया। योजना का लाभ 5 हजार या उससे अधिक की आबादी के कस्बों में डेढ़ लाख पथ विक्रेताओं को दिया जा रहा है।

पीसा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे मध्यप्रदेश के विद्यार्थी

भोपाल, मध्यप्रदेश के स्कूली विद्यार्थी अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली मूल्यांकन प्रक्रिया में भी शामिल होंगे। वैश्विक स्तर पर संचालित होने वाले प्रोग्राम फॉर इन्टर नेशनल स्टूडेंट्स असेसमेंट टेस्ट-पीसा (पीआईएसए) में मध्यप्रदेश के विद्यार्थी वर्ष 2024 में सम्मिलित होंगे। इस मूल्यांकन में छात्र-छात्राओं की वर्ष 2024 एवं 2027 में सहभागिता करने की दृष्टि से प्रारम्भिक तैयारियों एवं रणनीति तैयार करने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) के चेयरमैन श्री मनोज आहूजा, शैक्षिक निदेशक श्री जोजेफ इमानुअल तथा वर्ष 2021-22 में पीसा में सम्मिलित होने वाले केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के संचालक लोक शिक्षण श्री रूबिन्दर जीत सिंह करार के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा हुई।

बैठक के प्रारम्भ में सीबीएसई के चेयरमैन श्री मनोज आहूजा ने मध्यप्रदेश द्वारा पीसा में सम्मिलित होने के निर्णय की सराहना की तथा सीबीएसई के प्रतिनिधियों द्वारा पीसा की तैयारी हेतु तैयार की गई रणनीति की जानकारी दी।

बैठक में मध्यप्रदेश की प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने प्रदेश में किए जा रहे शैक्षिक प्रयासों पर चर्चा के साथ ही कोविड-19 के संकट काल में प्रदेश में शिक्षकों एवं बच्चों के लिए अपनाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान मध्यप्रदेश में स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं अन्य संसाधनों जैसे रेडियो, टेलीविजन का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है, के बारे में बताया गया।

डॉ. श्वेता सिंह, संयुक्त सचिव एकेडेमिक्स सीबीएसई द्वारा पीसा की तैयारियों के संबंध में सीबीएसई के अनुभवों के आधार पर एक विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसमें पीसा के अंतर्गत मुख्य रूप से पढ़ने की साक्षरता, गणितीय साक्षरता तथा विज्ञान की साक्षरता पर आधारित 21वीं सदी के कौशल जैसे क्रिटिकल थिंकिंग, प्रॉब्लम सॉल्विंग, डिजिटल साक्षरता, सोशल रिस्पांसिबिलिटी इत्यादि विकसित करने के लिए कक्षा कक्ष में शिक्षण पेडागाजी एवं असेसमेंट सिस्टम में एक बड़े परिवर्तन की आवश्यकता के साथ-साथ शैक्षिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से शालाओं में किए जाने वाले आवश्यक सुधारों पर आधारित बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी।

मध्यप्रदेश में वन महोत्सव को बनाएं जन आंदोलन - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वन महोत्सव के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनसाधारण में पौधरोपण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रति वर्ष वन महोत्सव मनाया जाता रहा है। प्रदेश की वन नीति का मुख्य आधार वनों के बेहतर प्रबंधन से पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय ग्राम समुदाय को रोज़गार उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन प्रबंधन में ग्रामीणों की सहभागिता को अधिक व्यावहारिक और पारदर्शी बनाने के लिए संयुक्त वन प्रबंधन को अपनाया गया है। प्रदेश की पर्यावरणीय सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए गैर वन भूमियों पर अधिकाधिक वृक्षारोपण करके हरित आवरण को बढ़ाने की आवश्यकता है।

श्री चौहान ने कहा कि हरे आवरण में वृद्धि के लिये कृषकों की भूमियों पर पौधारोपण के लिए प्रदेश में राज्य बांस मिशन एवं ग्रीन इंडिया मिशन द्वारा योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं की सफलता एवं प्रदेश को हरा-भरा बनाने में जनसाधारण की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। मिशन में योजनाएं संचालित कर किसानों को निजी भूमि पर वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे प्रदेश का वनाच्छादन भी बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वन महोत्सव को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए पौधारोपण के साथ ही पौधों की सुरक्षा भी करें। पौधरोपण के लिए निकट की वन रोपणी से संपर्क कर तकनीकी मार्गदर्शन तथा पौधे प्राप्त किए जा सकते हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चंबल क्षेत्र में कोरोना के नियंत्रण के लिए कमर कसें अधिकारी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान चंबल क्षेत्र में कोरोना महामारी के नियंत्रण के लिये वरिष्ट अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के चंबल क्षेत्र में कोरोना के नियंत्रण के लिए जिला कलेक्टरों सहित प्रभारी अधिकारियों से सजग रहकर समस्या बढ़ने के पूर्व ही नियंत्रण के प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मुरैना जिले में कोरोना की समीक्षा करते हुए कहा कि एहतियातन लगाये गये कर्फ्यू को जारी रखा जाए। पूरी क्षमता के साथ रोग नियंत्रण का कार्य हो। मुरैना जिले के प्रभारी अधिकारी प्रमुख सचिव श्री मलय श्रीवास्तव को उन्होंने स्थिति पर निरंतर निगाह रखने को कहा। 29 जून को मुरैना में 59 पॉजिटिव प्रकरण आने की जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चिंता व्यक्त की और मुरैना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

अब पूरी तरह समाप्त करेंगे कोरोना को

श्री चौहान ने कहा कि पिछले तीन माह में सभी के मिले-जुले प्रयासों से हम कोरोना को काफी हद तक नियंत्रित करने में सफल रहे हैं। कोरोना नियंत्रण की दिशा में मध्यप्रदेश देश के अन्य राज्यों के लिये उदाहरण बना है। मध्यप्रदेश की गतिविधियों को हाल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी सराहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले चरण में प्रदेश को कोरोना से पूर्ण मुक्ति दिलाने के लिये 'किल कोरोना' अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि मुरैना में रोगियों के लिए पर्याप्त बेड उपलब्ध हैं। संदिग्ध रोगियों को क्वारेंटाइन किए जाने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। बाहरी व्यक्तियों के आने से पॉजिटिव प्रकरण आए हैं। कर्फ्यू जारी रहने से सुधार परिलक्षित होगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी अपने प्रभार के क्षेत्रों की नियमित जानकारी प्राप्त कर किए जा रहे प्रयासों की सतत् समीक्षा करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि फीवर क्लीनिक पूरी क्षमता से कार्य करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंस और समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश कोरोना के नियंत्रण में अन्य प्रदेशों से बेहतर स्थिति में है। प्रदेश में ग्रोथ रेट 1.46 प्रतिशत है जो देश के औसत ग्रोथ रेट से 3.68 से आधे से भी काफी कम है। प्रदेश का रिकवरी रेट 76.5 प्रतिशत है जो प्रथम स्थान (राजस्थान) के 77.1 से थोड़ा ही कम है। प्रदेश में टेस्टिंग सुविधा विकसित होने के फलस्वरूप वायरस नियंत्रण में अच्छी सफलता मिली है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश में मेडीकल कॉलेजों में भी रिकवरी रेट काफी बेहतर हुआ। जबलपुर, इन्दौर, रतलाम, खंडवा मेडीकल कॉलेज सहित भोपाल के चिरायु मेडीकल कॉलेज में रिकवरी रेट 80 प्रतिशत और उससे अधिक है।

महिला उद्यमियों ने बनाये दस लाख से अधिक मास्क

भोपाल, नागरिकों को कम कीमत पर मास्क उपलब्ध करवाने और महिला उद्यमियों को रोजगार करवाने के उद्देश्य से शुरू की गयी जीवन शक्ति योजना में अभी तक महिला उद्यमियों द्वारा 10 लाख 11 हजार से अधिक मास्क बनाये जा चुके हैं। अब तक इन्हें एक करोड़ 9 लाख रुपये से अधिक राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। महिला उद्यमियों द्वारा बनाये गए मास्क निर्धारित दर (11 रुपये प्रति मास्क) पर जिला स्तर में खरीदे जा रहे हैं।

योजना के शुरू होने से अब तक मास्क बनाने के लिए 10 हजार 12 महिला उद्यमियों ने पंजीयन करवाया है। मुख्य रूप से जिला इंदौर में 827, भोपाल में 628, गुना में 538, जबलपुर में 499, ग्वालियर में 427, सतना में 415, सागर में 410, खरगौन में 172, छतरपुर में 265, नीमच में 230, रायसेन में 228, सीहोर में 225, रतलाम में 222, टीकमगढ़ में 223, विदिशा में 214, रीवा में 207, होशंगाबाद में 206, शिवपुरी में 173, खंडवा में 182, छिंदवाड़ा में 175, मंदसौर में 173 और धार में 169 महिला उद्यमियों ने मास्क बनाने के लिए पंजीयन करवाया है। उल्लेखनीय है कि महिला उद्यमियों को 2 करोड़ से अधिक राशि के लगभग 20 लाख मास्क बनाने के आर्डर दिये गए हैं।

एकीकृत विश्वविद्यालय प्रबंधन प्रणाली से विद्यार्थियों की शिकायतें करें दूर

राज्यपाल ने सॉफ्टवेयर की प्रक्रियात्मक व्यवस्थाओं की ली जानकारी

भोपाल, राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने एकीकृत विश्वविद्यालय प्रबंधन प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने सॉफ्टवेयर के विभिन्न माड्यूल और प्रक्रियात्मक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि एकीकृत प्रबंधन प्रणाली समय मर्यादा में भ्रष्टाचार विहीन व्यवस्था को सुनिश्चित करें।

श्रीमती पटेल ने कहा कि सॉफ्टवेयर में यह सुनिश्चित किया जाए कि छात्रों को सामान्यतः जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उनकी जो शिकायतें होती हैं, उनका निश्चित समाधान ऑनलाइन प्रणाली में हो। छात्रों से संबंधित कार्यों के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के कार्य सम्पादन की समय-सीमा निश्चित हो।

श्रीमती पटेल ने कहा कि इस कार्य में उदासीनता अथवा गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित करने की प्रक्रिया प्रबंधन प्रणाली में हो। ताकि उनके विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि किसी निर्णय और कार्य को करने की नियत प्रक्रियात्मक व्यवस्था का अनुपालन हुआ है अथवा नहीं इसकी मॉनीटरिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। नियत प्रक्रिया का अनुपालन किसी भी स्तर पर नहीं होने के संबंध में ऑटोमेटेड अलर्ट जनरेट होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक स्तर के कर्मचारी और अधिकारी के उत्तरदायित्वों की निगरानी को भी प्रबंधन प्रणाली में शामिल किया जाए। प्रणाली लापरवाह, उदासीन और गड़बड़ी करने वालों को चिन्हित भी करें। नस्तियों की संचालन प्रक्रिया का अनिवार्यतः पालन हो। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर अधिकारिता, उत्तरदायित्व के साथ ही कार्य की नियत समय सीमा भी प्रबंधन प्रणाली में सम्मिलित हो।

श्रीमती पटेल ने कहा कि प्रबंधन प्रणाली में तकनीकी सॉल्यूशन्स के साथ ही छात्र-शिक्षक, छात्र विश्वविद्यालय शिक्षक-विश्वविद्यालय समन्वय सॉल्यूशन्स होने चाहिए। कुलपति, शिक्षकों द्वारा उनके दायित्वों के पालन के प्रतिवेदनात्मकस्वरूप के स्थान पर सिस्टम आधारित रिपोर्ट विकसित होने की व्यवस्था की जाये। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षण और शोध आदि निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए रोड मैपिंग की व्यवस्था सॉफ्टवेयर में की जानी चाहिए।

प्रदेश के लिये 1 लाख 89 हजार 250 करोड़ रुपये की वार्षिक साख योजना निर्धारित

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार की कृषि क्षेत्र की प्राथमिकता को देखते हुए चालु वित्त वर्ष में वार्षिक साख योजना में कृषि में निवेश को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। प्रदेश के लिए वार्षिक साख योजना में 1 लाख 89 हजार 250 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 14 हजार 73 करोड़ रुपये अर्थात् 8.03 प्रतिशत ज्यादा है। इस वर्ष वार्षिक साख योजना का 71 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में निवेश किया जायेगा।

किसानों की आय दोगुनी करने के लिए वार्षिक साख योजना में कृषि निवेश पर सर्वाधिक जोर दिया गया है। कृषि में पूंजी निर्माण को प्राप्त करने के उद्देश्य से कृषि ऋण के लिए अधिक सीमा निर्धारित की गई है। हितधारकों के साथ क्षेत्रवार विश्लेषण और परामर्श के बाद ही जल संसाधन विकास, सिंचाई, भूमि विकास, पशुपालन एवं डेयरी विकास, उद्यानिकी आदि क्षेत्र में क्रेडिट प्रवाह निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान किसानों की आय को बढ़ाने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये सतत् प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से वार्षिक साख योजना में कृषि, पशुपालन और उद्यानिकी क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। प्रदेश के आर्थिक विकास में अन्नदाता किसान जितने मजबूत होंगे, प्रदेश उतना ही संपन्न होगा।

वार्षिक ऋण योजना में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिये 1 लाख 76 हजार 217 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया है। कृषि क्षेत्र में बड़ा हिस्सा 1 लाख 34 हजार 236 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। इसमें 96 हजार 864 करोड़ रुपये के फसल ऋण तथा 27 हजार 548 करोड़ रुपये के कृषि अवधि ऋण शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में निवेश प्रदेश में कुल बोया रकबे, कुल सिंचित क्षेत्र फसल की तीव्रता को देखते हुए निर्धारित किया गया है।

दुर्गम वन क्षेत्रों के ग्रामीणों और वनकर्मियों को आर्थिक सहायता

भोपाल, कोविड-19 के लॉकडाउन के दौरान टाइगर फाउण्डेशन ने दान-संग्रह के विशेष अभियान से 71 लाख रुपये एकत्रित कर दुर्गम वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों तथा वनकर्मियों की सहायता की। इसी प्रकार राष्ट्रीय उद्यानों में काम करने वाले गाइड तथा वाहन-चालकों को भी अस्थायी रोजगार उपलब्ध करा कर आर्थिक सहायता पहुँचाई गई।

दुर्गम संरक्षित क्षेत्रों में कार्यरत एक ही स्थान पर तैनात रहने वाले वनकर्मी सामान्यतः पेट्रोलिंग कैम्प में एक सप्ताह का ही राशन रखते हैं। टाइगर फाउण्डेशन सोसायटी ने वनकर्मियों के साथ ही गाइड्स, वाहन-चालक एवं दुर्गम वन क्षेत्रों के समीप निवासरत ग्रामीणों के लिये भी कई संस्थाओं और आमजन के सहयोग से 56 लाख रुपये जमा कर वनकर्मी और ग्रामीणों के लिये राशन तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लॉकडाउन के दौरान व्यवस्था की।

गंभीर कुपोषित बच्चों में

कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव के दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों में कोरोना वायरस संक्रमण के नियंत्रण एवं बचाव के दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं। उल्लेखनीय है कि गंभीर कुपोषित बच्चों में सामान्य बच्चों की तुलना में आम बाल्यकालीन बीमारियों से नौ से बीस गुना अधिक खतरा रहता है। अतः पोषण केंद्रों, एस.एम.टी.यू. एवं स्मार्ट यूनिट, एम्स भोपाल से भर्ती गंभीर कुपोषित बच्चों में कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण और बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

केंद्र में भर्ती संबंधी निर्देश

एन.सी.आर में भर्ती के समय समस्त बच्चों में कोविड-19 के लक्षणों(तेज बुखार के साथ सर्दी, खांसी व सांस लेने में तकलीफ) की जांच एवं कोविड-19 लक्षणात्मक बच्चों को कोविड-19 स्क्रीनिंग वार्ड में रेफर कर आइसोलेट किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। संक्रमण से बचाव के लिए शैय्याओं के बीच कम से कम एक मीटर की दूरी हो। वार्ड में संकुचित जगह की दशा में भर्ती बच्चों को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती बच्चों की माताओं के साथ दैनिक समूह परामर्श, प्ले थेरेपी, पौष्टिक आहार बनाने की विधि का प्रदर्शन आदि समस्त गतिविधियां आगामी आदेश तक स्थगित रहेंगी। भर्ती बच्चों की माताओं और देखभालकर्ताओं को वेड-टू-वेड व्यक्तिगत परामर्श दिया जायेगा। इस दौरान मास्क का प्रयोग तथा भर्ती बच्चों की माताओं और देखभालकर्ताओं से एक मीटर की दूरी रखी जाये। व्यक्तिगत परामर्श में भर्ती बच्चों की माताओं को रोग प्रतिरोधक क्षमता वृद्धि के लिए आवश्यक पोषक तत्वों, व्यक्तिगत स्वच्छता, कोविड-19 संक्रमण से बचाव एवं सामूहिक दूरी पर विशेष रूप से परामर्श दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

भर्ती बच्चों में चिकित्सकीय जटिलता सामान्य होने पर एन.आर.सी. से छुट्टी की जाये। किसी भी दशा में उन्हें एन.आर.सी. में अनावश्यक रूप से 14 दिन तक न रखा जाये। छुट्टी होने पर मां और देखभालकर्ता को बच्चे की घर पर की जाने वाली देखभाल संबंधी समझाइश एवं आवश्यक औषधि व मल्टी विटामिन सिरप प्रदाय की जाय। कोविड-19 की सक्रिय संचार अवधि से जुड़े खतरे को दृष्टिगत रखते हुए, छुट्टी प्राप्त समस्त बच्चों को 15 दिन के अंतराल से दूरभाष पर फॉलोअप किया जाये। केवल चिकित्सकीय जटिलता वाले बच्चों को ही एनआरसी में फॉलोअप के लिए बुलाया जाये।

एन.आर.सी. स्टाफ के लिए निर्देश

समस्त एनआरसी स्टाफ, भर्ती बच्चों की माताएं और देखभालकर्ता एवं भर्ती बच्चों द्वारा नियमित अंतराल से साबुन से हाथ धोने की क्रिया को व्यवहार में लाने के निर्देश दिए गए हैं। पोषण पुर्नवास केंद्र में प्रवेश पर हाथ धोना, हैंड सेनिटाइजर का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाये। इसके लिए हैंड सेनिटाइजर तथा साबुन-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एनआरसी में स्टाफ द्वारा प्रत्येक दो केस (बच्चों) के अंतराल पर हाथ धोना, हैंड सेनिटाइजर का उपयोग सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य होगा। भर्ती बच्चों व उनकी माताओं और देखभालकर्ता तथा एनआरसी स्टाफ में यदि कोविड-19 के लक्षण परिलक्षित हों तो दिशा-निर्देश अनुरूप मास्क का उपयोग किया जाये एवं उन्हें आवश्लोशन वार्ड में भेजा जाना सुनिश्चित किया जायेगा। एनआरसी में दैनिक उपयोग वाले उपकरणों तथा वजन मशीन, ऊंचाई तथा लंबाई मापन हेतु इनफैनटोमीटर, स्टाडियोमीटर, लैंग्थ मैट तथा डिजिटल थर्मोमीटर, बच्चों के खिलौने और चादरें आदि को नियमित रूप से साफ व कीटाणुरहित किया जाये।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

नयी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ती

विकास की परंपरा

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

"संकल्प अडिग है तो कोई भी परिस्थिति आपके मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। हमारी सरकार ने कोरोना काल के मुश्किल 100 दिनों में भी जनकल्याण एवं समावेशी विकास हेतु प्रतिबद्धता सिद्ध की है। जनता के सहयोग से अनेक जनकल्याणकारी कार्य अनवरत जारी रहेंगे और हम सब मिलकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करेंगे।"

- शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश सरकार के 100 दिन के महत्वपूर्ण कदम

कोरोना संक्रमण की रोकथाम
- IITT (Identification, Isolation, Testing, Treatment) फ्रेमवर्क।
- मुख्यमंत्री कोविड योद्धा कल्याण योजना – 2020 लागू।
- हर जिले में फीवर क्लिनिक की स्थापना। किल-कोरोना अभियान आरंभ।
- रिकवरी रेट – 19% से 77% तक पहुंचा।

प्रवासी श्रमिक कल्याण
- 14 लाख 98 हजार प्रवासी श्रमिकों के राशन, रोज़गार, आवास एवं परिवहन का प्रबंधन।
- मुख्यमंत्री प्रवासी मजदूर सहायता योजना – 2020 लागू।
- प्रवासी श्रमिक आयोग का गठन।
- प्रवासी श्रमिकों को संबल योजना से जोड़ा गया।

श्रम सिद्धि अभियान
- श्रम सिद्धि अभियान के अन्तर्गत 25 लाख 30 हजार से अधिक श्रमिकों का नियोजन। 3 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों को जॉबकार्ड।

रोज़गार सेतु
- रोज़गार सेतु पोर्टल प्रवासी मजदूरों एवं स्थानीय नियोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रॉनिक लेबर मार्केट प्लेस के रूप में विकसित।
- पोर्टल पर कुल 13 लाख 10 हजार से अधिक श्रमिक एवं 23 हजार 500 से अधिक नियोक्ता पंजीकृत।
- अब तक 11 हजार से अधिक प्रवासी श्रमिकों को उनकी कुशलता के आधार पर स्थानीय नियोक्ताओं द्वारा रोज़गार उपलब्ध कराया गया।

गेहूँ उपार्जन
- गेहूँ उपार्जन में मध्यप्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर।
- 50 दिनों में लगभग 16 लाख किसानों से 1 करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का उपार्जन।

किसान कल्याण
- चना (2 प्रतिशत तक तिवड़ा होने पर भी), सरसों और मसूर का उपार्जन पूर्ण।
- प्रदेश के किसानों को शून्य ब्याज दर पर ऋण दिये जाने का निर्णय।
- 16 लाख किसानों को फसल बीमा का 3100 करोड़ रुपये का भुगतान।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 72 लाख से अधिक किसानों को कुल 1700 करोड़ रुपये की राशि जारी।

मंडी कानून में सुधार लागू
- निजी क्षेत्रों में मंडियों की स्थापना हेतु प्रावधान।
- गोदाम, साइलों, कोल्ड स्टोरेज आदि भी प्रायवेट मंडी घोषित।
- फूड प्रोसेसर, निर्यातकों, होलसेल विक्रेता व अंतिम उपयोगकर्ता कर सकेंगे किसानों से सीधी खरीदी।
- मंडी समितियों का निजी मंडियों के कार्य में कोई हस्तक्षेप नहीं।
- पूरे प्रदेश में एक ही लायसेंस से व्यापार का प्रावधान।
- ई-ट्रेडिंग का प्रावधान।

चम्बल प्रोग्रेस-वे
- भिंड, मुरैना और श्योपुर होते हुए राजस्थान सीमा तक कुल 316 किलोमीटर लंबे चम्बल प्रोग्रेस-वे की कार्यवाही प्रारंभ।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना
- इस योजना का क्रियान्वयन पुनः प्रारंभ।
- डेढ़ करोड़ पात्र श्रमिकों को दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख, सामान्य मृत्यु पर 02 लाख, अपंगता पर 01 से 02 लाख की अनुग्रह राशि।
- ऐसे 5 हजार बच्चे जो 12वीं में सर्वाधिक अंक लाएंगे उन्हें 30-30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि।
- प्रसूति सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा एवं व्यवसाय के लिए सहायता का प्रावधान भी योजना में।

पंच-परमेश्वर योजना
- योजना पुनः प्रारंभ।
- 14वें वित्त आयोग की 1555 करोड़ रुपये की राशि जारी।

राशन व्यवस्था
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में 1.16 करोड़ परिवारों को 7.71 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न प्रदाय। अन्त्रय फंसे, बेघर, बेसहारा 32 लाख व्यक्तियों को 3.64 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न प्रदाय।

जीवन-अमृत योजना
- अब तक 03 करोड़ 35 लाख से भी अधिक व्यक्तियों को आयुर्वेदिक/होम्योपैथिक एवं यूनानी दवाओं के पैकेट्स/शीशियाँ तथा आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित।

जीवन-शक्ति योजना
- 10 हजार से ज्यादा शहरी महिला उद्यमियों का पंजीयन। बीस लाख मास्क बनाने के कार्यादेश जारी।
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा एक करोड़ से अधिक मास्क का निर्माण।

श्रम कानूनों में सुधार
- पंजीयन/लायसेंस अवधि को 30 दिन से घटाकर 01 दिन किया गया।
- 61 रजिस्टर और 13 रिटर्न के स्थान पर अब केवल एक रजिस्टर और एक ही रिटर्न।
- कारखानों/उद्योगों में श्रमिकों के लिए प्रतिदिन 08 घंटे के स्थान पर प्रति पाली 12 घंटे कार्य करने की अनुमति।

बिजली बिल राहत
- औद्योगिक उपभोक्ताओं के माह अप्रैल से जून, 2020 तक के बिजली बिलों के फिक्स चार्जेस की वसूली स्थगित।
- 1 करोड़ 11 लाख उपभोक्ताओं को 1150 करोड़ रुपये की राहत।

पीएम गरीब कल्याण रोज़गार अभियान
- मध्यप्रदेश के 24 जिलों का चयन जिसमें श्रमिकों को वर्ष में 125 दिवस का रोज़गार दिया जायेगा।

शहरी पथ-विक्रेता कल्याण योजना
- सभी पात्र बैंडर्स को रुपये 10 हजार तक व्यवसाय ऋण उपलब्ध होगा।
- अब तक 08 लाख से अधिक पथ विक्रेता पंजीकृत।

आत्मनिर्भर भारत
- उद्योगों को सहायता, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में रोज़गार, कृषि एवं अन्य संबद्ध सेवाओं में सहायता, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 02% का अतिरिक्त ऋण के रूप में राज्यों को सहायता।
- आत्मनिर्भर भारत अभियान के सभी पैकेजों पर रणनीति बनाकर कार्य प्रारंभ।

विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को

₹40 हजार 500 करोड़ का लाभ

आइये हम सब मिलकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनायें

D-11040/R-44095/2020

चर्चा में

डॉक्टर पल्लवी तिवारी

ब्रेन ट्यूमर रिसर्च में योगदान के लिये मिला अवॉर्ड

मध्यप्रदेश की बेटी डॉक्टर पल्लवी तिवारी को जॉनसन

एंड जॉनसन कंपनी ने डेढ़ लाख डॉलर (1.25 करोड़ रुपये) का अवॉर्ड घोषित किया है। डॉक्टर पल्लवी को यह अवॉर्ड उनके द्वारा ब्रेन ट्यूमर के क्षेत्र में किए जा रहे रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिये दिया गया है। डॉक्टर पल्लवी अमेरिका में वेस्टर्न रिजर्व यूनिवर्सिटी, क्लीवलैंड में बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

दक्षिण कोरिया में

सालाना फेस्टिवल खाली थियेटर में मनाया गया

दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल की योनसेई और

कोरिया यूनिवर्सिटी में सालाना फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कोरोना संक्रमण के खतरे की वजह से सोशल डिस्टेंसिंग रखते हुये इसे लाइव स्ट्रीमिंग फेस्टिवल के रूप में मनाया गया। यानी इसका ऑनलाइन प्रसारण किया गया। थियेटर पूरी तरह खाली रखा गया था। वहां सिर्फ प्रस्तुति देने वाले कलाकारों को इजाजत थी।

वादाम का

वायदा कारोबार शुरू करने वाला पहला देश बना भारत

बीएसई में वादाम का वायदा कारोबार शुरू हो गया है।

भारत वादाम का वायदा कारोबार शुरू करने वाला पहला देश बन गया है। इसे बाजार नियामक सेबी से पहले ही मंजूरी मिल गयी थी। बीएसई के अनुसार कारोबार की इकाई 1,000 किलो और अधिकतम ऑर्डर का आकार बीस हजार किलोग्राम है। इनके लिये डिलीवरी की यूनिट एक हजार किलोग्राम होगी। इन्हें नवी मुंबई में डिलीवर किया जायेगा। गौरतलब है कि सबसे ज्यादा बादाम की पैदावार अमेरिका में होती है, उसके बाद स्पेन और ऑस्ट्रेलिया बादाम उत्पादन में क्रमशः दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

कराटे विश्व चैंपियनशिप

वर्ष 2021 तक के लिये स्थगित

विश्व कराटे महासंघ ने इस वर्ष दुबई में नवंबर में होने

वाली कराटे विश्व चैंपियनशिप को वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' के मद्देनजर वर्ष 2021 तक के लिये स्थगित किये जाने की घोषणा की है। संचालन समीति ने 17 से 22 नवंबर 2020 के लिये निर्धारित इस चैंपियनशिप को एक वर्ष के लिये स्थगित करने की मंजूरी देते हुये नई तारीख 16 से 21 नवंबर 2021 में आयोजन की अनुमति प्रदान कर दी है।

वसीमा शेख

महाराष्ट्र पीएससी में महिला टॉपर्स की लिस्ट में तीसरा स्थान पाया

महाराष्ट्र पब्लिक सर्विस कमीशन (एमपीएससी) में

महिला टॉपर्स की लिस्ट में तीसरा स्थान पाने वाली वसीमा शेख अब डिप्टी कलेक्टर बनेंगी। फिलहाल वे सेल्स टैक्स इंस्पेक्टर के पद पर काम कर रही हैं। उनके भाई ने रिक्शा चलाकर होने वाली आय से वसीमा को पढ़ाया है। नांदेड़ के सांगवी नाम के छोटे से गांव की रहने वाली वसीमा के पिता मानसिक रूप से बीमार हैं। उनकी माँ दूसरों के खेतों पर काम करके घर चलाती थीं। वसीमा अपने परिवार की पहली ग्रेजुएट सदस्य हैं।

चित्रा श्रीनिवासन, रितु गर्ग, बरनाली घोष, अनुपा शाह और कुसुम त्रिखा

ब्रिटेन की शीर्ष 50 महिला इंजीनियरों में शामिल

यूके एटॉमिक एनर्जी अथॉरिटी की चित्रा श्रीनिवासन

सहित पांच भारतवंशी महिलाओं ने इस साल की ब्रिटेन की शीर्ष 50 महिला इंजीनियरों की सूची में जगह बनाई है। श्रीनिवासन यूकेएईए की फ्यूजन रिसर्च लैब में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। इनके अलावा ट्रांसपोर्ट इंजीनियर रितु गर्ग, भूविज्ञान इंजीनियर बरनाली घोष, जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ अनुपा शाह और सीनियर इंजीनियर कुसुम त्रिखा के नाम भी सूची में हैं। शीर्ष महिला इंजीनियरों के नामों की घोषणा 'महिला इंजीनियरिंग दिवस' पर की गई है।

माइकल मार्टिन

आयरलैंड के प्रधानमंत्री बने

फियाना फाल पार्टी के 59 वर्षीय नेता माइकल मार्टिन

आयरलैंड के नये प्रधानमंत्री चुने गये हैं। संसद में हुई एक विशेष बैठक में उनका चुनाव किया गया। मार्टिन को 63 वोटों के मुकाबले 93 वोट मिले हैं। मार्टिन अपनी पार्टी के अलावा दो अन्य दलों फाइन गेल और ग्रीन पार्टी के गठबंधन का नेतृत्व करेंगे। देश में गृहयुद्ध के बाद पहली बार फियाना फाल और फाइन गेल साथ आई हैं।

अर्जेंटीना में

क्रांतिकारी नेता चेग्वेरा का जन्म स्थान बेचने की तैयारी

बीसवीं सदी के क्रांतिकारी एर्नेस्टो चेग्वेरा का जन्म

स्थान अर्जेंटीना के रोजारियो शहर में स्थित है, जो अब बिकने जा रहा है। इसे 2002 में अर्जेंटीना के व्यवसायी फ्रांसिस्को फर्ग्लिया ने खरीदा था। फ्रांसिस्को अब 2580 वर्गफुट के इस घर को बेचना चाहते हैं। फिलहाल घर की कीमत तय नहीं है। पहले इसे सांस्कृतिक केंद्र बनाने की योजना थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

मासायोशी सोन

अलीबाबा ग्रुप के बोर्ड से इस्तीफा दिया

जापान के सॉफ्ट बैंक ग्रुप कॉरपोरेशन के संस्थापक

मासायोशी सोन ने चाइनीज ई-कॉमर्स फर्म अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग लिमिटेड के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। मासायोशी ने कहा कि अलीबाबा में किया गया उनका निवेश अब तक का सबसे सफल निवेश है। टोक्यो में शेयर धारकों को संबोधित करते हुये मासायोशी ने कहा कि जैक मा के सॉफ्ट ग्रुप छोड़ने के कारण उन्होंने अलीबाबा बोर्ड से इस्तीफा दिया है।

'ई-क्लड सर्विस' एप

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने किया शुभारंभ

कोविड-19 के खिलाफ जंग को मजबूती देने के लिये केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर

हर्षवर्धन ने ई-क्लड सर्विस एप का शुभारंभ किया। शुभारंभ के मौके पर उन्होंने बताया कि भारतीय रेड क्रॉस ने जरूरतमंदों तक रक्त की आपूर्ति को सरल बनाने के लिये यह एप बनाया है। शुरुआती दौर में इसकी सेवा दिल्ली में लागू की जा रही है। उन्होंने बताया कि जरूरत के वक्त मरीजों के परिजन रक्त के लिये एक जगह से दूसरे जगह परेशान होकर दौड़ते हैं। इस एप से यह परेशानी खत्म होगी।

नासा ने

अपने मुख्यालय का नाम मैरी डब्ल्यू जैक्सन के नाम पर रखा

नासा ने अपने मुख्यालय का नाम नासा की पहली

अफ्रीकी-अमेरिकी महिला इंजीनियर मैरी विंस्टन जैक्सन के नाम पर रखने का फैसला किया है। मैरी ने अपने इंजीनियरिंग कैरियर में कई रिपोर्टों और शोधों पर कार्य किया। 1985 में नासा से रिटायर हुई जैक्सन की 2005 में मृत्यु हो गई थी।

विश्व बैंक ने

बांग्लादेश को सड़क कनेक्टिविटी के लिये 50 करोड़ डॉलर की मंजूरी दी

विश्व बैंक ने बांग्लादेश के पश्चिमी क्षेत्रों में सड़क

कनेक्टिविटी में सुधार के लिये 50 करोड़ डॉलर की मंजूरी दी है। विश्व बैंक ने बांग्लादेश के जाशोर-जनेहदह गलियारे में सड़क कनेक्टिविटी के विकास के लिये यह राशि प्रदान की है। बांग्लादेश और भूटान के लिये विश्व बैंक की कंट्री निदेशक मर्सी टेम्थोन ने कहा कि बांग्लादेश की यह परियोजना क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करेगी।

ओबामा ने

जो बाइडेन के अभियान के लिये जुटाये 110 लाख डॉलर

न्यूयॉर्क में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जो

बाइडेन ने जीत हासिल करने के साथ ही चुनाव के लिये 110 लाख डॉलर की धनराशि एकत्र कर ली है। यह राशि जुटाने में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने मदद की है। गौरतलब है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुना नवम्बर में होने हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने समर्थकों से जो के पक्ष के लिये अपील की है।

योग गुरु डॉक्टर एच.आर. नागेन्द्र

अमेरिका की योग यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष बने

लॉस एंजिलिस में पहली योग यूनिवर्सिटी की स्थापना

कर दी गई है। विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास के ऑनलाइन कार्यक्रम में विवेकानंद योग विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। स्वामी विवेकानंद योग फाउंडेशन के कुलाधिपति एवं प्रख्यात योग गुरु डॉक्टर एच.आर. नागेन्द्र इसके पहले अध्यक्ष मनोनीत किये गये हैं।

हाई स्पीड मैग्लेव ट्रेन का

चीन ने किया सफलतापूर्वक परीक्षण

चीन ने हवाई जहाज की रफ्तार से दौड़ने वाली ट्रेन का

सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। 600 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से चलने वाली मैग्लेव ट्रेन मैग्नेटिक सिस्टम से चलती है। लोकोमोटिव कंपनी सीआरसीसी सिफांग कॉर्प का दावा है कि उच्च गति वाला मैग्लेव परिवहन हवाई जहाज की यात्रा से कई गुना बेहतर, तीव्र और सुविधा पूर्ण है।

कोरोना संक्रमण के कारण

78वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की तारीख टली

कोरोना संक्रमण के चलते एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के

प्रतिष्ठित ऑस्कर और बाफ्टा के बाद 78वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड समारोह की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। हॉलीवुड फॉरेन एसोसिएशन ने घोषणा करते हुये कहा कि अब यह कार्यक्रम 28 फरवरी 2021 को कैलिफोर्निया में आयोजित किया जायेगा। इसका लाइव प्रसारण 5 से 8 बजे एनबीसी और ईटी पर बेवर्ली हिल्स के बेवर्ली हिल्टन, कैलिफोर्निया से होगा।

आशुतोष आनंद

सबसे कम उम्र के अपर महाधिवक्ता बने

झारखंड हाईकोर्ट में सरकार का पक्ष रखने के लिये चार

नये अपर महाधिवक्ता सहित अन्य विभागों के सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति कर दी गई है। इसमें आशुतोष आनंद सबसे कम उम्र के (39 वर्ष में) अपर महाधिवक्ता बने हैं। आशुतोष के साथ दर्शना पोद्दार मिश्रा, सचिन कुमार और अशोक कुमार को भी अपर महाधिवक्ता बनाया गया है।

निखिल राठी

ब्रिटेन के वित्तीय आचरण प्राधिकरण के सीईओ बने

ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक ने भारतीय मूल के

निखिल राठी को देश के वित्तीय आचरण प्राधिकरण (एफसीए) का नया सीईओ नियुक्त किया है। राठी वर्तमान में लंदन स्टॉक एक्सचेंज के प्रमुख भी हैं। भारतवंशी सुनक के अनुसार इस महत्वपूर्ण नियुक्ति के लिये लंबी प्रक्रिया अपनाई गई थी। वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभवों को देखते हुये निखिल बेहतर साबित होंगे।

इयोन रियु

महिला गोल्फर ने दो लाख डॉलर की धनराशि दान की

विश्व की पूर्व नंबर एक महिला गोल्फर और दो

बार की मेजर चैंपियन सो इयोन रियु ने कोरियाई ओपन गोल्फ टूर्नामेंट जीतने पर मिली 2,00,000 डॉलर से अधिक की इनामी राशि कोरोना वायरस से पीड़ितों के सहायतार्थ दान कर दी है। रियु ने यह 2018 में जापान ओपन के बाद पहला खिताब जीता है।

स्मृति शेष

इराक के दिग्गज फुटबॉलर अहमद राढी का निधन

कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण इराक के

दिग्गज फुटबॉलर अहमद राढी का निधन हो गया। 56 वर्षीय अहमद राढी कोविड-19 की पॉजिटिव जांच के बाद अस्पताल में भर्ती करवाये गये थे। अहमद ने अपने देश के लिये 121 मैच खेले तथा 62 गोल किये।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्रशंसा से बचो क्योंकि यह आपके व्यक्तित्व की अच्छाइयों को घुन की तरह चाट जाती है – चाणक्य

नर्सिंग चयन परीक्षा की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भौतिकी

1. एक धारावाही कुण्डली का क्षेत्रफल A है तथा इसमें I एम्पीयर की धारा प्रवाहित हो रही है। कुण्डली से बने चुम्बकीय द्वि-ध्रुव की ध्रुव प्रबलता m तथा लम्बाई L है। अतः m का मात्रक होगा :
(A) एम्पीयर/मीटर
(B) एम्पीयर/मीटर^2
(C) एम्पीयर × मीटर
(D) एम्पीयर × मीटर^2

उत्तर **(C) एम्पीयर × मीटर**

व्याख्या - यहाँ M = IA = mL है।

2. एक चुम्बकीय तार का चुम्बकीय आघूर्ण M तथा लम्बाई L है। इस तार को अर्ध वृत्त के रूप में मोड़ दिया गया है, तो इसका नया चुम्बकीय आघूर्ण होगा :
(A) $\frac{2M}{\pi}$ (B) $\frac{M}{\pi}$
(C) $2\pi M$ (D) $\frac{\pi}{M}$

उत्तर **(A)** $\frac{2M}{\pi}$

व्याख्या - यहाँ $L = \pi r$ तथा $L' = 2r = \frac{2L}{\pi}$ है। अतः

$M' = m \times 2r = \frac{M}{L} \times \frac{2L}{\pi} = \frac{2M}{\pi}$ होगा।

3. चुम्बकीय फ्लक्स की विभाएँ हैं :
(A) $ML^2T^{-1}A^{-1}$
(B) $ML^2T^{-2}A^{-1}$
(C) $MLT^{-2}A^{-2}$
(D) $MLT^{-1}A^{-1}$

उत्तर **(B)** $ML^2T^{-2}A^{-1}$

व्याख्या - चुम्बकीय फ्लक्स

$\phi = BA = \frac{FL^2}{qv} = \frac{MLT^{-2} \times L^2}{AT \times LT^{-1}} =$

$ML^2T^{-2}A^{-1}$ है।

4. किसी स्थान पर पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र के क्षैतिक घटक B_0 तथा नमन कोण 45° है। इस स्थान पर चुम्बकीय क्षेत्र की सम्पूर्ण तीव्रता का मान होगा :
(A) B_0 (B) $2B_0$
(C) $\frac{B_0}{2}$ (D) $\sqrt{2}B_0$

उत्तर **(D)** $\sqrt{2}B_0$

व्याख्या - यहाँ $H = V = B_0$ तथा $I^2 = H^2 + V^2 = 2B_0^2$ है।

5. एक L मीटर लम्बे तार को एक वृत्त के रूप में मोड़ दिया गया है। इस तार में I एम्पीयर की धारा प्रवाहित करने पर इसके चुम्बकीय आघूर्ण का मान होगा :
(A) $\frac{IL}{4\pi}$ (B) $\frac{IL^2}{4\pi}$
(C) $2IL^2$ (D) $4\pi IL^2$

उत्तर **(B)** $\frac{IL^2}{4\pi}$

व्याख्या - यहाँ $L = 2\pi r$ तथा $M = I \times \pi r^2 = \frac{\pi IL^2}{4\pi^2}$ होगा।

6. एक समान लम्बाई, चौड़ाई तथा द्रव्यमान के दो छड़ चुम्बकों के चुम्बकीय आघूर्ण M तथा 2M हैं। इन्हें एक साथ दोलन चुम्बकत्वमापी में रखकर दोलन कराया जाता है। चुम्बकों के समान ध्रुव एक ओर होने पर दोलनकाल 3 सेकण्ड है। विपरीत ध्रुवों को एक ओर लेने पर दोलनकाल होगा :
(A) $3\sqrt{3}$ सेकण्ड
(B) $\sqrt{3}$ सेकण्ड
(C) $3\sqrt{2}$ सेकण्ड
(D) $2\sqrt{3}$ सेकण्ड

उत्तर **(A)** $3\sqrt{3}$ **सेकण्ड**

व्याख्या - यहाँ $\frac{T_1^2}{T_2^2} = \frac{M_1 - M_2}{M_1 + M_2}$ से

$\frac{9}{T_2^2} = \frac{M}{3M}$ होगा। अतः $T_2 = 3\sqrt{3}$ है।

7. अनुचुम्बकीय पदार्थ के लिए चुम्बकीय प्रवृत्ति x तथा परम ताप T में संबंध है :
(A) $x \propto \frac{1}{T}$ (B) $x \propto T^2$
(C) $x \propto T^{-2}$ (D) $x \propto T$

उत्तर **(D)** $x \propto T$

8. एक छड़ चुम्बक को 0.16 टेसला के चुम्बकीय क्षेत्र में इस प्रकार रखा गया है कि चुम्बकीय अक्ष क्षेत्र से 30° कोण बनाती है। यदि चुम्बक पर 0.032 जूल का बलयुग्म आघूर्ण लग रहा हो, तो चुम्बकीय आघूर्ण का मान होगा :
(A) 4.0 जूल/टेसला
(B) शून्य
(C) 0.4 जूल/टेसला
(D) 0.2 जूल/टेसला

उत्तर **(C) 0.4 जूल/टेसला**

व्याख्या - बलयुग्म आघूर्ण $C = MB\sin\theta$ से $0.32 = M \times 0.16 \times \frac{1}{2} = 0.4$ है।

9. एक लैम्प में 0.4 एम्पीयर की धारा 30 सेकण्ड तक प्रवाहित करने पर इसमें कितने इलेक्ट्रॉन प्रवाहित होंगे:
(A) 3×10^{19} (B) 7.5×10^{19}
(C) 1.2×10^{18} (D) 1.6×10^{18}

उत्तर **(B)** 7.5×10^{19}

व्याख्या - यहाँ $q = It = ne$ से $0.4 \times 30 = n \times 1.6 \times 10^{-19}$ है।

10. 4 कूलॉम आवेश को 100V विभव के विन्दु से 120V विभव वाले विन्दु तक ले जाने में किया गया कार्य होगा :
(A) 80 जूल (B) 400 जूल
(C) 30 जूल (D) 25 जूल

उत्तर **(A) 80 जूल**

व्याख्या - यहाँ $w = q \times (V_2 - V_1) = 4 \times 20 = 80$ है।

11. एक 3.2×10^{-27} किग्रा द्रव्यमान वाला न्यूट्रॉन किस तीव्रता के विद्युत क्षेत्र से संतुलित होगा :
(A) 2×10^3 N/C
(B) 4×10^{-7} N/C
(C) 4×10^6 N/C
(D) 2×10^{-7} N/C

उत्तर **(D)** 2×10^{-7} **N/C** (न्यूटन/कूलॉम)

व्याख्या - यहाँ $F = mg = qE$ से $3.2 \times 10^{-27} \times 10 = 1.6 \times 10^{-19} \times E$ है।

12. एक विद्युत द्वि-ध्रुव का द्वि-ध्रुव आघूर्ण $\vec{p}$ है तथा यह $\vec{E}$ तीव्रता के विद्युत क्षेत्र में रखा है। इस पर लगने वाला बल आघूर्ण है :
(A) $\vec{p} . \vec{E}$
(B) $\vec{p} \times \left(\vec{E} \times \vec{p}\right)$
(C) $\vec{p} \times \vec{E}$
(D) $2\vec{p} \cdot \vec{E}$

उत्तर **(C)** $\vec{p} \times \vec{E}$

13. संलग्न चित्र में P तथा Q के बीच तुल्य धारिता होगी जबकि $C_1 = C_2 = C_4 = 2\,\mu F$ तथा $C_3 = C_5 = 1\,\mu F$ हैं :



(A) $4\,\mu F$ (B) $3\,\mu F$
(C) $2\,\mu F$ (D) $1.5\,\mu F$

उत्तर **(C)** $2\,\mu F$

व्याख्या - यहाँ K तथा M बिन्दुओं के बीच तुल्य धारिता = $2\,\mu F$ है। अब K तथा N के बीच तुल्य धारिता = $2\,\mu F$ होगी।

14. विद्युत क्षेत्र की तीव्रता की विभाएँ हैं :
(A) $MLT^{-3}A^{-1}$
(B) $MLT^{-2}A^{-1}$
(C) $LT^{-2}A^{-1}$
(D) $MT^{-1}A^{-2}$

उत्तर **(A)** $MLT^{-3}A^{-1}$

व्याख्या - यहाँ $F = qE$ से $MLT^{-2} = AT \times E$ है।

15. C_1 तथा C_2 धारिता वाले दो संधारित्रों के विभव क्रमशः V_1 तथा V_2 हैं। इन्हें श्रेणीक्रम में जोड़ने पर तुल्य धारिता होगी :
(A) $C_1 + C_2$
(B) $\frac{C_1 + C_2}{2}$
(C) $\frac{C_1V_1 + C_2V_2}{C_1 + C_2}$
(D) $\frac{C_1V_1 + C_2V_2}{V_1 + V_2}$

उत्तर **(D)** $\frac{C_1V_1 + C_2V_2}{V_1 + V_2}$

व्याख्या - यहाँ तुल्य धारिता

$C = \frac{q_1 + q_2}{V_1 + V_2}$ है।

16. संलग्न चित्र में प्रत्येक संधारित्र की प्लेटों का क्षेत्रफल A तथा दूरी $\frac{d}{2}$ है। प्लेटों के बीच भरे परावैद्युत पदार्थों के परावैद्युतांक K_1 तथा K_2 हैं। इस संयोजन की तुल्य धारिता होगी :



(A) $\frac{K_1 + K_2}{2}$
(B) $K_1 + K_2$
(C) $\frac{\varepsilon_0 A}{d} \times \left(\frac{K_1 + K_2}{2}\right)$
(D) $\frac{2\varepsilon_0 A}{d} \times \left(\frac{K_1K_2}{K_1 + K_2}\right)$

उत्तर **(D)** $\frac{2\varepsilon_0 A}{d} \times \left(\frac{K_1K_2}{K_1 + K_2}\right)$

17. दो संधारित्रों की धारिताओं का अनुपात 1 : 3 है। इन्हें समान विभव V तक आवेशित करने पर इनमें संग्रहित ऊर्जाओं का अनुपात होगा :
(A) 1 : 9 (B) 9 : 1
(C) 1 : 3 (D) 3 : 1

उत्तर **(C) 1 : 3**

व्याख्या - यहाँ $\frac{E_1}{E_2} = \frac{C_1V_1^2}{C_2V_2^2} = \frac{1}{3}$ है।

18. एक उत्तल लेंस की फोकस दूरी f तथा लेंस से वस्तु की दूरी d है। यदि लेंस की आवर्धन क्षमता m हो, तो f का मान होगा :
(A) $\frac{md}{1+m}$ (B) $\frac{m+1}{md}$
(C) $\frac{d}{m}$ (D) md^2

उत्तर **(A)** $\frac{md}{1+m}$

व्याख्या - यहाँ $u = d$, $v = mu = md$ है।

अतः $f = \frac{uv}{u+v} = \frac{md^2}{d+md}$ होगा।

19. एक प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक n है। यदि इसका आपतन कोण i = 2r हो, तो संबंध (प्रिज्म का कोण = A) है :
(A) $n = 2\sin\frac{A}{2}$
(B) $n = 2\cos\frac{A}{2}$
(C) $n = 2\sin A$
(D) $n = \tan A$

उत्तर **(B)** $n = 2\cos\frac{A}{2}$

व्याख्या - यहाँ $n \sin r = \sin i = \sin 2r$ से $n \sin r = 2\sin r \cos r$ होगा। अतः $n = 2\cos r = 2\cos\frac{A}{2}$ है।

20. एक निकट दृष्टि दोष वाला व्यक्ति अपने से 10 सेमी से 100 सेमी की वस्तुओं को स्पष्ट देख सकता है। अनन्त दूरी पर रखी वस्तु को स्पष्ट देखने के लिए आवश्यक लेंस की शक्ति होगी :
(A) 1.0 D (B) - 1.0 D
(C) - 0.5 D (D) 0.65 D

उत्तर **(B) - 1.0 D**

व्याख्या - यहाँ

$\frac{1}{f} = \frac{1}{v} - \frac{1}{4} = -\frac{1}{100} - \frac{1}{\infty}$

से $f = -100$ सेमी तथा

$P = \frac{1}{f(\text{ मीटर })} = -1.0$ है।

21. एक माध्यम का क्रांतिक कोण 30° है। इस माध्यम में प्रकाश का वेग होगा :
(A) 2×10^8 मी/से
(B) 3×10^8 मी/से
(C) 1.5×10^8 मी/से
(D) 3×10^{10} मी/से

उत्तर **(C)** 1.5×10^8 **मी/से**

व्याख्या - यहाँ

$n = \frac{1}{\sin c} = \frac{1}{\sin 30^0} = 2$ है

तथा $n = \frac{V_a}{V_m}$ से $2 = \frac{3 \times 10^8}{V_m}$ होगा।

22. यंग के द्वि-स्लिट प्रयोग में दोनों स्लिटों के बीच की दूरी आधी तथा स्लिट और परदे के बीच की दूरी दुगनी करने पर फ्रिंज चौड़ाई हो जायेगी :
(A) W (B) $\frac{W}{4}$
(C) 2W (D) 4W

उत्तर **(D) 4W**

व्याख्या - यहाँ $W = \frac{\lambda D}{d}$

से $W^1 = \frac{\lambda \times 2D}{d/2} = 4W$ है।

23. विनाशी व्यतिकरण के लिए दो तरंगों के मध्य पथान्तर होना चाहिए :
(A) $\frac{(2n+1)\lambda}{2}$
(B) $2n\lambda$
(C) $\frac{n\lambda}{2}$
(D) $\frac{n\lambda}{3}$

उत्तर **(A)** $\frac{(2n+1)\lambda}{2}$

24. एकवर्णी प्रकाश वायु से n अपवर्तनांक वाले माध्यम में अपवर्तित हो रहा है। आपतित तथा अपवर्तित तरंगों की तरंगदैर्ध्य का अनुपात होगा :
(A) 1 : n (B) n : 1
(C) $n^2 : 1$ (D) $1 : n^2$

उत्तर **(B) n : 1**

यहाँ $n = \frac{V_a}{V_m} = \frac{n\lambda_a}{n\lambda_m} = \frac{\lambda_a}{\lambda_m}$ है।

25. एक प्रकाश किरण A कोण वाले प्रिज्म के तल पर कोण i पर आपतित होती है तथा यह दूसरे पृष्ठ पर लम्बवत् निर्गत होती है। यदि प्रिज्म के पदार्थ का अपवर्तनांक n हो, तो आपतन कोण का मान होगा :
(A) nA (B) $\frac{nA}{2}$
(C) 2nA (D) $\frac{A}{n}$

उत्तर **(B)** $\frac{nA}{2}$

व्याख्या - पतले प्रिज्म के लिए

$n = \frac{\sin i}{\sin r} = \frac{i}{r}$ से $i = nr = n\frac{A}{2}$ होगा।

26. एक आकाशीय दूरदर्शी के अभिदृश्यक लेंस की फोकस दूरी 150 सेमी तथा आवर्धन क्षमता 15 है। इसी नेत्रिका की फोकस दूरी f तथा नली की लंबाई L के मान होंगे :
(A) f = 15 सेमी, L = 150 सेमी
(B) f = 10 सेमी, L = 150 सेमी
(C) f = 10 सेमी, L = 160 सेमी
(D) f = 7.5 सेमी, L = 170 सेमी

उत्तर **(C) f = 10 सेमी, L = 160 सेमी**

व्याख्या - यहाँ mf = F तथा 15f = 150 तथा L = F + f = 150 + 10 = 160 सेमी है।

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

नेट/जेआरएफ के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी साहित्य

1. आलवार वैष्णवों की संख्या है?
(A) 9
(B) 10
(C) 11
(D) 12

2. वारकरी सम्प्रदाय के प्रर्वतक कौन हैं?
(A) कबीर
(B) ज्ञानेश्वर
(C) नामदेव
(D) एकनाथ

3. 'हार की जीत' कहानी के लेखक हैं?
(A) विश्वम्भरनाथ शर्मा 'कौशिक'
(B) भगवती प्रसाद वाजपेयी
(C) सुदर्शन
(D) पण्डित बेचैन शर्मा 'उग्र'

4. कबीरदास के मरने के बाद उनकी गद्दी किसको मिली?
(A) रैदास
(B) धर्मदास
(C) दादूदयाल
(D) सुन्दरदास

5. उस भक्त कवि का नाम बताइए जिसकी कुछ रचनाएं सगुणोपासना से संबंध रखती हैं तो कुछ निर्गुण उपासना से?
(A) नरसी मेहता
(B) नामदेव
(C) कबीर
(D) चैतन्य महाप्रभु

6. स्वामी रामानन्द ने जिस विरक्तदल का संगठन किया उसका नाम क्या था?
(A) विरक्त दल
(B) उन्मुक्त दल
(C) वैरागी
(D) नागा

7. भक्तमाल के अनुसार रामानन्द के कितने शिष्य हैं?
(A) 8
(B) 9
(C) 10
(D) 12

8. प्रेमचन्द का कौन-सा उपन्यास गांधीवाद से अधिक प्रभावित है?
(A) गोदान
(B) रंगभूमि
(C) कर्मभूमि
(D) सेवा सदन

9. हिन्दी साहित्य के पूर्व मध्यकाल को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(A) रासो काल
(B) वीरगाथा काल
(C) भक्ति काल
(D) रीति काल

10. किस पन्थ के अनुयायी 'सतनाम' कहकर आपस में एक-दूसरे का अभिवादन करते हैं?
(A) जैन धर्म
(B) दादू पंथ
(C) सिरद धर्म
(D) कबीर पंथ

11. सिख धर्म के प्रवर्तक सन्त थे?
(A) गुरुनानक
(B) गुरु गोविन्द सिंह
(C) गुरु अर्जुन देव
(D) गुरु अंगद देव

12. सूफी प्रेमाख्यानक परम्परा की सर्व प्रमुख रचना है?
(A) मधुमालती
(B) मृगावती
(C) माधवानल कामकन्दला
(D) पद्मावत

13. भक्ति साहित्य का प्रादुर्भाव सर्वप्रथम कहां हुआ?
(A) दक्षिण भारत
(B) महाराष्ट्र
(C) गुजरात
(D) उत्तर भारत

14. समग्र भक्तिकालीन काव्य पर कौन-सी विशेषता लागू होती है -
(A) अवतार में विश्वास
(B) जाति प्रथा निषेध
(C) अहंकार का त्याग
(D) ईश्वरीय लीला गायन

15. सन्त काव्य का महत्व इसलिए है क्योंकि वे मानते थे कि -
(A) ईश्वर को मिलाने वाले गुरु हैं
(B) भक्त जनम-मरण वाला गुरु है
(C) भक्ति क्षेत्र में जाति-पांति भेद है
(D) शास्त्रीय ज्ञान का महत्व है

16. सूफी संतों ने जनता के कष्ट दूर करने के लिए साधना में अपनाया था?
(A) वाम मार्ग
(B) वैष्णव प्रेम मार्ग
(C) तांत्रिक योग मार्ग
(D) वैदिक मार्ग

17. आचार्य शुक्ल ने सूफी कवियों की प्रेम पद्धति में सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना है?
(A) प्रेम की पीर
(B) लौकिक प्रेम
(C) प्रतीकात्मक प्रेम
(D) दार्शनिक अभिव्यक्ति

18. सूफी कवियों को कहा जाता है?
(A) पुष्टिमार्गी
(B) प्रेममार्गी
(C) वैष्णवमार्गी
(D) इस्लाम मार्गी

19. 'मानुस प्रेम भयउ बैकुण्ठी' किस कवि की पंक्ति है?
(A) कुम्भनदास
(B) तुलसीदास
(C) परमानन्द दास
(D) मलिक मुहम्मद जायसी

20. सगुण भक्ति के विरोधी कवि थे?
(A) तुलसी
(B) कबीर
(C) सूर
(D) मीरा

21. भक्ति आंदोलन का प्रमुख लक्ष्य था?
(A) मठों की स्थापना
(B) जाति प्रथा को आघात पहुंचाना
(C) शाश्वत मानव मूल्यों की स्थापना करना
(D) हिन्दू-मुसलमान में एकता स्थापित करना

22. हिन्दी संत काव्य में 'हंस' का प्रतीकार्थ है?
(A) नीर-क्षीर विवेक पक्षी
(B) आत्मा
(C) सूर्य
(D) अवधूत

23. संत काव्य और सूफी काव्य में असमान तत्व है?
(A) सामन्त विरोध
(B) प्रबंध शैली
(C) मानवीय समता
(D) निर्गुणोपासना

24. महाप्रभु वल्लभाचार्य के शिष्यों का वृतांत किस ग्रंथ में है?
(A) दो सौ बावन वैष्णवन की वार्ता
(B) भक्तिमाल
(C) चौरासी वैष्णवन की वार्ता
(D) वचनामृत

25. इनमें से कौन वैष्णव भक्ति का आचार्य नहीं है?
(A) बल्लभाचार्य
(B) मध्वाचार्य
(C) शंकराचार्य
(D) रामानुजाचार्य

26. तुलसीदास ने किस उद्देश्य से राम की जीवन गाथा की रचना की?
(A) अपने अंतःकरण की सुख प्राप्ति के लिए
(B) लोकहित के लिए
(C) लोकोत्तर आनन्द के लिए
(D) मनोरंजन के लिए

27. आचार्य रामानुजाचार्य द्वारा प्रवर्तित सम्प्रदाय का नाम है?
(A) ब्रम्ह सम्प्रदाय
(B) चैतन्य सम्प्रदाय
(C) बल्लभ सम्प्रदाय
(D) हरिदासी सम्प्रदाय

28. 'माधव हम परिनाम निरासा' किसका लिखा पद है?
(A) तुलसीदास
(B) सूरदास
(C) विद्यापति
(D) कबीरदास

29. गोस्वामी तुलसीदास के गुरु कहे जाते हैं?
(A) बाबा वेणीमाधवदास
(B) रामानन्द
(C) नरहरिदास
(D) मधुसूदन सरस्वती

30. 'रासपंचाध्यायी' का रचयिता कौन है?
(A) कृष्णदास
(B) परमानन्ददास
(C) नन्ददास
(D) चतुर्भुजदास

31. भक्तिकाल के किस आचार्य को भगवान श्री कृष्ण के सुदर्शन चक्र का अवतार माना जाता है?
(A) बल्लभाचार्य
(B) निम्बकाचार्य
(C) स्वामी हरिदास
(D) छीत स्वामी

32. 'भक्तन को कहा सीकरी से काम' यह पंक्ति किस कवि की है?
(A) नन्ददास
(B) सुरदास
(C) कुम्भनदास
(D) परमानन्द दास

33. 'उज्ज्वल नीलमणि' के रचयिता कौन हैं?
(A) रूप गोस्वामी
(B) शंकराचार्य
(C) नरोत्तम दास
(D) चण्डीदास

34. 'साहित्य लहरी' में सूरदास ने अपना परिचय देते हुए खुद को किस कवि का वंशज कहा है?
(A) विद्यापति
(B) कबीरदास
(C) दलपति विजय
(D) चन्दबरदायी

35. अष्टछाप की स्थापना किसके द्वारा की गई?
(A) आचार्य विश्वनाथ
(B) गुरुनानक
(C) आचार्य विट्ठलनाथ
(D) कृष्ण दास

36. हिन्दी साहित्य में राम भक्ति काव्य के प्रमुख प्रेरणा स्रोत किसे माना जा सकता है?
(A) वाल्मीकि
(B) तुलसीदास
(C) स्वामी रामानंद
(D) वल्लभाचार्य

37. संत तुलसीदास का संबंध किस आचार्य परंपरा से है?
(A) रामानुजीय
(B) मध्वाचार्यीय
(C) बल्लभाचार्यीय
(D) रामानन्दीय

38. कृष्ण काव्य परम्परा में नायक-नायिका के प्रेम के चित्रण में कौन-सी दृष्टि को प्रमुख माना जाना चाहिए?
(A) श्रृंगार रस वर्णन दृष्टि
(B) अध्यात्मिक संकेत दृष्टि
(C) लोकोत्तर रतिभाव दृष्टि
(D) लीला गान दृष्टि

39. शुद्धाद्वैत के प्रवर्तक आचार्य कौन हैं?
(A) रामानुजाचार्य
(B) बल्लभाचार्य
(C) निम्बार्काचार्य
(D) स्वामी हरिदास

40. तपसी शाखा का पल्लवन किसने किया?
(A) हरिदास
(B) द्वारकादास
(C) कृष्णदास
(D) अनन्तानन्द

41. 'मूल गोसाई चरित्र' के रचयिता का नाम क्या है -
(A) बेनीमाधव दास
(B) रघुवर दास
(C) प्रिया दास
(D) द्वारका दास

42. 'महात्मा बुद्ध के बाद भारत के सबसे बड़े लोक नायक तुलसी थे' यह कथन किसका है -
(A) सर जॉर्ज ग्रियर्सन
(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(D) डॉ. रामविलास शर्मा

43. विशिष्टाद्वैतवाद के संस्थापक आचार्य थे -
(A) रामानुज
(B) बल्लभाचार्य
(C) मध्वाचार्य
(D) रामानन्द

44. हिन्दी प्रदेश में राम भक्ति आंदोलन का केन्द्र था -
(A) अयोध्या
(B) वाराणसी
(C) हरिद्वार
(D) मथुरा

45. हरिदासी सम्प्रदाय का दूसरा नाम है?
(A) सखी सम्प्रदाय
(B) रसिक सम्प्रदाय
(C) विट्ठल सम्प्रदाय
(D) राधावल्लभ सम्प्रदाय

46. मीरा पदावली में प्रधान भाव है?
(A) दास्य भाव
(B) करुण भाव
(C) माधुर्य भाव
(D) संख्या भाव

47. वल्लभाचार्य ने किस सिद्धांत का प्रतिपादन किया?
(A) शुद्धाद्वैतवाद
(B) विशिष्टाद्वैतवाद
(C) अद्वैतवाद
(D) द्वैतवाद

48. 'सूरसागर' का काव्य रूप कौन-सा है?
(A) प्रबंध काव्य
(B) महाकाव्य
(C) खण्ड काव्य
(D) गीति काव्य

49. तुलसीकृत 'विनय पत्रिका' की भाषा है?
(A) भोजपुरी
(B) ब्रज
(C) अवधी
(D) खड़ी बोली

50. अष्टछापी कवि नहीं है?
(A) कुम्भनदास
(B) चरनदास
(C) गोविन्ददास
(D) कृष्णदास

उत्तरमाला

(1)	D	(2)	B	(3)	A
(4)	B	(5)	B	(6)	C
(7)	D	(8)	B	(9)	C
(10)	D	(11)	A	(12)	D
(13)	A	(14)	C	(15)	A
(16)	B	(17)	A	(18)	B
(19)	D	(20)	B	(21)	C
(22)	B	(23)	B	(24)	B
(25)	B	(26)	B	(27)	A
(28)	A	(29)	C	(30)	C
(31)	B	(32)	C	(33)	A
(34)	D	(35)	C	(36)	C
(37)	D	(38)	D	(39)	B
(40)	B	(41)	A	(42)	A
(43)	A	(44)	B	(45)	A
(46)	C	(47)	A	(48)	D
(49)	B	(50)	B.		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

एकल नागरिक डाटाबेस नागरिकों के लिए होगा अत्यंत लाभदायी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में प्रदेश में एकल नागरिक डाटाबेस पर कार्य किया जा रहा है। यह नागरिकों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। इसके बन जाने से विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ देने के लिए आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर मिल जाएगी। इससे विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को अलग-अलग योजना के लिए बार-बार जानकारी देने की आवश्यकता नहीं होगी। एकल नागरिक डाटाबेस में उपलब्ध जानकारियों का उपयोग विभिन्न योजनाओं का लाभ दिए जाने के लिए किया जा सकेगा।

नागरिकों को त्वरित लाभ मिलेगा, शासन का समय बचेगा

एकल नागरिक डाटाबेस बन जाने से विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए हितग्राहियों से जानकारियां प्राप्त करने में लगने वाला समय बचेगा, जिससे कि योजनाओं का त्वरित लाभ देने में आसानी होगी। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 700 हितग्राहीमूलक योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ देने के लिए हितग्राहियों का पृथक-पृथक पंजीयन करना होता है।

स्कूलों में प्रवेश आदि के लिए नहीं मांगने होंगे दस्तावेज

एकल नागरिक डाटाबेस तैयार हो जाने से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग को विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश तथा छात्रवृत्ति आदि के लिए आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र तथा मूल निवासी प्रमाण पत्र आदि नहीं मांगने होंगे। एकल नागरिक डाटाबेस में उनका सारा रिकार्ड पहले से ही दर्ज होगा।

ऐसे बनेगा एकल नागरिक डाटाबेस

एकल नागरिक डाटाबेस बनाने के लिए शासन के विभिन्न डाटाबेस समग्र आईडी, भूमि रिकार्ड, वोटर आईडी और आधार रिकार्ड आदि का एकीकरण किया जाएगा। इसके लिए बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा।

ये जानकारियां होंगी

एकल नागरिक डाटाबेस में नागरिक का नाम, उम्र, पता, आय, भूमि रिकार्ड, वाहन रिकार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, मूल निवास, जाति, अधिवास, निर्वाचन संबंधी, फसल, बीमा संबंधी जानकारी, बैंक ऋण, ड्राइविंग लायसेंस, छात्रवृत्ति, कौशल, रोज़गार, खाद्यान्न सुरक्षा योजना और गरीबी रेखा प्रमाण पत्र आदि संबंधी जानकारियां होंगी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण जानकारी

मानसून में जल संरक्षण के लिये तैयार है जल शक्ति अभियान

जल संरक्षण और जल सुरक्षा के लिए जल शक्ति अभियान की शुरुआत जुलाई 2019 में पिछले वर्ष के मानसून के दौरान की गई थी। इस अभियान में पानी की कमी वाले जिलों और ब्लॉकों पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना और ग्रामीण विकास मंत्रालय के एकीकृत जलसंभरण प्रबंधन कार्यक्रम के साथ-साथ जल शक्ति और पर्यावरण मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही मौजूदा जल पुनर्भरण और वनीकरण योजनाओं के तहत जल संचयन, संरक्षण और पुनर्भरण गतिविधियों में तेज़ी लाना है। गत वर्ष इसके दायरे में जल संकट से जूझ रहे देश भर के 256 जिले शामिल थे।

यह अभियान सभी को जल संरक्षण अभियान के दायरे में लाने के लिए शुरू किया गया जनांदोलन है। गत वर्ष इस अभियान का देशव्यापी असर देखने को मिला है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सामाजिक संगठन, पंचायती राज संस्थानों और समुदायों सहित लगभग साढ़े छह करोड़ लोग इस अभियान से जुड़ चुके हैं। इस अभियान के तहत 75 लाख पारंपरिक और अन्य जल स्रोत तथा तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया और लगभग एक करोड़ जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन ढांचे तैयार किए गए हैं।

इस साल कोविड-19 संकट और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी श्रम बल की उपलब्धता को देखते हुए मानसून के मद्देनजर अभियान के तहत तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और वर्षा जल के संरक्षण के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जा सके इसके लिये तैयारियों के साथ-साथ संबंधित गतिविधियों को भी पूरा कर लिया गया है। जल शक्ति अभियान अपने विभिन्न अंगों के माध्यम से वर्तमान स्वास्थ्य संकट से उबरने और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

सार्थक प्रयासों से पुनः जीवंत हुए जलस्रोत

राजस्थान में जालौर जिले में दो ऐतिहासिक कुओं को कूड़ा फेंकने और गंदे पानी का स्थान बना दिया गया था, लेकिन भद्रायन और थानावाला पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने जल शक्ति अभियान के अंतर्गत उसमें नई जान डालने का संकल्प लिया। वर्षा से पहले लोग उसकी सफाई में जुट गए और उस कुएं से कूड़ा और गंदगी निकाली और साफ किया। लोगों के सहयोग के परिणामस्वरूप ये कुएं वर्तमान में लोगों की प्यास बुझा रहे हैं। वहीं उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले में ग्रामीणजनों के सामूहिक प्रयास से सराही झील जीवंत हुई है। एक अन्य उदाहरण अलमोड़ा-हल्दवानी राजमार्ग पर स्यूनराकोट गांव में भी देखने को मिला है। यहां गांव वालों ने खुद सुनिश्चित किया कि पानी उनके गांव तक पहुंचे। लोगों ने धनराशि जमा की और श्रमदान किया, गांव में पाइप लाइन बिछाई गई और पम्पिंग स्टेशन लगाया गया। इससे दशकों पुरानी जल संकट की समस्या का समाधान हो गया।

कोरोना संकट में जरूरतमंदों की मदद

लॉकडाउन के दौरान भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सिंचाई और जल संरक्षण कार्यों को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा कार्यों और पेयजल तथा स्वच्छता कार्यों को कराए जाने के लिए स्वीकृति प्रदान की थी। जिसके अंतर्गत पारंपरिक जल स्रोतों का जीर्णोद्धार, जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाए जाने, झीलों और तालाबों से गाद निकालने, प्रवेश और निर्गम मार्गों के निर्माण और उनको मजबूत बनाना, जल ग्रहण क्षेत्र की मरम्मत जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए गए। इससे स्थानीय लोगों को काम के साथ-साथ जीवनयापन में मदद मिली है। वहीं इन गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों का स्थायित्व सुनिश्चित हुआ और जल शक्ति मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे जल जीवन मिशन को मजबूती भी मिली।

इस समय देश कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है, ऐसे में अपने पैतृक गांवों में लौटे प्रवासी कामगारों के लिए आजीविका उपलब्ध कराना और भी जरूरी हो गया है। ये प्रवासी कामगार मूल रूप से कुशल और अर्ध-कुशल हैं, उन्हें प्रत्येक गांव में जलापूर्ति, विशेष रूप से प्लंबिंग, फिटिंग, जल संरक्षण कार्य आदि से संबंधित रोज़गार उपलब्ध करवाकर गांवों में उनकी सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है, ताकि गांवों में पर्याप्त मात्रा में भू-जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके, इससे जल सुरक्षा, कृषि के लिए पानी की उपलब्धता और प्रत्येक ग्रामीण घर को पीने के पानी की आपूर्ति करने में मदद मिलेगी।

जल जीवन मिशन

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत परिवारों को अच्छी गुणवत्ता का पेयजल निरंतर एवं पर्याप्त मात्रा में प्रदाय कराने के लिए जल जीवन मिशन प्रारंभ किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 तक देश के हर ग्रामीण परिवार को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने के उद्देश्य से 15 अगस्त, 2019 को 'जल जीवन मिशन' की घोषणा की थी। राज्यों के साथ साझेदारी में कार्यान्वित किए जा रहे इस मिशन का लक्ष्य हर ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) के सेवा स्तर (सर्विस लेवल) पर पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर किया जा सके।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 13 अगस्त, 2019 को मंजूर किए गए जेजेएम (जल जीवन मिशन) कार्यक्रम की कुल अनुमानित परियोजना लागत 3.60 लाख करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 2.08 लाख करोड़ रुपये है। हिमालय और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में धनराशि अन्य राज्यों के लिए 50:50 के अनुपात में तथा केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 100 प्रतिशत उपलब्ध कराई जा रही है।

जल जीवन मिशन के तहत, समुदाय को शामिल करने के साथ-साथ अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से जल की गुणवत्ता पर नजर रखने पर जोर दिया जा रहा है अर्थात प्रत्येक गांव में 5 व्यक्तियों, विशेषकर महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराए जा रहे पानी की गुणवत्ता का परीक्षण करने के लिए स्कूल और कॉलेज के छात्रों को फील्ड टेस्ट किट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक स्रोत का साल में एक बार भौतिक और रासायनिक मापदंडों के लिए और दो बार जीवाणु जनित दूषित तत्वों की पहचान के लिए परीक्षण करने की आवश्यकता होती है।

जल शक्ति अभियान
संचय जल, बेहतर कल

मध्यप्रदेश सरकार 2024 के स्थान पर 2023 में ही पूरा करेगी जल जीवन मिशन का लक्ष्य

मध्यप्रदेश में वर्ष 2012 में जल निगम का गठन किया गया था, जिसके द्वारा समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्य को गति प्रदान करने के लिए मध्यप्रदेश में राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन बनाकर उसके अंतर्गत अपेक्स समिति एवं एग्जीक्यूटिव समितियों का गठन कर लिया गया है। जल निगम द्वारा 1231 करोड़ रुपये की 19 समूह योजनाओं को पूरा कर लिया गया है, जिनके माध्यम से प्रदेश के 805 गांवों में 1 लाख 31 हजार से अधिक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए हैं। जल निगम के अंतर्गत लगभग 39 समूह योजनाओं में 8 हजार 375 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से शुद्ध पानी पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। केंद्र द्वारा लक्ष्य को वर्ष 2024 के स्थान पर वर्ष 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिए जा चुके हैं, जिसके अनुसार इस योजना का पुनर्निर्धारण कर मिशन मोड में कार्य किया जाएगा।

जल-जीवन मिशन के अंतर्गत अब वर्ष 2023 तक निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाना है। केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने मध्यप्रदेश में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन के लिए 1280 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए स्वीकृत की गई है। इस राशि से 26.27 लाख ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन देने की कार्य-योजना को पूरा किया जायेगा।

'समग्र शिक्षा– जल सुरक्षा' अभियान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जल संचय पर जोर देने से प्रेरित होकर भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान शुरू किया। यह निश्चित समयावधि का अभियान है जिसे मिशन की तरह चलाया जा रहा है। वहीं मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत आने वाले स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने स्कूली बच्चों में जल संरक्षण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गत वर्ष 'समग्र शिक्षा-जल सुरक्षा' अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य यह भी है कि हमारे देश के भविष्य रूपी बच्चे कर्तव्यनिष्ठ और प्रतिबद्ध जल नागरिक बन सकें।

इस अभियान के मुख्य उद्देश्य

- स्कूली बच्चों को जल संरक्षण को लेकर शिक्षित करना।
- जल की कमी से पड़ने वाले प्रभाव को लेकर छात्रों को संवेदनशील बनाना।
- छात्रों को पानी के प्राकृतिक स्रोतों को बचाने की सीख देते हुये सशक्त बनाना।
- प्रतिदिन एक लीटर पानी बचाने की सीख के लिए छात्रों की मदद करना।
- घर एवं स्कूल स्तर पर छात्रों को पानी के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और न्यूनतम बर्बादी के लिए प्रोत्साहित करना।

'समग्र शिक्षा– जल सुरक्षा' अभियान का लक्ष्य

- एक छात्र द्वारा एक दिन में एक लीटर पानी की बचत।
- एक छात्र द्वारा एक साल में 365 लीटर पानी की बचत।
- एक छात्र द्वारा 10 साल में 3650 लीटर पानी की बचत।

अटल भूजल योजना (अटल जल)

हम मुख्य रूप से भू-जल पर निर्भर हैं और यह जल देश में पीने के पानी की आवश्यकताओं के 85 प्रतिशत की पूर्ति कर रहा है। भू-जल के अत्याधिक उपयोग और औद्योगिक प्रदूषण के कारण भूमिगत जल खतरनाक रसायनों जैसे फ्लोराइड, आर्सेनिक, नाइट्रेट, पारा, सीसा आदि से दूषित हो गए हैं और यह लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। अटल जल की रूपरेखा सहभागी भू-जल प्रबंधन के लिए संस्थागत संरचना को सुदृढ़ करने तथा सात राज्यों गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तरप्रदेश में टिकाऊ भू-जल संसाधन प्रबंधन के लिए समुदाय स्तर पर व्यवहारगत बदलाव लाने के मुख्य उद्देश्य के साथ बनाई गई है। इस योजना के कार्यान्वयन से इन राज्यों के 78 जिलों में लगभग 8350 ग्राम पंचायतों को लाभ पहुंचने की उम्मीद है। 5 वर्षों (2020-21 से 2024-25) की अवधि में क्रियान्वित किए जाने वाले 6,000 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय में से, 50 प्रतिशत विश्व बैंक ऋण के रूप में होगा और उनका पुनर्भुगतान केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत का भुगतान नियमित बजटीय समर्थन से केंद्रीय सहायता द्वारा किया जाएगा। विश्व बैंक ऋण का समस्त घटक और केंद्रीय सहायता राज्यों को अनुदान के रूप में दी जाएगी।

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- भारत सरकार ने जल से संबंधित सभी विषयों पर त्वरित निर्णयों को लिया जाना सुनिश्चित करने के लिए जल शक्ति मंत्रालय के नाम से एक नया मंत्रालय बनाया है।
- 2018 की नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में करीब 60 करोड़ लोगों को पानी की परेशानी का सामना करना पड़ता है।
- देश के करीब 75 फीसदी घरों में आजादी के सात दशक बाद भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है।
- ग्रामीण इलाकों में 84 फीसदी घरों में अभी भी जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं है।
- देश में 70 फीसदी पानी दूषित है। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत दुनिया की 122 देशों की सूची में 120वें स्थान पर है।
- जल सूचकांक रैंकिंग के मामले में देश में गुजरात पहले पायदान पर है तो मध्यप्रदेश दूसरे जबकि आन्ध्रप्रदेश तीसरे स्थान पर है। बिहार, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और झारखण्ड पिछड़े राज्यों में शामिल हैं।
- इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर जल शक्ति मंत्रालय की झांकी, जिसमें भारत सरकार की नई पहल 'जल जीवन मिशन' को सुंदरता से प्रदर्शित किया गया है, को संयुक्त रूप में सर्वश्रेष्ठ झांकी चुना गया था।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

कोरोना संक्रमण की रोकथाम में आयुष विभाग का प्रभावी योगदान

भोपाल, मध्यप्रदेश में आयुष विभाग द्वारा जनसाधारण को कोरोना संक्रमण से बचाव और इलाज के लिये बड़े पैमाने पर आयुर्वेदिक, होम्योपैथी और यूनानी पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। इसके तहत आयुष विभाग के 1 हजार 847 दलों द्वारा गत मार्च से विभिन्न पद्धतियों की दवा और खासतौर पर आयुर्वेदिक काढ़े का डोर-टू-डोर वितरण किया जा रहा है।

इन दलों में सम्मिलित आयुष चिकित्सक, पैरामेडिकल तथा आयुष चिकित्सक छात्रों द्वारा अब तक प्रदेश के एक करोड़ 29 लाख परिवारों के 3 करोड़ 14 लाख से अधिक लाभार्थियों को आयुष रोग प्रतिरोधक औषधियों का वितरण किया गया है। इनमें एक करोड़ 29 लाख शहरी क्षेत्र के और एक करोड़ 85 लाख ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थी शामिल हैं। चिकित्सा पैथियों के मान से 48 लाख परिवारों को आयुर्वेदिक दवा, 77 लाख परिवारों को होम्योपैथी दवा और 4 लाख परिवारों को यूनानी दवा दी गई। इस प्रकार कुल एक करोड़ 44 लाख आयुर्वेदिक दवा, एक करोड़ 54 लाख होम्योपैथी दवा तथा 16 लाख 60 हजार नागरिकों को यूनानी दवा वितरित की जा चुकी है।

यही नहीं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार की एडवाइजरी के मुताबिक आयुष विभाग, मध्यप्रदेश ने आयुर्वेदिक काढ़ा, सनशवनी वटी तथा अणु तेल का वितरण भी 23 मार्च से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा 27 अप्रैल, 2020 से इसे जीवन अमृत योजना के अंतर्गत लिया गया। इसमें प्रदेश के एक करोड़ नागरिकों को त्रिकटु काढ़ा (चूर्ण) निःशुल्क वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत 24 जून तक एक करोड़ 44 लाख 10 हजार व्यक्तियों को त्रिकटु काढ़े का वितरण किया जा चुका है।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति अभियोग्यता

निर्देश (प्र. 01 से 05) निम्न प्रश्नों में प्रत्येक में एक शब्द दिया गया है तथा विकल्पों में चार शब्द दिए गए हैं जिनमें से केवल एक शब्द प्रश्न में दिए गए शब्द के अक्षरों से नहीं बन सकता है। इस शब्द को ज्ञात करें।

1. CONSIDERATION
(A) COOT
(B) CAT
(C) COST
(D) CORTAGE
उत्तर (D) CORTAGE
हल दिए गए शब्द CONSIDERATION में 'G' नहीं है इसीलिए इससे CORTAGE शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

2. DISOPPOINTMENT
(A) POINT
(B) POSITION
(C) OINTMENT
(D) POSTING
उत्तर (D) POSTING
हल दिए गए शब्द DISOPPOINTMENT में 'G' नहीं है इसीलिए इससे POSTING शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

3. INCOMMUNICABLE
(A) AMEN
(B) AMBO
(C) AMMON
(D) AMPLE
उत्तर (D) AMPLE
हल दिए गए शब्द INCOMMUNICABLE में 'P' नहीं है इसीलिए इससे AMPLE शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

4. ORTHOCHROMATIC
(A) MATH (B) CHAIR
(C) MICRO (D) CAROL
उत्तर (D) CAROL
हल दिए गए शब्द ORTHOCHROMATIC में 'L' नहीं है इसीलिए इससे CAROL शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

5. PROFESSIONALLY
(A) ONLY
(B) PERSONAL
(C) PALL
(D) PASSIVE
उत्तर (D) PASSIVE
हल दिए गए शब्द PROFESSIONALLY में 'V' नहीं है इसीलिए इससे PASSIVE शब्द नहीं बनाया जा सकता है।

निर्देश (प्र 6 से 10) नीचे दिए प्रत्येक प्रश्न में एक विकल्प के अतिरिक्त अन्य सभी विशिष्ट तरह से समान हैं। उस विकल्प को चुनिए जो अन्य से भिन्न है।

6. (A) मई (B) जून
(C) जुलाई (D) अगस्त
उत्तर (B) जून
हल जून के अतिरिक्त अन्य सभी महीनों में 31 दिन होते हैं।

7. (A) 24, 21
(B) 15, 21
(C) 27, 33
(D) 28, 33
उत्तर (D) 28, 33
हल D के अतिरिक्त अन्य समूहों की दोनों संख्याएं 3 से विभाज्य हैं।

8. (A) ABD (B) FGI
(C) LMO (D) STU
उत्तर (D) STU
हल केवल D के अतिरिक्त प्रत्येक समूह के दूसरे तथा तीसरे अक्षर के बीच वर्णमालानुक्रम में एक अक्षर का अंतर है।

9. (A) भोपाल
(B) जयपुर
(C) लखनऊ
(D) नागपुर
उत्तर (D) नागपुर
हल केवल D के अतिरिक्त अन्य सभी शहर प्रदेशों की राजधानी हैं।

10. (A) खटमल
(B) दीमक
(C) तिलचट्टा (Cockroach)
(D) मधुमक्खी
उत्तर (D) मधुमक्खी
हल केवल D के अतिरिक्त कोई भी कीट मानवजाति के लिए उपयोगी नहीं है।

निर्देश (प्र. 11 से 15) इन प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षरों/शब्द/संख्या को चुनिए।

11. BDFH : IKMO : : QSUW : ?
(A) BDFG (B) GIKL
(C) OPQR (D) XZBD
उत्तर (D) XZBD
हल पहले पद के सभी अक्षरों को 2 स्थान आगे बढ़ाने पर दूसरा पद प्राप्त होता है। इसी प्रकार ? = XZBD

12. 3 : 15 : : 12 : ?
(A) 48 (B) 50
(C) 55 (D) 60
उत्तर (D) 60
हल यहाँ 15 = 3 × 5
इसी प्रकार 12 × 5 = 60

13. महासागर : तालाब : : किलोमीटर : ?
(A) मीटर (B) सेंटीमीटर
(C) डेसीमीटर (D) मिलीमीटर
उत्तर (D) मिलीमीटर
हल जिस प्रकार तालाब, महासागर का सबसे छोटा रूप है उसी प्रकार मिलीमीटर, किलोमीटर का सबसे छोटा रूप है।

14. तट : समुद्र : : किनारा : ?
(A) बाढ़ (B) वर्षा
(C) तरंग (D) नदी
उत्तर (D) नदी
हल तट, समुद्र का छोर है उसी प्रकार किनारा, नदी का छोर है।

15. अभिकल्पक : पोषाक : : लेखक : ?
(A) कागज (B) कलम
(C) डायरी (D) उपन्यास
उत्तर (D) उपन्यास
हल अभिकल्पक पोशाक डिजाइन करता है उसी प्रकार लेखक उपन्यास की रचना करता है।

निर्देश (प्र. 16 से प्र. 20) इन प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

16.

(A) 6 (B) 7
(C) 8 (D) 9
उत्तर (D) 9
हल दाएं से बाएं दिए गए बाक्सों में दी गई संख्याओं का योग बढ़ रहा है अतः अंतिम बॉक्स में 9 आएगा।

17.



(A) 80
(B) 90
(C) 94
(D) 96
उत्तर (D) 96
हल पहली आकृति में, 29+19-1 = 47
दूसरी आकृति में, 89+7-1 = 95
इसी प्रकार तीसरी आकृति में, 79+18-1 = 96

18.

5	7	9
8	7	8
5	8	8
45	57	?

(A) 75
(B) 77
(C) 79
(D) इनमें से कोई नहीं।
उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं
हल पहले स्तंभ में 5 × 8+5 = 45
दूसरे स्तंभ में 7 × 7+8=57
इसी प्रकार तीसरे स्तंभ में 9 × 8 +8 = 80

19.



(A) 60
(B) 62
(C) 65
(D) 66
उत्तर (D) 66
हल प्रत्येक आकृति में नीचे की संख्या = ऊपर की संख्याओं का योग × 3
जैसे 18+19 = 37, 37 × 3 = 111
8+7 = 15, 3 × 15 = 45
इसी प्रकार 11+11 = 22, 3 × 22= 66

20.



(A) 601
(B) 709
(C) 799
(D) 801
उत्तर (D) 801
हल यदि हम ऊपर के अंकों से बनी संख्या में से नीचे के अंकों से बनी संख्या को घटाते हैं तो हमे वृत्त की संख्या प्राप्त होती है।
पहली आकृति में
456-123 = 333
दूसरी आकृति में
769-256 = 513
इसी प्रकार तीसरी आकृति में
985-184 = 801

निर्देश (प्र. 21 से 25) दिए गए शब्दों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर प्रथम स्थान पर आने वाला शब्द कौन सा होगा।

21. (A) Bottle
(B) BonaGide
(C) Believe
(D) Belief
उत्तर (D) Belief
हल शब्दों को शब्दकोश के अनुसार व्यवस्थित करने पर अनुक्रम Belief, Believe, Bonafide, Bottle है अतः पहला शब्द Belief है।

22. (A) Disagree
(B) Discount
(C) Dipper
(D) Diploma
उत्तर (D) Diploma
हल शब्दों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर अनुक्रम Diploma, dipper, Disagree, Discount है अतः पहला शब्द Diploma है।

23. (A) DINESH
(B) DIVY
(C) DAVIT
(D) DAKSH
उत्तर (D) DAKSH
हल शब्दों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर अनुक्रम DAKSH, DAVIT, DINESH, DIVY है अतः पहला शब्द DAKSH है।

24. (A) Lobby (B) Locate
(C) Local (D) Load
उत्तर (D) Load
हल शब्दों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर अनुक्रम Load, Lobby, Local, Locate है अतः पहला शब्द Load है।

25. (A) Religious (B) Relay
(C) Relative (D) Relate
उत्तर (D) Relate
हल शब्दों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित करने पर अनुक्रम Relate, Relative, Relay, Religious है अतः पहला शब्द Relate है।

निर्देश (प्र. 26 से 30) में नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में संख्या श्रृंखला का एक पद गलत है। गलत पद ज्ञात कीजिए।

26. 120, 141, 162, 183, 203, ?
(A) 141
(B) 162
(C) 183
(D) 203
उत्तर (D) 203
हल



क्रमागत पदों के बीच अंतर 21 का है। अतः 203 के स्थान पर 204 होना चाहिए।

27. 221, 109, 53, 25, 10, 4
(A) 109 (B) 53
(C) 25 (D) 10
उत्तर (D) 10
हल नियम जिसका पालन हुआ है : अतः 10 के स्थान पर 11 होना चाहिए।



28. 1, 3, 7, 15, 31, 63, 125
(A) 7 (B) 31
(C) 63 (D) 125
उत्तर (D) 125
हल नियम जिसका पालन हुआ है : अतः 125 के स्थान पर 127 होना चाहिए।



29. 2, 3, 8, 63, 3960
(A) 3 (B) 8
(C) 63 (D) 3960
उत्तर (D) 3960
हल नियम जिसका पालन हुआ है : 3960 के स्थान पर 3968 होना चाहिए।

30. 12, 13, 15, 18, 19, 21, 24, 26, 27
(A) 19 (B) 21
(C) 24 (D) 26
उत्तर (D) 26
हल नियम जिसका पालन हुआ है : अतः 26 के स्थान पर 25 होना चाहिए।



- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ, इंदौर में अध्यापन करते हैं)

प्रदेश के तीन शहरों में एम.पी. टूरिज़्म की फूड होम डिलेवरी सर्विस का संचालन

भोपाल, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम जो कि प्रदेश की हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में एक बड़ी चैन है, निगम ने प्रदेश में होम डिलेवरी सेवाओं को शुरू करते हुए राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के ऐतिहासिक नगर ग्वालियर व संस्कारधानी जबलपुर में भी फूड होम डिलेवरी सर्विस को प्रारंभ किया है जिसके अंतर्गत निगम द्वारा भोपाल में मिन्टो हॉल स्थित रूफ-टॉप रेस्टोरेंट, ग्वालियर स्थित इकाई तानसेन रेसीडेन्सी एवं जबलपुर में कल्चुरी रेसीडेन्सी के स्वादिष्ट व्यंजनों की होम डिलेवरी सुविधा कस्टमर्स और फूड लवर्स को देना प्रारंभ किया गया है। सुश्री सोनिया मीणा प्रबंध संचालक, म.प्र. पर्यटन विकास निगम ने बताया कि फूड होम डिलेवरी सर्विस के लिए एमपीटी फ्यूजन फूड एप लॉन्च किया है। एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से फूड लवर्स और कस्टमर्स एप में दिए गए मेन्यू में उपलब्ध अपना मनपसंद फूड ऑनलाइन तथा प्री-पेड ऑर्डर कर सकते हैं।

उक्त शहरों में स्थित रेस्टोरेंट से स्वादिष्ट व्यंजनों की घरों व ऑफिसों में डिलेवरी की जा रही है। फूड की होम डिलेवरी के लिए निगम ने जोमैटो के साथ अनुबंध किया है।

फूड की होम डिलेवरी को प्रारंभ करने का उद्देश्य निगम की होटल्स और रेस्टोरेंट में पहुंचकर लज़ीज़ एवं ज़ायकेदार व्यंजनों का मजा न ले सकने वाले अतिथियों और फूड-लवर्स के घर तक व्यंजन पहुंचाना है।

निगम की फूड होम डिलेवरी सर्विस की विशेषता यह है कि यह एक नो-टच सेवा है, इसके अंतर्गत डिलेवरी एजेंट्स डिलेवरी करते हुए फूड पैकेट्स कस्टमर्स के घर व ऑफिस के डोर पर ही रखते हैं तथा उनसे किसी भी तरह का संपर्क नहीं करते, इस सर्विस में डिलेवरी एजेंट्स से किसी प्रकार का कोई कैश का लेने-देन नहीं किया जाता है, फूड होम डिलेवरी सर्विस के शुरुआती दिनों में ही कस्टमर्स व फूड लवर्स से अच्छा रिस्पॉंस मिल रहा है और उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी लोग इस सर्विस को ज्यादा से ज्यादा पंसद करेंगे।

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. Raju reads …….. Indian Express daily.
(a) an (b) the
(c) a (d) no article

2. She needs …… cup of tea.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

3. …… Japanese are known for their technological skills.
(a) an (b) the
(c) a (d) No article

4. His family members are learning …….. French.
(a) the (b) an
(c) no article (d) a

5. …….. Milk is good for health.
(a) an (b) a
(c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. The tuition class begins …… 7 p.m.
(a) in (b) with
(c) at (d) on

7. Raju jumped …….. the snake.
(a) across (b) over
(c) by (d) above

8. His father retired …….. the army in 2018.
(a) of (b) from
(c) with (d) at

9. Rakesh asked his boss ……. a day's leave.
(a) about (b) of
(c) for (d) by

10. The book consists …….. five parts.
(a) about (b) in
(c) on (d) of

11. Simran never listens ……. her father.
(a) on (b) with
(c) to (d) by

12. Rahul really cares …… the environment.
(a) of (b) by
(c) on (d) about

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. Carry an umbrella for it ……. now.
(a) has been raining
(b) rains
(c) is raining
(d) has rained

14. The webinar …….. on next Monday.
(a) held
(b) has held
(c) will be held
(d) is holding

15. It …….. heavily since morning.
(a) has been raining
(b) is raining
(c) had rained
(d) rained

16. If you apply for this post, you ….. a job.
(a) had got
(b) have to get
(c) get
(d) will get

17. Harish ……. all his due rent last week.
(a) was paying
(b) was paid
(c) paid
(d) has paid

18. Hari may …….. to Goa for next vacation.
(a) goes (b) gone
(c) went (d) go

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. Can you pay the bill?
(a) Can you be paid the bill?
(b) Can't you pay the bill?
(c) Can the bill be paid by you?
(d) Can be paid the bill by you?

20. He was carrying the boxes of sweets.
(a) Sweet boxes were being carried by him.
(b) The boxes of sweets were carried by him.
(c) The boxes of sweets are being carried.
(d) The boxes of sweets were being carried by him.

21. Give some food to beggar please.
(a) Let a beggar be given some food.
(b) You give some food to beggar kindly.
(c) You are requested to give some food to beggar.
(d) You are kindly bound to give some food to beggar.

22. Find the lost keys.
(a) You are requested to find lost keys.
(b) The lost keys be found.
(c) Let the lost keys be found.
(d) Let be found lost keys.

23. Will Neetu buy the new car?
(a) The new car will be bought by Neetu.
(b) Will the new car buy by Neetu?
(c) Neetu will buy the new car.
(d) Will the new car be bought by Neetu?

24. They will eat salads.
(a) Salads will be eaten by them.
(b) Salads will eat them.
(c) Salads is eaten by them.
(d) Salads were being eaten by them.

25. Shital and her friends were attacked by wild animals.
(a) Wild animals are attacked on Shital and her friends.
(b) Wild animals attacked Shital and her friends.
(c) Wild animals attack on Shital and her friends.
(d) Wild animals were being attacked by Shital and her friends.

Do as directed. (Question No. 26 to 30)

26. I admit that I went to see a film.
(Make it negative without changing the meaning)
(a) I confess that I went to see a film.
(b) I do deny that I went to see a film.
(c) I do not deny that I went to see a film.
(d) I reject that I went to see a film.

27. Can any man befool me? (Make it assertive)
(a) Any man can befool me.
(b) Nobody can not befool me.
(c) No man can befool me.
(d) No man cannot befool me.

28. It is good to note that you deserve success. (Make it exclamatory)
(a) Well done! You deserve success.
(b) How deserving success you are!
(c) You are deserving a success!
(d) Well done. You deserve a success.

29. He appears to be a great fool. (Make it exclamatory)
(a) How foolish he appears to be!
(b) What a fool he is!
(c) How extremely fool he appears to be!
(d) What a fool he appears to be!

30. He will never help me. (Make it interrogative)
(a) Will he never help me?
(b) Won't he help me?
(c) Will he not help me ever?
(d) Will he ever help me?

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. Abject
(a) Hopeless
(b) Miserable
(c) Praiseworthy
(d) Besmirch

32. Productive
(a) Prolific
(b) Sadden
(c) Abortive
(d) Dynamic

33. Alike
(a) Identical
(b) Contrary
(c) Similar
(d) Poise

34. Boorish
(a) Rude
(b) Impolite
(c) Uncouth
(d) Fine

35. Expand
(a) Enlarge
(b) Compress
(c) Swell
(d) Puerile

Synonyms (Question No. 36 to 40)

36. Harmony
(a) Accord (b) Discord
(c) Conflict (d) Feud

37. Infirm
(a) Cheerful (b) Fit
(c) Frail (d) Healthy

38. Hint
(a) Deceive
(b) Hoodwink
(c) Mislead
(d) Insinuate

39. Succinct
(a) Large (b) Detail
(c) Element (d) Concise

40. Chagrin
(a) Deny
(b) Happy
(c) Disappointment
(d) Contented

One word substitutions. (Question No 41 to 45)

41. One who believes in fate.
(a) Fatalist
(b) Fortunate
(c) Unlucky
(d) Auspicious

42. A person who dislikes humankind and avoids human society.
(a) Hater
(b) Misanthrope
(c) Polyglot
(d) Numismatist

43. A person who presents a radio/television programme.
(a) Editor
(b) Announcer
(c) Anchor
(d) Reporter

44. The art of practice of garden cultivation and management.
(a) Gardening
(b) Non-agriculture
(c) Horticulture
(d) Agriculture

45. A system of government by one person with absolute power.
(a) Autonomy
(b) Nepotism
(c) Democracy
(d) Autocracy

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. (a) Auditoriam
(b) Auditauriaum
(c) Audotoriam
(d) Auditorium

47. (a) Neoclear
(b) Newclear
(c) Neuclear
(d) Nuclear

48. (a) Katharsis
(b) Catharcis
(c) Katharcis
(d) Catharsis

49. (a) Baunafide
(b) Bonafide
(c) Bounafide
(d) Banafide

50. (a) Hyperbole
(b) Hiperbole
(c) Hieperbolr
(d) Hiyperbol

Answers

1. b, 2. b, 3. b, 4. c, 5. d, 6. c, 7. b, 8. b, 9. c, 10. d, 11. c, 12. d, 13. c, 14. c, 15. a, 16. d, 17. c, 18. d, 19. c, 20. d, 21. c, 22. c, 23. d, 24. a, 25. b, 26. c, 27. c, 28. a, 29. d, 30. d, 31. c, 32. c, 33. b, 34. d, 35. b, 36. a, 37. c, 38. d, 39. d, 40. c, 41. a, 42. b, 43. c, 44. c, 45. d, 46. d, 47. d, 48. d, 49. b, 50. a.

Explanation

1. Article 'The' is used before the names of newspaper. Indian Express is a name of a daily (newspaper) hence article 'the' is an appropriate answer.
4. We never place article before the name of language, unless it signifies the people of the language spoken. Hence no article is placed before French language.
5. No article is placed before the material noun. Milk is a material noun hence no article is correct answer.
30. Negative interrogatives are made positive assertive and positive ones are changed into negatives. Hence negative assertive sentence is changed into positive interrogative sentence.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English Sardar Patel Mahavidyalaya, Chandrapur)

मध्यप्रदेश में अब तक साढ़े 71 लाख हेक्टेयर में बुआई हुई

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने बताया है कि 30 जून तक प्रदेश में 71 लाख 48 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुआई का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस वर्ष 146 लाख 31 हजार क्षेत्र में बुआई का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष की तुलना में लक्ष्य एक लाख 31 हजार हेक्टेयर अधिक निर्धारित किया गया है। श्री पटेल ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी, किसान भाई निश्चिंत होकर बुआई करें।

अन्नदाता किसानों द्वारा प्रदेश में बुआई का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। 30 जून तक 10 लाख 84 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का, 4 लाख 5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान, 65 हजार हेक्टेयर में ज्वार, 45 हजार हेक्टेयर में बाजरा और 15 हजार हेक्टेयर में कोदो-कुटकी व अन्य की बुआई हो चुकी है। दलहन में 4 लाख 45 हजार हेक्टेयर में उड़द, एक लाख 51 हजार हेक्टेयर में तुअर, 50 हजार हेक्टेयर में मूँग और 9 हजार हेक्टेयर में कुलथी और अन्य दलहन की बुआई की गई है। अब तक 42 लाख 22 हजार हेक्टेयर में सोयाबीन, 82 हजार हेक्टेयर में मूँगफली, 32 हजार हेक्टेयर में तिल और 3 हजार हेक्टेयर में अन्य तिलहन फसलों की बुआई की गई है।

राज्य शासन द्वारा 22 नगर परिषदों का गठन

भोपाल, राज्य शासन द्वारा 22 नगर परिषदों का गठन किया गया है। गठित की गयीं इन नगर परिषदों में जिला हरदा में नगर परिषद सिराली, बैतूल में घोड़ाडोंगरी, शाहपुर, मंदसौर में भैंसोदा मण्डी भैंसोदा, शिवपुरी में रन्नौद, भिंड में रौन, मालनपुर, रीवा में डभौरा, शहडोल में बकहो के नाम शामिल हैं।

इसी तरह जिला अनूपपुर में डोला, डूमर कछार, उमरिया में मानपुर, सागर में बिलेहरा, सुर्खी, मालथौन, बांदरी, सिवनी में केवलारी, छपारा, खरगोन में बिस्टान, बड़वानी में ठीकरी और जिला धार में बाग एवं गंधवानी नगर परिषद का भी गठन किया गया है। राज्य शासन द्वारा 7 मार्च, 2020 को उक्त नगर परिषदों के गठन की अधिसूचना को रद किया गया था। 2 जुलाई की अधिसूचना के अनुसार इन 22 नगर परिषदों का गठन यथावत रहेगा।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) 10 वस्तुओं का क्रय मूल्य 15 वस्तुओं के विक्रय मूल्य के समान है। लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिये -

(a) 25.5% (b) 35%
(c) 10% (d) 33.3%

उत्तर - (d) 33.3%

व्याख्या - माना प्रत्येक वस्तु का क्रय मूल्य 1 रुपये है
15 वस्तुओं का क्रय मूल्य = 15 रुपये
उनका विक्रय मूल्य = 10 रुपये

हानि प्रतिशत $=\frac{15-10}{15}\times100$

$=\frac{100}{3}=33.3\%$

(2) एक व्यक्ति अपनी आय का 60% व्यय करता है और शेष बचत करता है। यदि उसकी आय 20% बढ़ जाती है और व्यय 20% घट जाता है, तब उसकी बचत में प्रतिशत अंतर क्या है -

(a) 30% वृद्धि (b) 20% वृद्धि
(c) 40% वृद्धि (d) 80% वृद्धि

उत्तर - (d) 80% वृद्धि

व्याख्या - माना व्यक्ति की प्रारंभिक आय x रुपये है
हम जानते हैं कि,
आय (I) = (व्यय) (E) + बचत (S)
⇒ प्रारंभिक व्यय = x का 60% = $0.6x$ रुपये
⇒ प्रारंभिक बचत = $x - 0.6x = 0.4x$ रुपये
⇒ 20% बढ़ाने पर आय = $x + 0.2x = 1.2x$
⇒ 20% व्यय घटाने पर = $1.2x \times 40/100 = 0.48x$
नयी बचत = $1.2x - 0.48x = 0.72x$
बचत में प्रतिशत अंतर

$=\frac{0.72x-0.40x}{0.4x}\times100=80\%$

(3) पिता और पुत्र की आयु का योग 38 वर्ष है। चार वर्ष पहले उनकी आयु का गुणनफल पिता के उस समय की आयु का 3 गुना था तो वर्तमान में पिता और पुत्र की आयु क्रमशः क्या है -

(a) 28 वर्ष, 10 वर्ष
(b) 32 वर्ष, 6 वर्ष
(c) 31 वर्ष, 7 वर्ष
(d) 34 वर्ष, 4 वर्ष

उत्तर - (c) 31 वर्ष, 7 वर्ष

व्याख्या - माना कि पिता की वर्तमान आयु x और पुत्र की वर्तमान आयु y है।
∴ वर्तमान में उनकी आयु का कुल योग = $x + y = 38$
चार वर्ष पहले पिता की आयु = $x - 4$
चार वर्ष पहले पुत्र की आयु = $y - 4$
∴ चार वर्ष पहले उनकी आयु का गुणनफल पिता के उस समय के आयु का 3 गुना था।

$\therefore (x-4)\times(y-4)=3(x-4)$
$\Rightarrow y - 4 = 3$
$\Rightarrow y = 7$
∴ वर्तमान में पुत्र की आयु = 7 वर्ष
और वर्तमान में पिता की आयु = 38 - 7 = 31 वर्ष

(4) सरलीकरण कीजिए -

$\frac{(0.290+0.110)^2-(0.290-0.110)^2}{0.290\times0.110}=?$

(a) 4 (b) 2
(c) 1 (d) 3

उत्तर - (a) 4

व्याख्या - माना a = 0.290 और b = 0.110
अब,

$\Rightarrow \frac{(a+b)^2-(a-b)^2}{a\times b}$

$\Rightarrow \frac{(a)^2+(b^2)+2ab-\{(a)^2+(b)^2-2ab\}}{a\times b}$

$\Rightarrow \frac{4ab}{ab}=4$

(5) यदि $x+1/x=\sqrt{5}$ तो $x-1/x$ का मान ज्ञात कीजिए -

(a) ±1 (b) 1
(c) 9 (d) 4

उत्तर - (a) ±1

व्याख्या - $x+1/x=\sqrt{5}$
$\Rightarrow (x + 1/x)^2 = 5$
$\Rightarrow x^2 + 1/x^2 = 3$
$\Rightarrow x^2 + 1/x^2 - 2 = 1$
$\Rightarrow (x - 1/x)^2 = 1$
$\Rightarrow x - 1/x = \pm1$

(6) (6/5) और (8/25) का लघुत्तम समापवर्त्य क्या है -

(a) 2 (b) 24/3
(c) 6 (d) 24/5

उत्तर - (d) 24/5

व्याख्या - भिन्नात्मक संख्या का लघुत्तम समापवर्त्य = अंश का लघुत्तम समापवर्त्य/हर का महत्तम समापवर्त्य (6/5) और (8/25) का लघुत्तम समापवर्त्य = (6 और 8 का लघुत्तम समापवर्त्य)/(5 और 25 का महत्तम समापवर्त्य) $=\frac{24}{5}$

(7) $\sqrt{8\sqrt{8\sqrt{8\sqrt{8.....}}}}$ का मान क्या होगा -

(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8

उत्तर - (d) 8

व्याख्या - माना $\sqrt{8\sqrt{8\sqrt{8.....}}}=x$
दोनों पक्षों को वर्ग करने पर, हमें प्राप्त होता है।

$\sqrt{8\sqrt{8\sqrt{8\sqrt{8}}}}\ .....=x$
$\Rightarrow 8x = x^2$
$\Rightarrow 8 = x$
$\Rightarrow x = 8$

(8) एक वस्तु को 25 प्रतिशत की छूट पर बेचा जाता है और नगद भुगतान करने पर 12 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलती है। यदि सुपर्णा 2112 रुपए का नगद भुगतान करके वस्तु खरीदती है, तो उस वस्तु का अंकित मूल्य क्या है -

(a) 2860 रुपए (b) 3250 रुपए
(c) 4400 रुपए (d) 3200 रुपए

उत्तर - (d) 3200 रुपए

व्याख्या - माना वस्तु का अंकित मूल्य x रुपए है।
अब, प्रश्न के अनुसार हम लिख सकते हैं
$x \times (75/100) \times (88/100) = 2112$
$\Rightarrow x = 21120000/(75x88)$
$\Rightarrow x = 3200$

(9) एक परीक्षा में 20 छात्रों के औसत अंक 75 हैं। बाद में यह पाया गया कि तीन अंक 53, 60 और 76 को गलत तरह से 93, 64 और 86 के रूप में लिखा गया। गलतियों को सुधारने के बाद औसत अंक है -

(a) 72.3 (b) 74
(c) 71.6 (d) 71.8

उत्तर - (a) 72.3

व्याख्या - 20 छात्रों के औसत अंक = 75
20 छात्रों के कुल अंक = 20 x 75 =1500
20 छात्रों के वास्तविक कुल अंक,
⇒ 1500 - (93 + 64 + 86) + (53 + 60 + 76)
⇒ 1500 - 243 + 189
⇒ 1446
∴ 20 छात्रों के औसत अंक = 1446/20 = 72.3

(10) एक दुकानदार ने 2700 रुपये में 14 कलम बेचे और उसका लाभ 4 कलमों के क्रय मूल्य के बराबर है। 14 कलमों के विक्रय मूल्य और क्रय मूल्य के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए -

(a) 600 रुपये (b) 800 रुपये
(c) 900 रुपये (d) 700 रुपये

उत्तर - (a) 600 रुपये

व्याख्या - माना 1 कलम का क्रय मूल्य = x रुपये है।
इस प्रकार, 4 कलमों का क्रय मूल्य = $4x$
और 14 कलमों का क्रय मूल्य = $14x$
14 कलमों का विक्रय मूल्य = 2700 रुपये
प्रश्नानुसार,
$14x + 4x = 2700$
$\Rightarrow x = 150$
1 कलम का क्रय मूल्य = 150 रुपये
इस प्रकार 14 कलमों का क्रय मूल्य = 14 x 150 = 2100 रुपये
आवश्यक अंतर = 2700 - 2100 = 600 रुपये

(11) यदि 7,800 रुपयों को A, B एवं C के बीच 1/2:1/3:1/4 के अनुपात में बांटना है, तो B को कितना अंश (रुपयों में) प्राप्त होगा -

(a) 3600 (b) 1800
(c) 2400 (d) 1200

उत्तर - (c) 2400

व्याख्या - अनुपात = 1/2:1/3:1/4 दिया गया है।
A, B और C का लाभ अनुपात =1/2x12: 1/3x12:1/4x12
A, B और C का लाभ अनुपात = 6:4:3
अभी
B का लाभ = (4/13)x7800
∴ B का लाभ = रु. 2400

(12) प्रश्न चिन्ह द्वारा दर्शायी गयी लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए - 6:215::12:?

(a) 143 (b) 1728
(c) 1727 (d) 144

उत्तर - (c) 1727

व्याख्या - 215 = 6^3-1
इसीलिए, ? =12^3-1 = 1728 - 1 = 1727

(13) सरलीकरण करें

$(13)^2-(14)^2+(17)^2-250=\sqrt{?}$

(a) 196 (b) 169
(c) 121 (d) 144

उत्तर - (d) 144

व्याख्या - $(13)^2-(14)^2+(17)^2-250=\sqrt{?}$
$\Rightarrow -27+289-250=\sqrt{?}$
$\Rightarrow -277+289=\sqrt{?}$
$\Rightarrow \sqrt{?}=12$
∴ ? = 144

(14) $(.4)^2 + (.04)^2 + (.004)^2$ का मान क्या है -

(a) 0.161616 (b) 0.161606
(c) 0.001616 (d) 0.000616

उत्तर - (a) 0.161616

व्याख्या - $(.4)^2 + (.04)^2 + (.004)^2 = 0.16 + 0.0016 + 0.000016 = 0.161616$
अतः उत्तर = 0.161616

(15) 5 क्रमागत विषम संख्याओं का योग अंतिम संख्या से 48 अधिक है। पहली और दूसरी संख्या का औसत क्या है -

(a) 20 (b) 15
(c) 12 (d) 10

उत्तर - (d) 10

व्याख्या - माना पहली संख्या x है।
तो, अन्य संख्या क्रमशः $(x+2)$, $(x+4)$, $(x+6)$ और $(x+8)$ होगी।
प्रश्नानुसार
$x + x + 2 + x + 4 + x + 6 + x + 8 = x + 8 + 48$
$x = 9$
पहली संख्या 9 होगी
∴ पहली और दूसरी संख्या का औसत = (9+11)/2 = 10

(16) यदि $\frac{x^2+x-1}{x^2+x+1}=\frac{1}{2}$ है, तो $\left(a-\frac{3}{x}\right)$ का मान ज्ञात कीजिये -

(a) 0 (b) 1
(c) -1 (d) 2

उत्तर - (c) -1

व्याख्या - दिया है,

$\frac{x^2+x-1}{x^2+x+1}=\frac{1}{2}$

अंश और हर को x से विभाजित करने पर हमें ज्ञात होता है -

$\frac{\left(x-\frac{1}{x}\right)+1}{\left(x+\frac{1}{x}\right)+1}=\frac{1}{2}$

$\Rightarrow 2\left(x-\frac{1}{x}\right)+2=\left(x+\frac{1}{x}\right)+1$

$\Rightarrow 2x-\frac{2}{x}+2=x+\frac{1}{x}+1$

$\Rightarrow 2x-\frac{2}{x}-x-\frac{1}{x}=1-2$

$\Rightarrow 2x-x-\frac{1}{x}-\frac{2}{x}=-1$

$\therefore \left(x-\frac{3}{x}\right)=-1$

(17) यदि ab (a + b) = 1 है, तो $\frac{1}{a^3b^3}-a^3-b^3$ का मान क्या है -

(a) -1 (b) 1
(c) 3 (d) -3

उत्तर - (c) 3

व्याख्या - (a+b) = 1/ab

$\frac{1}{a^3b^3}-a^3-b^3=(a+b)^3-a^3-b^3a^3=$

$a^3+b^3+3ab(a+b)-a^3-b^3$
$= 3ab (a + b) = 3$

(18) एक वर्ग पिरामिड के आकार के खिलौने को क्षैतिज रूप से 9 सेमी ऊंचाई से काटकर एक छिन्नक बनाया जाता है। छिन्नक के आधार की भुजा तथा ऊपरी भाग की भुजा 20 सेमी और 12 सेमी है। वर्ग पिरामिड छिन्नक का आयतन ज्ञात कीजिए-

(a) 6170 सेमी³ (b) 7508 सेमी³
(c) 2352 सेमी³ (d) 6952 सेमी³

उत्तर - (c) 2352 सेमी³

व्याख्या - वर्ग का क्षेत्रफल = भुजा²
शीर्ष का क्षेत्रफल = 12^2 = 144 वर्ग सेमी
आधार का क्षेत्रफल = 20^2 = 400 वर्ग सेमी
छिन्नक का आयतन = (9/3) x (400 + 144 + 12 x 20)
= 3 x 784 = 2352 घन सेमी

(19) यदि एक संख्या 657423547x46 से विभाज्य है, तो x का मान ज्ञात कीजिए -

(a) 7 (b) 9
(c) 8 (d) 6

उत्तर - (b) 9

व्याख्या - 11 की विभाज्यता का नियम संख्या के एकांतर अंकों के योग का अंतर या तो 0 या 11 का गुणज होना चाहिए
(जैसे 2343, 11 से विभाज्य है क्योंकि 2 - 3 + 4 - 3 = 0)
11 के विभाज्यता नियम के अनुसार,
65423547 x 46 11 से विभाज्य है
यदि 6 - 5 + 7 - 4 + 2 - 3 + 5 - 4 + 7 - x + 4 - 6 = 9 - x = 0
11 से विभाज्य है, इसीलिए x = 9

(20) यदि $0^o < A < 90^o$ है, तो $\frac{1}{\text{cosec A}-\cot A}-\frac{1}{\text{Sin A}}$ का मान ज्ञात कीजिए -

(a) sin A (b) cosA
(c) cot A (d) tan A

उत्तर - (c) cot A

व्याख्या - $\frac{1}{\text{cosec A}-\cot A}-\frac{1}{\sin A}$

$\Rightarrow \frac{1}{(\text{cosec A}-\cot A)}\times$

$\frac{(\text{cosec A}+\cot A)}{(\text{cosec A}+\cot A)}-\frac{1}{\sin A}$

$\Rightarrow \frac{(\text{cosec A}+\cot A)}{\text{cosec}^2\text{A}-\cot^2\text{A}}-\frac{1}{\sin A}$

$\Rightarrow$ cosec A + cot A - cosec A
[$\because \text{cosec}^2\text{A} - \cot^2\text{A} = 1$]

$\Rightarrow$ cot A

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

अर्थशास्त्र

1. मुद्रा की पूर्ति को जब किसी समय विशेष के संदर्भ में परिभाषित किया जाता है, तो वह क्या कहलाता है?
(अ) स्टॉक धारणा
(ब) प्रवाह धारणा
(स) अनुभवगम्य धारणा
(द) अनिश्चितता
उत्तर - (अ) स्टॉक धारणा

2. मौद्रिक नीति की दृष्टि से मुद्रा माप सम्बन्धी अधिक उपयुक्त दृष्टिकोण किसका है?
(अ) परम्परागत विचारधारा का
(ब) गुर्ले एण्ड शॉ का
(स) मौद्रिक विचारधारा का
(द) उपरोक्त सभी का
उत्तर - (स) मौद्रिक विचारधारा का
व्याख्या - मौद्रिक विचारधारा का, जिसके प्रवर्तक प्रो. कीन्स माने जाते हैं।

3. मुद्रा की पूर्ति में समय जमाओं को सम्मिलित किया जाता है?
(अ) परम्परागत दृष्टिकोण में
(ब) मौद्रिक दृष्टिकोण में
(स) उपरोक्त दोनों में
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) मौद्रिक दृष्टिकोण में

4. मुद्रा की पूर्ति बढ़ जायेगी यदि?
(अ) बैंक कोषों का स्तर बढ़ जाता है
(ब) आवश्यक प्रारक्षित अनुपात बढ़ जाता है
(स) उपरोक्त दोनों में
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) बैंक कोषों का स्तर बढ़ जाता है
व्याख्या - बैंकों के कोष बढ़ जाने से वे अधिक मात्रा में साख मुद्रा का निर्माण कर सकते हैं।

5. निम्न में से किस समिति ने उद्योग में लघु क्षेत्र के लिये वस्तुओं का आरक्षण समाप्त करने की सिफारिश की थी?
(अ) आबिद हुसैन समिति
(ब) चलैया समिति
(स) नरसिंहम् समिति
(द) रामस्वरूप समिति
उत्तर - (अ) आबिद हुसैन समिति

6. निम्न में से कौनसा वर्णन 'राष्ट्रीय आय' के विचार को निरूपित करता है?
(अ) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से मूल्य ह्रास और अप्रत्यक्ष करों को घटाकर, उपदान जोड़कर
(ब) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद, मूल्य ह्रास जोड़कर
(स) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद मूल्य ह्रास घटाकर, विदेश से प्राप्त निवल आय जोड़कर
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद में से मूल्य ह्रास और अप्रत्यक्ष करों को घटाकर, उपदान जोड़कर

7. रुपये की पूर्ण विनिमयता के लिये निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
(अ) अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं के साथ इसका मुक्त प्रवाह
(ब) इसके द्वारा किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा की ही भांति कार्य करना
(स) देश के भीतर और बाहर किसी निर्धारित स्थान पर अन्य मुद्राओं के साथ सीधा विनिमय करना
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) अन्य अंतर्राष्ट्रीय मुद्राओं के साथ इसका मुक्त प्रवाह

8. किसी देश की आर्थिक वृद्धि मापने का सबसे उपयुक्त मापदण्ड है?
(अ) सकल घरेलू उत्पाद
(ब) निवल राष्ट्रीय उत्पाद
(स) प्रति व्यक्ति आय
(द) चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय
उत्तर - (स) प्रति व्यक्ति आय
व्याख्या - प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि से आर्थिक संवृद्धि मापी जाती है।

9. निम्न में से कौनसी समिति वित्तीय क्षेत्र के सुधारों से संबंधित है?
(अ) चलैया समिति
(ब) नरसिंहम समिति
(स) भगवती समिति
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) नरसिंहम समिति

10. सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा अनाजों के सुरक्षित भंडार के निर्माण के लिये सरकार जिन कीमतों पर अनाज क्रय करती है - उसे कहते हैं?
(अ) वसूली कीमत
(ब) खुदरा कीमत
(स) थोक कीमत
(द) न्यूनतम समर्थन कीमत
उत्तर - (द) न्यूनतम समर्थन कीमत
व्याख्या - न्यूनतम समर्थन कीमतें सरकार प्रतिवर्ष अनाजों के लिये घोषित करती है, ताकि बाजार में कीमतें कम होने पर कृषकों को हानि न हो और सरकार का बफर स्टॉक भी बनता जाये।

11. सारंगी समिति का गठन किया गया था -
(अ) किसानों के ऋण संबंधित मुद्दों हेतु
(ब) किसानों की आय को दोगुनी करने हेतु
(स) भारतीय खाद्य निगम के पुनर्गठन हेतु
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) किसानों के ऋण संबंधित मुद्दों हेतु

12. लिमिटेड कम्पनी से क्या आशय होता है?
(अ) सरकारी स्वामित्व की कम्पनी
(ब) पंजीकृत कम्पनी
(स) जिसमें अंशधारकों का दायित्व उनकी चुकता पूंजी की सीमा तक सीमित हो
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (स)
व्याख्या - जिसमें अंशधारकों का दायित्व उनकी चुकता पूंजी की सीमा तक सीमित हो।

13. औद्योगिक क्रान्ति सबसे पहले किस देश में हुई?
(अ) फ्रांस
(ब) ब्रिटेन
(स) भारत
(द) जर्मनी
उत्तर - (ब) ब्रिटेन

14. स्थिर कीमतों की तुलना में चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय अधिक होती है, क्योंकि ?
(अ) कीमतों में वृद्धि उत्पादन में वृद्धि के बराबर है
(ब) कीमतों में वृद्धि उत्पादन में वृद्धि से अधिक है
(स) कीमतों में वृद्धि उत्पादन में वृद्धि से कम है
(द) उपरोक्त में से कोई भी नहीं
उत्तर - (स) कीमतों में वृद्धि उत्पादन में वृद्धि से कम है
व्याख्या - कीमतों में वृद्धि उत्पादन में वृद्धि से कम होने पर चालू कीमतों पर राष्ट्रीय आय अधिक होगी।

15. राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना कौनसी समिति की सिफारिश के आधार पर की गई थी?
(अ) लोक लेखा समिति
(ब) शिवारमन समिति
(स) नरसिंहम् समिति
(द) चलैया समिति
उत्तर - (ब) शिवारमन समिति

16. भुगतान संतुलन के विपरीत होने की दशा में निम्नलिखित में से कौनसा उपाय अपनाया जाता है?
(अ) अवमूल्यन
(ब) अधिमूल्यन
(स) अतिमूल्यन
(द) मुद्रास्फीति
उत्तर - (अ) अवमूल्यन

17. मुद्रास्फीति की अवस्था में?
(अ) कुल आपूर्ति, कुल मांग के बराबर होती है
(ब) कुल आपूर्ति कुल मांग से कम होती है
(स) कुल आपूर्ति कुल मांग से ज्यादा होती है
(द) कुल आपूर्ति कुल मांग में कोई संबंध नहीं होता है
उत्तर - (ब) कुल आपूर्ति कुल मांग से कम होती है
व्याख्या - कुल आपूर्ति मांग से कम होने के कारण वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं

18. मुद्रा स्फीति को इनमें से किसके द्वारा रोका जा सकता है?
(अ) बचत के बजट के द्वारा
(ब) प्रत्यक्ष कराधान में वृद्धि करके
(स) सरकारी व्यय में कटौती करके
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

19. जन्म दर व मृत्यु दर की गणना सामान्यतः की जाती है?
(अ) प्रति 100 व्यक्तियों पर
(ब) प्रति 1000 व्यक्तियों पर
(स) प्रति 10000 व्यक्तियों पर
(द) निश्चित नहीं
उत्तर - (ब) प्रति 1000 व्यक्तियों पर

20. बैंकिंग नियमन अधिनियम के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक वैधानिक तरलता अनुपात को अधिकतम कितने प्रतिशत तक निर्धारित कर सकता है?
(अ) 40
(ब) 50
(स) 60
(द) 70
उत्तर - (अ) 40

21. भारतीय रिज़र्व बैंक के नये मौद्रिक समूहों में से किसे हटा दिया गया है?
(अ) m_1
(ब) m_2
(स) m_3
(द) m_4
उत्तर - (द) m_4

22. भारत में मुद्रा पूर्ति की सबसे तरल माप क्या है?
(अ) m_1
(ब) m_2
(स) m_3
(द) m_4
उत्तर - (अ) m_1

23. भारत में मुद्रा स्फीति ज्ञात करने के लिये कौनसे सूचकांक का प्रयोग किया जाता है?
(अ) थोक मूल्य सूचकांक
(ब) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(स) उत्पादन मूल्य सूचकांक
(द) रिटेल मूल्य सूचकांक
उत्तर - (अ) थोक मूल्य सूचकांक

24. भारत में कर्मचारियों के महंगाई भत्ते के निर्धारण का आधार कौनसा सूचकांक होता है?
(अ) थोक मूल्य सूचकांक
(ब) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
(स) उत्पादन मूल्य सूचकांक
(द) रिटेल मूल्य सूचकांक
उत्तर - (ब) उपभोक्ता मूल्य सूचकांक

25. विश्व बैंक किस अवधि के ऋण देता है?
(अ) अल्पकालीन
(ब) मध्यकालीन
(स) दीर्घकालीन
(द) उपरोक्त में से कोई भी
उत्तर - (स) दीर्घकालीन
व्याख्या - विश्व बैंक अपने सदस्य देशों को आर्थिक विकास करने के लिये दीर्घकालीन ऋण प्रदान करता है।

26. भारत को विदेशी सहायता किन संगठन/संगठनों से प्राप्त होती है?
(अ) भारत सहायता संघ
(ब) विश्व बैंक
(स) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

27. भारतीय रुपये का सर्वप्रथम अवमूल्यन कब किया गया था?
(अ) 1949 (ब) 1966
(स) 1980 (द) 2016
उत्तर - (अ) 1949

28. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश की राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के लिये राष्ट्रीय आय समिति का गठन कब किया गया था?
(अ) 4 अगस्त 1956
(ब) 4 अगस्त 1949
(स) 15 अगस्त 1947
(द) 26 जनवरी 1950
उत्तर - (ब) 4 अगस्त 1949

29. वर्तमान में भारत में निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र राष्ट्रीय आय में सर्वाधिक योगदान दे रहा है?
(अ) कृषि
(ब) उद्योग
(स) सेवा
(द) निर्यात
उत्तर - (स) सेवा

30. अमर्त्य सेन का निर्धनता सूचकांक किससे संबंधित है?
(अ) निर्धनों में सर्वाधिक निर्धन
(ब) निर्धनों में आय वितरण
(स) निर्धनता रेखा से नीचे व्यक्तियों की संख्या
(द) निर्धनों का रोज़गार में प्रतिशत
उत्तर - (ब) निर्धनों में आय वितरण

31. भारत की राष्ट्रीय आय में वर्तमान में सबसे कम किस क्षेत्र का योगदान है?
(अ) कृषि
(ब) उद्योग
(स) सेवा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (अ) कृषि

32. वह दर जिस पर व्यापारिक बैंक केन्द्रीय बैंक से अल्पकालीन उधारियां प्राप्त करते हैं, कहलाती है?
(अ) ब्याज दर
(ब) बैंक दर
(स) रेपो दर
(द) रिवर्स रेपो दर
उत्तर - (स) रेपो दर

33. हरित क्रान्ति से कौनसी फसल को लाभ हुआ?
(अ) गेहूं
(ब) चावल
(स) मोटा अनाज
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) गेहूं

34. अल्पविकसित देश के लिये कौनसा कथन सत्य है?
(अ) तकनीकी द्वैतवाद
(ब) निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता
(स) प्रतिव्यक्ति कम पूंजी अनुपात
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

35. आर्थिक विकास की गति को तीव्र करने के लिये क्या आवश्यक है?
(अ) पर्याप्त पूंजी
(ब) जनसंख्या पर नियंत्रण
(स) कुशल प्रबंध
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

कल्पना शक्ति की ताकत अतुलनीय होती है, आप उसका इस्तेमाल करना सीखें – जॉन बोन जोवी

खेलचर्चा

अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल हुए नितिन मेनन

दुबई, भारत के युवा अंपायर नितिन मेनन को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंपायरों के एलीट पैनल में शामिल किया है। इस पैनल में जगह बनाने वाले नितिन तीसरे भारतीय हैं। आईसीसी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि नितिन मेनन को वर्ष 2020-21 सत्र के लिए एलीट पैनल में शामिल किया गया है। इस पैनल में नितिन इंग्लैंड के नाइजेल लॉन्ग की जगह लेंगे। लॉन्ग को खराब अंपायरिंग के कारण हटाया गया है। सितंबर 2018 के बाद से लॉन्ग के 36 प्रतिशत निर्णय डीआरएस के कारण रद्द हो गए थे। आईसीसी एलीट अंपायर पैनल में नितिन से पहले श्रीनिवास वेंकटराघवन और सुंदरम रवि भी जगह बना चुके हैं।

शशांक मनोहर ने आईसीसी अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

दुबई, आईसीसी के अध्यक्ष शशांक मनोहर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मनोहर पिछले पांच वर्षों से इस पद पर थे।

शशांक मनोहर की जगह उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा को आईसीसी का अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया है। ख्वाजा नया अध्यक्ष चुने जाने तक यह जिम्मेदारी संभालेंगे। उल्लेखनीय है कि शशांक मनोहर वर्ष 2008 से 2011 तक बीसीसीआई के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

अगस्त से पहले शुरू नहीं होगा भारतीय क्रिकेट टीम का कैंप

मुंबई, बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण भारतीय क्रिकेट टीम का कैंप अगस्त से पहले शुरू नहीं होगा। हालांकि सरकार की अनुमति के बाद खिलाड़ियों ने मैदान पर अभ्यास करना शुरू कर दिया है। सौरव गांगुली के बयान के बाद भारत में क्रिकेट के जल्द शुरू होने की अटकलें खत्म हो गई हैं।

डस्टिन जॉनसन ने जीती ट्रेवलर्स गोल्फ चैम्पियनशिप

क्रोमवेल, अमेरिका के पेशेवर गोल्फर डस्टिन जॉनसन ने ट्रेवलर्स गोल्फ चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। जॉनसन ने लंबे समय बाद खिताबी सूखा खत्म किया है। यह टूर्नामेंट बेहद रोमांचक रहा। विजेता का फैसला अंतिम समय में हुआ। जॉनसन ने अंतिम समय में 3 अंडर 67 स्कोर के साथ केविन स्ट्रीलमैन को एक स्ट्रोक से हराया। जॉनसन अब तक 21 पीजीए और 7 यूरोपियन टूर खिताब जीता चुके हैं।

डेविस कप और फेड कप फाइनल्स वर्ष 2021 तक स्थगित

लंदन, कोरोना महामारी के कारण टेनिस के प्रतिष्ठित टूर्नामेंट डेविस कप और फेड कप फाइनल्स एक वर्ष के लिए स्थगित किए गए हैं। यह जानकारी इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन ने दी। डेविस कप फाइनल्स के मुकाबले इस वर्ष नवंबर में आयोजित होने थे, अब ये मुकाबले 22 नवंबर 2021 से खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के वेन्यू में किसी तरह का बदलाव नहीं किया गया है। वहीं महिलाओं का टूर्नामेंट फेड कप के फाइनल मुकाबले अब 13 से 18 अप्रैल 2021 तक आयोजित होंगे।

रविन्द्र जडेजा

इक्कीसवीं सदी में भारत के सबसे मूल्यवान टेस्ट क्रिकेटर

लंदन, भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को विज्डन पत्रिका ने 21वीं सदी में भारत का सबसे मूल्यवान टेस्ट क्रिकेटर चुना है। इसके अलावा विज्डन द्वारा जारी 21वीं सदी की सबसे मूल्यवान टेस्ट खिलाड़ियों की वैश्विक सूची में उन्हें दूसरा स्थान मिला है। इस सूची में पहला स्थान श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने हासिल किया है। टेस्ट सूची में भारत के रविचंद्रन अश्विन आठवें स्थान पर काबिज हैं। जडेजा और अश्विन की जोड़ी टेस्ट क्रिकेट में पिछले कई वर्षों से शानदार प्रदर्शन कर रही है।

विज्डन ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के लिए क्रिकविज का इस्तेमाल किया है। क्रिकविज के फ्रेडी विल्डे ने बताया कि स्पिन गेंदबाज रविन्द्र जडेजा भारत के नंबर वन खिलाड़ी हैं। जडेजा हमेशा टेस्ट टीम में नियमित रूप से चुने नहीं जाते हैं, लेकिन जब वह खेलते हैं तो फ्रंटलाइन गेंदबाज के रूप में खेलते हैं और नंबर 6 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज की भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा फील्डिंग में जडेजा पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं। वे मैच के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी भूमिका बखूबी निभाते हैं। इसके अलावा रविन्द्र जडेजा वन-डे और ट्वेंटी-20 क्रिकेट में भी टीम के लिए उपयोगी भूमिका निभाते हैं।

विल्डे ने बताया कि रविन्द्र जडेजा का टेस्ट में गेंदबाजी औसत 24.62 है, जो महान गेंदबाज शेन वॉर्न की तुलना में बेहतर है, जबकि जडेजा का बल्लेबाजी का औसत 35.26 है, जो शेन वॉटसन से बेहतर है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के औसत का अंतर 10.62 है जो इस सदी में किसी भी ऐसे खिलाड़ी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है, जिसने 1 हजार से ज्यादा रन तथा 150 विकेट लिए हैं।

रविन्द्र जडेजा भारत के फ्रंटलाइन ऑलराउंडर हैं। जडेजा ने 49 टेस्ट मैचों में 1869 रन बनाए हैं। इनमें 1 शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में 213 विकेट लिए हैं। इसके अलावा 165 वन-डे मैचों में जडेजा ने 36.57 की औसत से 187 विकेट लिए हैं और 2296 रन बनाए हैं। जडेजा ने 49 ट्वेंटी-20 मैचों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

जडेजा सबसे कम टेस्ट मैचों में 200 विकेट लेने वाले विश्व के पहले लेफ्ट आर्म गेंदबाज हैं। जडेजा ने 44 टेस्ट मैचों में यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पहले यह रिकॉर्ड रंगना हेराथ के नाम था। वहीं टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम मैचों में 200 विकेट लेने का ओवरऑल रिकॉर्ड स्पिनर यासिर शाह के नाम है।

न्यूजीलैंड बना रग्बी में विश्व चैम्पियन

डबलिन, कोरोना वायरस के कारण प्रभावित रग्बी सेवेंस विश्व सीरीज में न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमों ने बाजी मारते हुए खिताब अपने नाम किया है। विश्व रग्बी महासंघ ने कोरोना महामारी के कारण रग्बी सेवेंस विश्व सीरीज के बचे मुकाबले रद्द कर दिए थे। मुकाबले रद्द करते समय पुरुष और महिला दोनों वर्गों की अंक तालिका में न्यूजीलैंड की टीम शीर्ष पर थी, जिससे न्यूजीलैंड को दोनों वर्गों का चैम्पियन घोषित किया गया है। न्यूजीलैंड ने पुरुष वर्ग में रिकॉर्ड 13वीं बार यह टूर्नामेंट जीता है।

मारियो गोमेज ने फुटबॉल को कहा अलविदा

स्टुटगार्ट, जर्मनी के दिग्गज स्ट्राइकर मारियो गोमेज ने फुटबॉल जगत को अलविदा कह दिया है। गोमेज ने बुंदेसलीगा में अपनी टीम स्टुटगार्ट को अंक तालिका में दूसरा स्थान दिलाया है। गोमेज ने जर्मनी के लिए वर्ष 2007 से 2018 तक 78 मैच खेले हैं और 31 गोल किए हैं। गोमेज वर्ष 2010 के फीफा विश्वकप में तीसरा स्थान हासिल करने वाली जर्मनी टीम के सदस्य थे। हालांकि वे चोट के कारण वर्ष 2014 में फीफा विश्वकप जीतने वाली टीम के सदस्य नहीं बन पाए थे। गोमेज ने क्लब कैरियर का आगाज स्टुटगार्ट से किया था और अंत भी इस क्लब के साथ किया है।

ट्वेंटी-20 चैम्पियंस लीग की फिर हो सकती है वापसी

नई दिल्ली, मौजूदा दौर में क्रिकेट के सबसे लोकप्रिय प्रारूप ट्वेंटी-20 का वैश्विक प्रोफेशनल टूर्नामेंट चैम्पियंस लीग की एक बार फिर वापसी हो सकती है। आईपीएल के तर्ज पर विश्व के कई देशों के क्रिकेट बोर्ड्स ने मिलकर इसकी नींव रखी थी।

यह लीग वर्ष 2009 में शुरू हुई थी और 2014 में इसका आखिरी संस्करण खेला गया था। लेकिन ब्रॉडकास्टिंग इश्यू और दर्शकों के बीच लोकप्रियता की कमी के कारण इसका आयोजन बंद कर दिया गया था। अब फिर से इस लीग को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। भारत, इंग्लैंड, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट क्लब इसे दोबारा शुरू करने के पक्ष में हैं।

इंग्लैंड के क्लब सरे के चीफ एक्जीक्यूटिव रिचर्ड गाउल्ड ने कहा कि हम चैम्पियंस लीग की वापसी से खुश होंगे। उन्होंने कहा कि भले ही इसका कमर्शियल मॉडल वर्क नहीं कर रहा है, लेकिन हम सभी मिलकर फिर से इसे आयोजित कराने को तैयार हैं। ये क्लब क्रिकेट की वापसी जैसा है। ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग की टीम मेलबर्न के हेड निक कमिंस ने कहा कि चैम्पियंस लीग एक अच्छा विचार है।

इस टूर्नामेंट में विश्व के विभिन्न देशों की घरेलू लीगों की टीमें वैश्विक रूप से एक मंच पर खेलेंगी। भारत की चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस 2-2 बार यह लीग जीत चुकी हैं, वहीं ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स ब्लूज तथा सिडनी सिक्सर्स 1-1 बार विजेता बनी हैं।

क्लेयर कोनोर बनेंगी एमसीसी की पहली महिला अध्यक्ष

लंदन, इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान क्लेयर कोनोर क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की अगली अध्यक्ष होंगी। एमसीसी के 233 वर्ष पुराने इतिहास में क्लेयर पहली महिला अध्यक्ष होंगी। क्लेयर श्रीलंका के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर कुमार संगाकारा की जगह लेंगी। एमसीसी की वार्षिक बैठक में क्लेयर के अगले अध्यक्ष बनने की घोषणा कुमार संगाकारा ने की।

कुमार संगाकारा का कार्यकाल इस वर्ष समाप्त होना था, लेकिन वैश्विक महामारी कोरोना के चलते उनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है। क्लेयर कोनोर अक्टूबर 2021 में एमसीसी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगी। कोनोर ने कहा कि मैं एमसीसी के अगले अध्यक्ष पद के लिए नामित किए जाने पर बहुत खुश हूं। क्रिकेट ने मुझे बहुत दिया है और यह सम्मान मेरे लिए बड़ी बात है।

क्लेयर कोनोर ने 19 जुलाई 1995 को डेनमार्क के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था। कोनोर ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कैरियर में 16 टेस्ट, 93 वन-डे और 2 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। कोनोर वर्ष 2005 में एशेज जीतने वाली इंग्लिश महिला क्रिकेट टीम की कप्तान थी। कोनोर की पहचान ऑलराउंडर के रूप में की जाती है। उन्होंने 1600 से ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय रन तथा 104 अंतर्राष्ट्रीय विकेट लिए हैं।

लिवरपूल

इंग्लिश प्रीमियर लीग का जीता खिताब

लंदन, इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का खिताब अपने नाम किया है। लिवरपूल ने 30 साल के बाद यह खिताब जीता है। इससे पहले लिवरपूल ने वर्ष 1990 में यह खिताब जीता था।

कोरोना महामारी के कारण प्रीमियर लीग के शेष मुकाबले मार्च में रोक दिए गये थे। 17 जून से प्रीमियर लीग के मुकाबले फिर शुरू हुये। टूर्नामेंट में चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के मैच के बाद लिवरपूल का विजेता बनना तय हो गया था। इस मैच में चेल्सी ने मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हरा दिया।

इस मैच के बाद लिवरपूल ने अंक तालिका में पहला स्थान सुनिश्चित कर लिया है। लिवरपूल ने इस सत्र में 31 मैचों में 28 जीत के साथ 86 अंक अर्जित किए हैं। इस सत्र में लिवरपूल के 7 मुकाबले शेष हैं। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मैनचेस्टर सिटी काबिज है। मैनचेस्टर सिटी के 31 मैचों में 63 अंक हैं। लिवरपूल और मैनचेस्टर सिटी के बीच 23 अंकों का फासला है। लीग में दोनों टीमों के 7-7 मैच शेष हैं।

इंग्लिश प्रीमियर लीग की शुरुआत वर्ष 1888 में इंग्लिश फुटबॉल लीग के नाम से हुई थी। वर्ष 1892 में इस लीग का नाम बदलकर फुटबॉल लीग फर्स्ट डिविजन कर दिया गया था। वर्ष 1992 में इसे इंग्लिश प्रीमियर लीग नाम दिया गया। इंग्लिश प्रीमियर लीग की शुरुआत के बाद यह पहला अवसर है, जब किसी टीम ने यह खिताब 7 मैच शेष रहते जीता है।

- **लिवरपूल ने कुल 19 बार यह खिताब अपने नाम किया है।**
- **सबसे ज्यादा बार इंग्लिश प्रीमियर लीग जीतने का रिकॉर्ड मैनचेस्टर यूनाइटेड के नाम है (20 बार)**
- **लिवरपूल ने चैम्पियंस लीग ग्रुप स्टेज के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।**

फीफा ने कोरोना रिलीफ फंड के लिए जारी की राशि

ज्यूरिख, विश्व में फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा ने कोरोना महामारी को देखते हुए रिलीफ फंड के तौर पर 11 हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। इस रिलीफ फंड से फीफा के 211 सदस्य देशों को 7.5-7.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसके अलावा फीफा ने वित्तीय परेशानियों से जूझ रहे छह उपमहाद्वीपीय फुटबॉल संघों को 15-15 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इसके अलावा फीफा ने कहा कि सभी सदस्य देश अपने रेवेन्यू की 35 प्रतिशत राशि बिना ब्याज के लोन के तौर पर ले सकते हैं। सदस्य देश न्यूनतम 9 करोड़ रुपये तथा अधिकतम 38 करोड़ रुपये का लोन ले सकते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

जी-7 शिखर सम्मेलन दक्षिण कोरिया को बुलाने पर जापान ने जताई आपत्ति

जापान ने आगामी जी-7 शिखर सम्मेलन में दक्षिण कोरिया को आमंत्रित किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की है। उसने अमेरिका के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि चीन और दक्षिण कोरिया के अड़ियल रवैये का जापान सख्त विरोध करता है। ज्ञात रहे कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गत् 30 मई को जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस, ऑस्ट्रेलिया और भारत के साथ दक्षिण कोरिया को भी आमंत्रित किये जाने का प्रस्ताव दिया था। पहले यह सम्मेलन जून माह में होने वाला था, लेकिन अब इसे सितंबर तक टाल दिया गया है।

प्रधानमंत्री का राष्ट्र को संबोधन

सभी देशवासी लॉकडाउन की तरह गंभीरता से नियमों का करें पालन

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार।
- 80 करोड़ से अधिक लोगों के परिवार के प्रत्येक सदस्य होंगे लाभांवित।
- प्रति माह प्रति परिवार प्रदान किया जाएगा 1 किलोग्राम साबुत चने के साथ 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं/चावल।
- सरकार योजना के विस्तार की दिशा में 90,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 30 जून को राष्ट्र को संबोधित किया और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का नवंबर के अंत तक विस्तार करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि नियमों का उसी गंभीरता के साथ पालन करने की आवश्यकता है जैसे लॉकडाउन के दौरान किया गया। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को भोजन का प्रावधान देश की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। जैसे ही लॉकडाउन की घोषणा की गई, सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना लाई, जिसके अंतर्गत गरीबों के लिए 1.75 लाख करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की गई।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में लगभग 20 करोड़ गरीब परिवारों के जन-धन खातों में 31,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। 18,000 करोड़ रुपये 9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में हस्तांतरित किए गए हैं और 50,000 करोड़ रुपये पीएम गरीब कल्याण रोज़गार अभियान पर खर्च किए जा रहे हैं, जिसे रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए शुरू किया गया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने घोषणा की कि इस समय के दौरान आवश्यकताओं के साथ-साथ व्यय में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का दीपावली और छठ पूजा तक विस्तार करने का निर्णय किया है, अर्थात यह योजना जुलाई से नवंबर के अंत तक लागू रहेगी। इस पांच महीने की अवधि के दौरान, 80 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति माह 5 किलो मुफ्त गेहूं/चावल उपलब्ध कराया जाएगा। परिवार के प्रत्येक सदस्य को 5 किग्रा मुफ्त चावल/गेहूं प्रदान करने के साथ, प्रत्येक परिवार को प्रति माह 1 किग्रा मुफ्त चना भी प्रदान किया जाएगा।

मेक्सिको ड्रग रिहैब सेंटर पर हुआ हमला

मेक्सिको के एक नशा मुक्ति केन्द्र में बंदूकधारियों ने गोलियां चलाकर तूफानी हमला किया। इस हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात घायल हो गये। इससे पहले जून, 2020 में भी बंदूकधारियों ने गोलियां चलाकर 10 लोगों की हत्या कर दी थी। राष्ट्रपति एंड्रेस मेनुअल लोपेज ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कार्रवाई के लिए कहा है।

- मेक्सिको के इरापुआटो शहर में बंदूकधारियों ने हमला किया।
- एक महीने के दौरान इरापुआटो में यह इस तरह का दूसरा हमला है।

ज्ञात रहे कि अमेरिका की सीमा से सटे इस देश को ड्रग तस्करों का स्वर्ग कहा जाता है। यहां से भारी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी अमेरिका सहित दुनिया के कई अन्य देशों में की जाती है।

मेधा राज

भारतवंशी ने संभाली अमेरिका में वर्चुअल कैम्पेन की कमान

भारतीय मूल की अमेरिकी मेधा राज को डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बिडेन के चुनाव कैम्पेन में डिजिटल प्रचार प्रमुख बनाया गया है।

ज्ञात रहे कि भारतीय मूल के अमेरिकियों ने ट्रम्प के प्रचार के लिए बनाई गई समिति का गठन किया है, जो ट्रम्प के लिए सक्रियता से प्रचार करेगी। इस समिति के प्रचार-प्रसार को कमतर करने के लिए मेधा राज की सेवाएं जो बिडेन समूह ने ली हैं। उनका काम दोनों समूह (ट्रम्प और बिडेन) के प्रचार को परीक्षण कर बिडेन के लिए प्रभावी अभियान बनाना है। मेधा पहले पीट बुटीगीग के चुनाव प्रचार अभियान से जुड़ी रही हैं। मेधा ने इंटरनेशनल पॉलिटिक्स में जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट और स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए किया है।

संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र के मसौदे में बदलाव

भारत सहित 6 देशों की आपत्ति के बाद बदला वाक्यांश

संयुक्त राष्ट्र की 75वीं सालगिरह पर घोषणा-पत्र के मसौदे में भारत और फाइव आइज की आपत्ति के बाद एक वाक्यांश बदला गया है। माना जा रहा है कि यह वाक्यांश चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा इस्तेमाल किए गए एक वाक्यांश जैसा है। यूएन महासभा अध्यक्ष तिजानी मोहम्मद बंदे ने सदस्य देशों की मौन प्रक्रिया के तहत् घोषणा-पत्र का मसौदा जारी किया था। यूएन के अनुसार फाइव आइज ग्रुप यूके, यूएस, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और कनाडा सहित भारत की ओर से ब्रिटेन के कार्यकारी राजदूत जोनाथन एलेन ने 24 जून को मौन प्रक्रिया तोड़ी थी।

आपत्ति वाला वाक्यांश	बदलाव वाला वाक्यांश
'एक साझा भविष्य की खातिर हमारी साझा दृष्टि का एहसास करने के लिये'।	यूएन चार्टर की प्रस्तावना में जैसा उल्लिखित है, उसके अनुरूप 'बेहतर भविष्य के लिए हमारी साझा दृष्टि को साकार करने के लिए'।

व्लादिमीर पुतिन वर्ष 2036 तक रूस के राष्ट्रपति बने रहेंगे

- पुतिन रूस की सत्ता में साल 2000 में आये थे।
- उन्हें 6-6 साल के दो और कार्यकाल मिलेंगे।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अब 2036 तक पद पर बने रहेंगे। पुतिन को 2036 तक पद पर बने रहने का प्रावधान करने वाले संविधान संशोधन पर देश के लगभग 78 प्रतिशत मतदाताओं ने मुहर लगा दी है। दरअसल दो दशक से रूस पर शासन कर रहे पुतिन का कार्यकाल 2024 में समाप्त होने वाला था। गौरतलब है कि रूस में राष्ट्रपति का कार्यकाल छह साल का होता है।

दुनिया के ठंडे क्षेत्र साइबेरिया के जंगलों में फैली आग

दुनिया के सबसे ठंडे क्षेत्र साइबेरिया के जंगलों में विगत् दिनों अचानक बहुत सारे क्षेत्र में आग की लपटें देखी गयीं। यहां आग लगने की वजह अचानक बढ़ी गर्मी को माना जा रहा है। क्योंकि 20 जून को साइबेरिया के एक प्रांत में वहां के इतिहास का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया है।

- यहां तापमान माइनस 68 डिग्री तक रहता है, जो गिनीज बुक में भी दर्ज है।
- इससे पहले 1988 में यहां का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

वैज्ञानिकों के अनुसार इस आग, गर्मी और हीटवेव की वजह से आर्कटिक सर्किल के कई इलाकों में कार्बन डाईऑक्साइड की मात्रा बढ़ गई है।

वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने के लिए शुरू हुई 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना

देश में वैज्ञानिक शोध की गति को तेज करने और विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करने वाले मानव संसाधन को तैयार करने केउद्देश्य से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के सांविधिक निकाय विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) द्वारा 'एक्सीलेरेट विज्ञान' योजना की शुरुआत की गई है।

यह योजना विज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के इच्छुक छात्रों को रिसर्च इंटर्नशिप, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं से संबंधित एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

इस योजना के 'अभ्यास' घटक के अंतर्गत शीतकालीन सत्र के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इससे संबंधित जानकारी के लिए एक वेब पोर्टल भी शुरू किया गया है। एक अंतर-मंत्रालयी कार्यक्रम के रूप में 'एक्सीलेरेट विज्ञान' की शुरुआत यह मानते हुए की गई है कि अनुसंधान की गुणवत्ता उससे जुड़े प्रशिक्षित अनुसंधानकर्ताओं के विकास पर आधारित होती है।

यह योजना अनुसंधान की संभावनाओं, परामर्श, प्रशिक्षण और व्यावहारिक कार्य प्रशिक्षण की पहचान करने की कार्यविधि को सुदृढ़ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करेगी।

चीन ने

विवादित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को दी मंजूरी

चीन ने हांगकांग के लिए विवादित राष्ट्रीय सुरक्षा कानून को मंजूरी दे दी है। चीन के इस कदम की अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों ने निंदा की है।

- अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन आदि देशों ने इस कानून का विरोध किया।
- यह कानून 1 जुलाई से हांगकांग में प्रभावी हो गया।

विशेषज्ञों का कहना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने के बाद हांगकांग की सुरक्षा खतरे में आ जायेगी। हांगकांग के लोगों का मानना है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, देश के स्वामित्व का आधार है। इसमें छेड़छाड़ करने से उनके मौलिक अधिकारों का हनन होगा। इस कानून के खिलाफ वैश्विक स्तर पर हो रही आलोचना पर चीन का कहना है कि हांगकांग का राष्ट्रीय सुरक्षा कानून चीन का आंतरिक मामला है।

ब्रिटेन

हांगकांग निवासियों को देगा नागरिकता

ब्रिटेन ने घोषणा की है कि वो हांगकांग के नागरिकों को अपने देश की नागरिकता प्रदान करेगा।

- हांगकांग में 1997 तक ब्रिटिश शासन था।
- प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि चीन ने नए कानून के जरिए हांगकांग की स्वतंत्रता का उल्लंघन किया है।
- ब्रिटिश नेशनल ओवरसीज स्टेटस के जरिये दी जायेगी ब्रिटिश नागरिकता।

चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के जवाब में ब्रिटेन ने यह कदम उठाया है। इस कानून के लागू होने के दिन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा कि हम ब्रिटिश नेशनल ओवरसीज स्टेटस के जरिए ब्रिटिश नागरिकता देंगे। ज्ञात रहे कि हांगकांग के लगभग 3 लाख 50 हजार लोगों को पहले ही ब्रिटेन की नागरिकता प्राप्त है, जबकि शेष 26 लाख अन्य लोग भी इस कानून के तहत नागरिकता पाने के हकदार हैं।

गौरतलब है कि ब्रिटेन ने ब्रिटिश नेशनल ओवरसीज पासपोर्ट धारकों को 1980 के दशक में विशेष दर्जा दिया था, लेकिन अभी भी उनके अधिकार सीमित हैं। सरकारी योजनाओं के तहत ब्रिटेन के प्रवासी नागरिकों और उनके आश्रितों को यूके में रहने का अधिकार दिया जाएगा। इसमें उनके काम करने और पढ़ाई करने का अधिकार भी शामिल है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

हमसे पूछिये स्तंभ में 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं। इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

'रोज़गार और निर्माण' के हमसे पूछिये स्तंभ में प्रकाशित होने वाले सवाल-जवाब पाठकों की सुविधा के लिये हैं। समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों और पदों की अर्हताओं में बदलाव होते रहते हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुये विभिन्न कोर्स, संस्थान और अन्य संबंधित जानकारी के लिये कृपया संबंधित विभाग/संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय में संपर्क करें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश, पिनकोड-462 011

❍ **मध्यप्रदेश के सरकारी कॉलेजों में एमसीए कोर्स में प्रवेश कैसे होता है। क्या इस वर्ष कोई प्रवेश परीक्षा ली जाएगी?**

- मोनिका सरवूपारीण, बैतूल

● मध्यप्रदेश में एमसीए कोर्स में प्रवेश हेतु पहले पीईवी भोपाल के द्वारा प्रीएमसीए प्रवेश परीक्षा ली जाती रही है। लेकिन पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष 2020 में भी प्रीएमसीए प्रवेश परीक्षा होने की संभावना नहीं है। सरकारी कॉलेजों में एमसीए कोर्स में मैरिट के आधार पर प्रवेश होने की संभावना है। राजीव गांधी विश्व-विद्यालय से संबद्ध जिन इंजीनियरिंग कॉलेजों में एमसीए कोर्स संचालित है, वहां प्रवेश के लिए इस विश्व-विद्यालय के द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित हो सकती है।

❍ **N95 मास्क की क्या उपयोगिता है? इसे बनाने संबंधी जानकारी कहां से प्राप्त की जा सकती है?**

- शारदा शर्मा, पनवाड़ी

● कोरोना वायरस के खतरे से निपटने में N95 मास्क अत्यधिक प्रभावी हैं। ये

मास्क हवा में मौजूद लगभग 95 प्रतिशत कणों को रोकने में सक्षम हैं, इसलिए इसका नाम N95 पड़ा है। देश के लगभग सभी शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों में N95 मास्क का निर्माण हो रहा है। अतएव आप जिला उद्योग अधिकारियों या अपने समीपस्थ शहरों के उन उद्यमियों से संपर्क करके विस्तृत जानकारी जुटा सकती हैं, जो N95 मास्क बना रहे हैं।

❍ **हेरिटेज होटल की स्थापना कैसे होती है? इसकी स्थापना के लिए किस तरह की छूट मिलती है। कृपया जानकारी प्रदान करें?**

- सीता छब्बे, खंडवा

● देश भर में पर्यटन को बढ़ाने के लिए हेरिटेज होटल की अवधारणा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सामान्यतया वर्ष 1950 से पहले बनी इमारतों को अब हेरिटेज होटल में तब्दील करने की अनुमति दी जाती है। कई इलाकों में साल 1950 से पहले की इमारतें हैं। इनमें से कई खंडहर में बदलती जा रही हैं। ऐसी धरोहरों को बचाने के लिए ही पर्यटन नीति के तहत इन्हें हेरिटेज होटल में तब्दील करने की छूट दी गई है।

यदि हेरिटेज होटल की अनुमति मिलती है, तो विभिन्न राज्यों की नीति के अनुसार कई प्रकार की सुविधाएं और छूट प्राप्त होती हैं। इनमें प्रमुखतया -सुख-साधन कर में और मनोरंजन कर में छूट, निर्माण या विस्तार के लिए राष्ट्रीयकृत बैंक से ऋण लेने पर पूंजीगत व्यय पर अनुदान, गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों व जेनरेटर के लिए पूंजीगत खर्च पर अनुदान, स्थापना के लिए किसी भवन या उससे लगी जमीन खरीदने पर स्टांप शुल्क में छूट, विरासत संपत्तियों को हेरिटेज होटल में बदलने पर भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में छूट-ग्रामीण क्षेत्रों में पांच साल तक वार लाइसेंस शुल्क में छूट, बिजली की विशेष लाइन दिए जाने पर छूट।

उल्लेखनीय है कि पुरानी इमारत को हेरिटेज होटल में बदलने पर कम से कम इसके पांच साल तक संचालन की बाध्यता होती है। पर्यटन विभाग और एएसआई मिलकर तय करते हैं कि जिस इमारत का प्रस्ताव हेरिटेज होटल के लिए भेजा गया है, वह सच में हेरिटेज इमारत है या नहीं। इसके लिए कई विभागों से एनओसी मांगी जाती है और जिलाधिकारी से भी अनापत्ति पत्र भी मांगा जाता है। इसके बाद ही इमारत को हेरिटेज होटल में बदलने का प्रस्ताव पास हो पाता है।

❍ **ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकर्ता बनने संबंधी जानकारी दीजिए?**

- गौरी त्रिपाठी श्यामगढ़, सीहोर

● आशा कार्यकर्ता का पद केंद्र व राज्य सरकारों के स्वास्थ्य मंत्रालय या स्वास्थ्य विभाग के जिला स्वास्थ्य कार्यालयों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कार्यक्रम के अंतर्गत होता है। आशा वर्कर का पद लगभग सभी राज्यों में अस्थायी आधार पर होता है। आशा वर्कर का कार्य होता है कि वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम के अंतर्गत दी जा रही स्वास्थ्य से संबंधित सुविधाओं एवं लाभ आदि की पहुंच उन जरूरतमंदों तक पहुंचाए जिन्हें जानकारी और जागरूकता के आभाव में इनका लाभ नहीं मिल पाता। गांव एवं दूरस्थ इलाकों की महिलाओं एवं बच्चों को स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने एवं स्वास्थ्य से सम्बन्धित जागरूकता फैलाने में आशा वर्कर बहुत सक्रिय भूमिका निभाती हैं।

आशा कार्यकर्ता की भूमिका सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के स्थानीय स्तर पर क्रियान्वयन में बहुत महत्वपूर्ण होती है। इसलिए आशा कार्यकर्ता बनने के लिए कुछ विशेषताएँ जरूरी हैं। सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी, आम नागरिकों से समन्वय स्थापित करने में निपुणता और आपातकालीन या असामान्य स्थिति में अच्छे डॉक्टर के पास रेफर करने में सक्षमता जैसी योग्यताएँ होनी चाहिए।

आशा कार्यकर्ता बनने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवार को बोर्ड से मैट्रिक 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से जन स्वास्थ्य समस्याओं में प्रमाण पत्र रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाती है, साथ ही आशा कार्यकर्ता के लिए यह भी जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम का निवासी होना चाहिए, जहां आवेदन करना चाहती हैं। आशा कार्यकर्ता के चयन संबंधित विस्तृत जानकारी क्षेत्र के जिला स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

❍ **एमपी ऑनलाइन कियोस्क की स्थापना कैसे करें?**

- विलासराव त्रिपाठी, गुना

● एमपी ऑनलाइन लिमिटेड के द्वारा नागरिकों को ऑनलाइन सेवाएं मुहैया

कराने के लिए एक अनुबंध के तहत एमपी ऑनलाइन कियोस्क अधिकृत किया जाता है। कियोस्क स्थापित करने हेतु आवेदक की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष हो तथा शैक्षणिक योग्यता कम से कम हाईस्कूल उत्तीर्ण हो एवं कम्प्यूटर का व्यावहारिक ज्ञान होना अनिवार्य है। आवेदक के पास पैन कार्ड, आधार नं. तथा दुकान के पंजीयन संबंधी गुमाश्ता प्रमाण पत्र होना भी अनिवार्य है। सामान्यतः कियोस्क, दुकान/ऑफिस/इंटरनेट कैफे ही होता है, जिसमें कम्प्यूटर सेटअप यानी प्रिंटर, स्कैनर, इंटरनेट, बायोमेट्रिक्स डिवाइस आदि की सुविधा उपलब्ध होती है।

उल्लेखनीय है कि कियोस्क स्थापित करने हेतु आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करना होता है। आवेदन के उपरांत पंजीयन शुल्क का भुगतान करने के बाद अनुबंध प्रक्रिया पूर्ण करनी होती है। कियोस्क संचालकों द्वारा नागरिकों को ऑनलाइन सेवा मुहैया कराने पर प्रत्येक ऑनलाइन सेवा के लिए निर्धारित सेवा शुल्क प्रदान किया जाता है।

❍ **वर्ष 2020 की क्लैट परीक्षा कब आयोजित होगी ? क्या यह ऑनलाइन होगी? इसकी सफल रणनीतिक तैयारी कैसे की जाए?**

- रविंद्र गौड़, उज्जैन

● वर्ष 2020 की कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट यानी क्लैट 22 अगस्त को

आयोजित होगा। यह परीक्षा ऑनलाइन होगी। इस परीक्षा के आवेदन करने की आखरी तारीख 10 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इसमें कोई दोमत नहीं है कि यदि आप लॉ के क्षेत्र में अपना बेहतर कॅरियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए क्लैट परीक्षा में सफलता बहुत अहमियत रखती है। क्योंकि यह एक ऐसी परीक्षा है जिसमें सफल होने के बाद आप लॉ के क्षेत्र में बहुत ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि क्लैट परीक्षा का आयोजन देश की 22 नेशनल लॉ यूनिवर्सिटिज द्वारा रोटेशन के आधार पर प्रतिवर्ष किया जाता है।

गौरतलब है कि क्लैट परीक्षा क्लियर करने वाले अभ्यर्थियों का दाखिला देश की प्रतिष्ठित लॉ यूनिवर्सिटी में होता है। क्लैट परीक्षा के आधार पर पाँच वर्षीय बीए-एलएलबी कोर्स में प्रवेश मिलता है। देश के 25 से अधिक अन्य प्राइवेट लॉ स्कूलों में भी क्लैट के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिया जाता है। क्लैट परीक्षा 12वीं कक्षा के बाद दी जा सकती है। 12वीं कक्षा में उम्मीदवार के न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। जो उम्मीदवार 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं वह भी क्लैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

क्लैट परीक्षा का पैटर्न- क्लैट परीक्षा कुल 2 घंटे की होती है। परीक्षा में ऑब्जेक्टिव टाइप 150 प्रश्न पूछे जाते हैं और सभी प्रश्न 1-1 अंक के होते हैं परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी होती है। परीक्षा में करेंट अफेयर्स तथा जनरल नॉलेज, क्वांटिटेटिव टेक्निक्स, लॉजिकल रीजनिंग, लीगल रीजनिंग तथा इंग्लिश विषय से संबंधित ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जाते हैं। एग्जाम पेपर बेस्ड रहेगा।

कैसी हो तैयारी की रणनीति- स्टूडेंट्स में तनाव कम करने और उनके बीच स्वस्थ प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 2020 का पैटर्न बदल दिया है। क्लैट के नए पैटर्न में इंग्लिश, करेंट अफेयर्स आदि पर व्यापक सवाल पूछे जाएँगे। वर्बल सेक्शन में भी अब डायरेक्ट एंटोनिम और सिनोनिम की जगह डिडक्टिव रीडिंग और कॉम्प्रिहेंशन से जुड़े प्रश्न पूछे जाएँगे। क्वांटिटेटिव टेक्निक्स में डाटा इंटरप्रिटेशन से जुड़े प्रश्न पूछे जाएँगे। जनरल नॉलेज सेक्शन में पहले जहाँ जीके और करेंट अफेयर्स दोनों से जुड़े सवाल पूछे जाते थे, अब करेंट अफेयर्स पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। इससे स्टूडेंट्स अपनी परफॉर्मेंस का एनालिसिस कर पाएँगे।

वे युवा जो क्लैट परीक्षा के माध्यम से लॉ के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए जरूरी है कि वे परीक्षा की स्पष्ट रणनीति बनाएं और उसके अनुसार तैयारी करें। कैंडिडेट को सभी विषयों पर बराबर निगाह जमाए रखना चाहिए, विषयों का स्पष्ट विभाजन करके परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

करेंट अफेयर्स तथा जनरल नॉलेज- इस खंड में मुख्य रूप से करेंट अफेयर्स, साइंस, सोशल साइंस आदि से संबंधित ज्यादातर प्रश्न पूछे जाते हैं। अतः कैंडिडेट को इन सभी विषयों से संबंधित जानकारी होनी चाहिए। जनरल नॉलेज के प्रश्नों की तैयारी के लिए कैंडिडेट को फिजिक्स, केमेस्ट्री तथा जनरल साइंस का अच्छी तरह से अध्ययन करना चाहिए। उनसे जुड़ी प्रमुख इक्वेशन्स एवं केमिकल फार्मूलों को याद करने की आदत डालनी चाहिए। हिस्ट्री एवं ज्योग्राफी के प्रमुख तथ्यों को याद रखना चाहिए।

क्वांटिटेटिव टेक्निक्स- क्वांटिटेटिव टेक्निक्स के अंतर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों को हल करने के लिए आपको विषय की स्पष्ट समझ होनी चाहिए, क्योंकि क्वांटिटेटिव टेक्निक्स के प्रश्नों को फॉर्मूलों की जानकारी के आधार पर ही हल किया जा सकता है। फॉर्मूलों की जानकारी के अभाव में इस विषय के प्रश्नों को हल करना है। इस विषय के प्रश्नों को हल करते समय किसी चीज को रटने की बजाय उसे समझने की कोशिश करें।

इंग्लिश- इंग्लिश के प्रश्न इस प्रकार के होते हैं जिससे उम्मीदवार की इंग्लिश की समझ और शब्दों के कुशल प्रयोग का परीक्षण हो सके। इसके अंतर्गत ग्रामर और प्रयोग, विविध शब्द ज्ञान या शब्दावली, क्लाउज टेस्ट, पैराग्राफ स्ट्रक्चर, एंटोनिम, सिनोनिम से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इंग्लिश की तैयारी के लिए वर्ड पॉवर बढ़ाने पर हमेशा जोर डालना चाहिए, क्योंकि शब्द से ही वर्ड, वर्ड से सेंटेंस तथा सेंटेंस से पैराग्राफ बनता है। इंग्लिश न्यूज पेपर रोज पढ़ना चाहिए और कठिन शब्दों का संग्रह करना चाहिए। ग्रामर पर अपनी पकड़ मजबूत करनी चाहिए।

❍ **मैं 10वीं के बाद अब एग्रीकल्चर क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। मार्गदर्शन दें।**

- राधेश्याम अग्निहोत्री, हरदा

● जैसे-जैसे खेतों और किसानों तक नई टेक्नोलॉजी पहुंच रही है, वैसे-वैसे

एग्रीकल्चर सब्जेक्ट अच्छे कॅरियर का विकल्प बनता जा रहा है। कृषि क्षेत्र के विभिन्न कोर्स के बाद देश ही नहीं दुनिया में कॅरियर बनाया जा सकता है। अतएव यदि आपकी रुचि आधुनिक कृषि, फूड टेक्नोलॉजी, डेरी टेक्नोलॉजी, फूड इंजीनियरिंग, फिशरीज साइंस, फ्लोरीकल्चर, हॉर्टिकल्चर, वेटरनरी साइंस, एग्रीकल्चर रिसर्च जैसे विषयों में है तो आपके द्वारा 10वीं के बाद एग्रीकल्चर स्ट्रीम को चुना जाना उपयुक्त होगा। गौरतलब है कि 10वीं के बाद एग्रीकल्चर, फिजिक्स, केमेस्ट्री के अलावा फिजिक्स केमेस्ट्री और मैथ्स या फिजिक्स केमेस्ट्री और बायोलॉजी विषय समूह रखने वाले छात्र भी कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कॅरियर बना सकते हैं। कृषि के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए 12वीं के बाद राज्य स्तर प्रवेश परीक्षाओं के अलावा केंद्रीय स्तर पर अखिल भारतीय कृषि प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

एग्रीकल्चर में कॅरियर बनाने के लिए बारहवीं उत्तीर्ण छात्रों हेतु कई प्रमुख पाठ्यक्रम हैं। इनमें बीएससी इन एग्रोनॉमी, बीएससी इन एग्रीकल्चरल इकोनॉमी एंड फार्म मैनेजमेंट, बीएससी इन एग्रीकल्चरल मीटिओरोलॉजी, बीएससी इन एग्रीकल्चरल बायो टेक्नोलॉजी, बीएससी इन एग्रीकल्चरल स्टेटिस्टिक्स, बीएससी इन एग्रीकल्चरल मार्केटिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट, बीएससी इन बायो केमेस्ट्री एंड एग्रीकल्चरल केमेस्ट्री, बीएससी इन क्रॉप फिजियोलॉजी, बीएससी इन एनटोमोलॉजी, बीएससी ऑनर्स इन एग्रीकल्चर।

इस समय एग्रीकल्चर के क्षेत्र में कॅरियर की बेहतरीन संभावनाएँ हैं। आप 10वीं के बाद 11वीं और 12वीं की तैयारी के साथ-साथ 12वीं के बाद दी जाने वाली देश की विभिन्न कृषि प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करते हुए आगे बढ़ें। निश्चित रूप से आप एग्रीकल्चर के क्षेत्र में अच्छा कॅरियर बना पाएँगे।

❍ **मध्यप्रदेश में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी चयन संबंधी परीक्षा की जानकारी दीजिए।**

- रवि वेद, इटारसी

● मध्यप्रदेश में ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी परीक्षा प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल के द्वारा ली जाती रही है। समय-समय पर ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के पदों पर भर्ती संबंधी विज्ञापन प्रकाशित होते रहते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए peb.mp.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।